नई दिल्ली
सोमवार 8 जून 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 50
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 28

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# संदेश: भाईचारा तोड़ने वालों को उन्हीं का समाज सिखाए सबक: कैप्टन अभिमन्यु

## कैप्टन अभिमन्यु का शॉल ओढ़ाकर, नोटों की माला पहनाकर किया स्वागत

पलवल की जाट धर्मशाला में सर्व समाज भाईचारा कमेटी द्वारा आयोजित हुआ समारोह

माला में मिले 31 हजार रुपए समाज के कल्याण के लिए समर्पित कर दिए

बिजेन्द्र शर्मा ▶▶ फरीदाबाद

पलवल की जाट धर्मशाला में आयोजित भाईचारा स्नेह मिलन समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि कुछ लोगों को सत्ता जाने की तकलीफ थी, इसलिए उन्होंने वर्ष 2016 में हरियाणा को जलाने का काम किया। सत्ता से बेदखल होने के बाद उन्होंने युवाओं को भड़काकर समाज को तोड़ने का प्रयास किया। उस दौर के असली गुनहगार युवा नहीं, बल्कि वे लोग हैं जिन्होंने उन्हें भड़काया। उन्होंने युवाओं और समाज से आह्वान किया कि अतीत से सीख लें और ऐसी गलती दोबारा न दोहराएं, जिससे युवाओं का भविष्य खराब हो।



प्रदेश भर में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को मजबूत करने के संकल्प के साथ निकले पूर्व वित्त मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने 'दादा कान्हा' की तपोभूमि और ब्रज धरा पलवल में छत्तीस बिरादरी को एकजुटता का संदेश दिया। अवसर था पलवल की जाट धर्मशाला में सर्व समाज भाईचारा कमेटी द्वारा आयोजित भाईचारा स्नेह मिलन समारोह का, जिसमें कैप्टन अभिमन्यु ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। पलवल पहुंचने पर छत्तीस बिरादरी के प्रबुद्ध लोगों ने कैप्टन अभिमन्यु का शॉल ओढ़ाकर, नोटों की माला ▶▶ शेष पेज 7 पर



### घर जलाया फिर भी मुकदमे वापस कराए

वर्ष 2016 के आरक्षण आंदोलन की हिंसक घटनाओं को याद करते हुए उन्होंने कहा, कुछ भ्रमित युवाओं ने मेरा घर तक जला दिया था। इसके बावजूद, जब समाज के प्रबुद्ध जनों ने मुझे उन्हें माफ करने का आदेश दिया, तो मैंने सहर्ष समाज के सामने शीश नवाया। मैंने न केवल उन युवाओं पर दर्ज मुकदमे वापस करवाए, बल्कि उन्हें जेल से भी आजाद कराया।

### ब्रज की संस्कृति और हरियाणा के युवाओं के गौरव की सराहना

पलवल की पावन धरा पर कैप्टन अभिमन्यु पूरी तरह ब्रज की अनूठी संस्कृति में रंगे नजर आए। उन्होंने ठेठ ब्रज भाषा में राधे-राधे और राम-राम कहकर उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल का मैदान हो या देश की सीमा, हरियाणा के युवा हमेशा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर देश के लिए प्रेरणास्रोत बनते हैं। उन्होंने गर्व के साथ उल्लेख किया कि हरियाणा के युवा शिक्षा के क्षेत्र में भी नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। वर्ष 2025-26 की आईआईटी, आईआईएम, जेईई और नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में यहाँ के छात्र अव्वल रहे हैं। इसके साथ ही, देश की न्यायपालिका और रक्षा क्षेत्र में भी हरियाणा का दबदबा है, वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस, कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (कोंडल से ताल्लुक रखने वाले श्री तेवतिया) और देश के नौसेना प्रमुख भी इसी पावन धरा और पलवल क्षेत्र से संबंध रखते हैं।

### सत्ता और समाज के बीच समन्वय की आवश्यकता

सत्ता व समाज के अंतर्संबंधों पर बल देते हुए पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि समाज को हमेशा सत्ता के खिलाफ टकराव का रास्ता नहीं चुनना चाहिए। यदि सरकार समाज के हित में कार्य कर रही है, तो समाज को उसका सहयोग करना चाहिए और यदि वह जनविरोधी नीतियां अपनाती है, तो उसका पुरजोर विरोध किया जाना चाहिए। उन्होंने अपनी मंशा साफ करते हुए कहा, मेरा एकमात्र उद्देश्य यह है कि समाज के सभी वर्ग हमारी हजारों साल पुरानी गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए आपसी भाईचारे की डोर को अटूट बनाए रखें।


### खेल मंत्री गौरव गौतम और पूर्व विधायक डागर का मिला साथ

प्रदेश के खेल एवं युवा मामलों के मंत्री गौरव गौतम ने इस मुहिम को एक नेक और अनुकरणीय कार्य बताते हुए कहा कि सभी को खुले दिल से इसका स्वागत करना चाहिए। उन्होंने आत्मीयता से कहा, मैं तो कैप्टन अभिमन्यु के होर्डिंग्स देख-देखकर ही बड़ा हुआ हूँ और आज उनके इस सामाजिक सरोकार का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूँ। वहीं, हथीन विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रवीण डागर ने भी कैप्टन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा, कैप्टन अभिमन्यु का परिवार समाज सेवा के लिए समर्पित रहा है। जिस परिवार ने अपने घर को जलाने वालों को भी बड़े दिल से माफ कर दिया, वह कभी किसी का अहित सोच भी नहीं सकता। भाईचारे की इस अलख में हम सदैव उनके साथ हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### इंस्टाग्राम प्लस चलाने के लिए अब देने होंगे पैसे?



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मेटा ने इंस्टाग्राम यूजर्स के लिए एक नई सशुल्क सेवा इंस्टाग्राम प्लस लॉन्च की है। भारत में इसकी कीमत 299 रुपए प्रति माह तय की गई है। हालांकि, इंस्टाग्राम का मुफ्त वर्जन पहले की तरह ही चलता रहेगा। इस सब्सक्रिप्शन के तहत यूजर्स को कई खास सुविधाएं मिलेंगी। प्लस यूजर्स की स्टोरी 48 घंटे तक दिखेगी। साथ ही, वे हर हफ्ते एक स्टोरी को विशेष रूप से हाइलाइट कर ज्यादा लोगों तक पहुंचा सकेंगे। यूजर्स स्टोरी देखने वालों की लिस्ट में किसी खास व्यक्ति का नाम सर्च कर सकेंगे। पोस्ट जोड़ने और आकर्षक सुपर हार्ट रिएक्शन जैसे एनिमेटेड फीचर्स भी मिलेंगे।

### केदारनाथ धाम यात्रा फिर शुरू, श्रद्धालु हुए रवाना



**रूद्रप्रयाग।** खराब मौसम के कारण अस्थायी रूप से रोकी गई केदारनाथ यात्रा दोबारा शुरू कर दी गई। सोनप्रयाग और गौरीकुंड से करीब 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को रवाना किया गया। केदारनाथ यात्रा में अब तक 11 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। यात्रा दोबारा शुरू होने की खबर मिलते ही यात्रियों में खासा उत्साह देखने को मिला। यात्रा दोबारा शुरू होने की खबर मिलते ही यात्रियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कई श्रद्धालु पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे थे। वहीं, दर्शन कर लौटने वाले यात्रियों की आवाजाही भी लगातार जारी रही, जिससे पूरे यात्रा मार्ग पर रौनक बनी रही।

## दोनों देश रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे

# भारत - इंडोनेशिया द्विपक्षीय सहयोग को नई गति देने पर जोर, 4 वर्षों बाद हुई ज्वाइंट कमीशन की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित भारत-इंडोनेशिया ज्वाइंट कमीशन की बैठक विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें दोनों देशों के बीच राजनीतिक, रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, समुद्री सहयोग और क्षेत्रीय मुद्दों सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई।



### चार वर्ष बाद हुई संयुक्त आयोग की बैठक

बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-इंडोनेशिया संयुक्त आयोग की बैठक चार वर्ष के अंतराल के बाद आयोजित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान दोनों देशों के संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और कई क्षेत्रों में सहयोग का दायरा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में भारत और इंडोनेशिया ने अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया था, जो दोनों देशों के ऐतिहासिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों का प्रतीक है।

### व्यापक रणनीतिक साझेदारी में निरंतर प्रगति

बैठक के बाद विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी ने हाल के वर्षों में मजबूत विकास दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग केवल पारंपरिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि नए और उभरते क्षेत्रों में भी तेजी से विस्तार हो रहा है।

### कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हुई चर्चा

बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। इनमें शामिल आपसी राजनीतिक सहयोग, रक्षा एवं सुरक्षा, समुद्री और नौवहन क्षेत्र, व्यापार एवं निवेश, फिनटेक और डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य क्षेत्र, औषधि उद्योग, उर्वरक क्षेत्र,, महत्वपूर्ण खनिज, पर्यटन, शिक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान के विषयों को आकार दिया गया। दोनों देशों ने इन क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत बनाने तथा नई संभावनाओं की तलाश करने पर सहमति व्यक्त की।

### क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श

बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर भी अपने विचार साझा किए। भारत और इंडोनेशिया ने बहुपक्षीय मंचों पर समन्वय बढ़ाने तथा क्षेत्रीय स्थिरता और विकास को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। दोनों पक्षों ने भारत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की। इंडोनेशिया आसियान का एक प्रमुख सदस्य देश है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है।

### हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ता महत्व

विशेषज्ञों का मानना है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते भू-राजनीतिक महत्व के बीच भारत और इंडोनेशिया के बीच सहयोग दोनों देशों के लिए रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। समुद्री सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा सुरक्षा और व्यापारिक संपर्क जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों की साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' और इंडोनेशिया की क्षेत्रीय भूमिका को देखते हुए यह बैठक भविष्य में द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक गहराई देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### संबंधों को नई दिशा देने की उम्मीद

कूटनीतिक हलकों के अनुसार संयुक्त आयोग की बैठक में हुई चर्चाएं आने वाले वर्षों में भारत और इंडोनेशिया के बीच आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक सहयोग को नई दिशा देने में सहायक होंगी। दोनों देशों ने साझा हितों के मुद्दों पर मिलकर काम करने और क्षेत्रीय शांति, स्थिरता तथा समृद्धि को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## मजबूत होगी देश की साइबर सुरक्षा केंद्रीय एजेंसियों को मिलेगा एक्सेस

# भारत के.. साइबर सुरक्षा चक्रव्यूह में शामिल होगा 'क्लॉड मिथोस' एआई

सुरक्षा के साथ-साथ खतरों पर आरबीआई भी अलर्ट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विशेष खबर

देश की डिजिटल सीमाओं को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए केंद्र सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। एंथ्रोपिक के नवीनतम एआई मॉडल 'क्लॉड मिथोस' की ताकत का इस्तेमाल अब भारत की प्रमुख साइबर सुरक्षा एजेंसियां करेंगी। सूत्रों के मुताबिक सरकार इस एआई मॉडल तक सीमित पहुंच (लिमिटेड एक्सेस) प्रदान करने की योजना बना रही है ताकि देश के महत्वपूर्ण डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को अभेद्य बनाया जा सके। शुरुआती चरण में क्लॉड मिथोस तक पहुंच पहले टेस्टिंग और बाद में फुल तैनाती के लिए दी जाएगी। सरकारी एजेंसियों के अलावा, आईटी और आईटीईएस क्षेत्र की उन चुनिंदा भारतीय कंपनियों को भी इसका एक्सेस मिल सकता है, जो अत्याधुनिक एआई रिसर्च के लिए इंजीनियरों की समर्पित छोटी टीमें तैयार कर रही हैं। ▶▶ शेष पेज 7 पर

### इस सूची में देश की ये शीर्ष एजेंसियां शामिल

- **भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र:** गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाली यह नोडल एजेंसी देश में साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए इस टूल का उपयोग करेगी।
- **इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम:** इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के अधीन यह प्रमुख एजेंसी देश की डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करेगी।
- **राष्ट्रीय क्रिटिकल सूचना अवसंरचना संरक्षण केंद्र:** परमाणु ऊर्जा संयंत्रों और बिजली ग्रिड जैसी संवेदनशील राष्ट्रीय संपत्तियों को साइबर हमलों से बचाएगी।
- **डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म:** दूरसंचार विभाग का यह मंच इसके जरिए टेलीकॉम से जुड़े फ्रॉड और धोखाधड़ी पर रोक लगाएगा।

## तमिलनाडु में अन्नामलाई का धमाका

# नया 'आंदोलन' शुरू करते ही कुछ घंटों में जुड़े 15 लाख लोग

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के कद्दावर नेता और पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई ने भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफा देने के बाद राज्य की राजनीति में बड़ा भूचाल ला दिया है। अन्नामलाई ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की विचारधारा पर आधारित एक नए राजनीतिक आंदोलन 'वी द लीडर' की शुरुआत की है। इस आंदोलन को लेकर जनता में इतना जबरदस्त उत्साह देखा गया कि शुरू होने के महज कुछ ही घंटों के भीतर 15 लाख से अधिक लोग इससे जुड़ गए। 42 वर्षीय अन्नामलाई ने 5 जून को आधिकारिक तौर पर भाजपा से अपना 6 साल पुराना नाता तोड़ा था। अन्नामलाई ने कोयंबटूर में 'कलाम सेंटर फॉर एथिक्स एंड पॉलिटिक्स' नाम से एक ट्रेनिंग ▶▶ शेष पेज 7 पर



## त्रिभाषा नीति लागू करने पर विवाद: दिग्विजय सिंह की पाती पीएम मोदी के नाम, सीबीएसई के फैसले पर उठाए सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद और शिक्षा मंत्रालय की संसदीय स्थाई समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 9 में त्रिभाषा नीति लागू करने के निर्णय पर गंभीर आपत्ति जताते हुए प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने मांग की है कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में इस नीति के क्रियान्वयन को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए। अपने पत्र में दिग्विजय सिंह ने कहा है कि उन्हें सीबीएसई के कक्षा 9 के छात्रों के अभिभावकों के एक समूह की ओर से एक ज्ञापन प्राप्त हुआ है, जिसमें मध्य सत्र में त्रिभाषा नीति को अनिवार्य रूप से लागू करने का विरोध किया गया है। उन्होंने इस ज्ञापन को प्रधानमंत्री के समक्ष भेजते हुए कहा कि अभिभावकों की चिंताएं वास्तविक और गंभीर हैं तथा उन पर तत्काल ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।



**बिना तैयारी के लागू करने से पैदा होगी अव्यवस्था :** दिग्विजय सिंह ने पत्र में ▶▶ शेष पेज 7 पर

## 661 करोड़ का घोटाला: सीबीआई की बड़ी कार्रवाई हरियाणा और चंडीगढ़ में छह ठिकानों पर छापेमारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली/चंडीगढ़

सीबीआई ने हरियाणा सरकार और चंडीगढ़ केंद्रशासित प्रदेश के विभिन्न विभागों से जुड़े 661 करोड़ रुपये के कथित सरकारी धन गबन मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए छह स्थानों पर छापेमारी की है। जांच एजेंसी ने चंडीगढ़, पंचकूला और दिल्ली-एनसीआर में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, एक निजी कंपनी और उसके निदेशक के परिसरों की तलाशी ली। सीबीआई के अनुसार यह मामला हरियाणा सरकार के आठ विभागों तथा चंडीगढ़ प्रशासन के दो विभागों के सरकारी धन को कथित रूप से फर्जी तरीके से बैंक खातों के माध्यम से दूसरे खातों में स्थानांतरित कर गबन करने से जुड़ा है। ▶▶ शेष पेज 7 पर




### 10 सरकारी विभाग प्रभावित

सीबीआई के अनुसार इस कथित घोटाले से हरियाणा सरकार के 8 विभाग और चंडीगढ़ प्रशासन के 2 विभाग प्रभावित हुए हैं। चंडीगढ़ के जिन विभागों का उल्लेख किया गया है, उनमें नगर निगम चंडीगढ़और क्रेस्ट चंडीगढ़ शामिल हैं।जांच एजेंसी का दावा है कि इस पूरे मामले में लगभग 661 करोड़ रुपये के सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ।

## महिला फुटबॉल चैंपियनशिप: भारत की ऐतिहासिक जीत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत देशभर से बधाइयों की बौछार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय महिला फुटबॉल टीम के सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 का खिताब जीतने पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और कई वरिष्ठ नेताओं ने टीम को बधाई दी है। भारत ने फाइनल मुकाबले में गत चैंपियन बांग्लादेश को 3-1 से हराकर रिकॉर्ड छठी बार दक्षिण एशिया की इस प्रतिष्ठित फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। गोवा के मडगांव में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे टूर्नामेंट में अपना दबदबा कायम रखा और एक बार फिर साबित किया कि महिला फुटबॉल में भारत क्षेत्र की सबसे मजबूत टीमों में से एक है। ▶▶ शेष पेज 7 पर

### रिकॉर्ड छठी बार बना चैंपियन

भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने फाइनल में गत विजेता बांग्लादेश को 3-1 से हराकर सैफ महिला चैंपियनशिप का रिकॉर्ड छठा खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत ने दक्षिण एशियाई महिला फुटबॉल में अपना वर्चस्व और मजबूत कर लिया है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि हाल के वर्षों में महिला फुटबॉल में बढ़ते निवेश, बेहतर प्रशिक्षण सुविधाओं और खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिखाई देने लगा है।

### महिला फुटबॉल को मिलेगा नया प्रोत्साहन

भारतीय टीम की इस सफलता को महिला खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। खेल जगत का मानना है कि इस जीत से देश में महिला फुटबॉल को नई पहचान मिलेगी और बड़ी संख्या में लड़कियां इस खेल की ओर आकर्षित होंगी। देश के शीर्ष नेतृत्व की ओर से मिली बधाइयों ने खिलाड़ियों का उत्साह और बढ़ा दिया है। भारतीय महिला टीम की यह ऐतिहासिक सफलता न केवल एक खेल उपलब्धि है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और खेल संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## राहुल गांधी को गठबंधन के नेता के तौर पर स्वीकृति बनाई जाए

# विपक्षी गठबंधन के 23 दल आज बैठेंगे संग साथ, केंद्र के खिलाफ मोर्चाबंदी की तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

डीएमके और तृणमूल कांग्रेस जैसे विपक्षी गठबंधन के हालिया चुनाव में बुरी तरह हारने और एक के बाद राजकीय पार्टी के सिमटने बाद कांग्रेस के रणनीतिकारों के लिए ये बड़ा मौका है जब राहुल गांधी को गठबंधन के नेता के तौर पर स्वीकृति बनाई जाए। यही वजह है कि विपक्षी गठबंध की अहम बैठक सोमवार, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित होगी। बैठक से पहले कांग्रेस महासचिव (संचार) एवं राज्यसभा सांसद ने जानकारी दी है कि 23 राजनीतिक दलों ने इंडिया जनबंधन की बैठक में भाग लेने की पुष्टि कर दी है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपने बयान में कहा कि कुछ राजनीतिक दल अपने-अपने कारणों से इस विशेष बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे, लेकिन उन्होंने भी केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों और कार्यशैली के प्रति अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है। ▶▶ शेष पेज 7 पर



### बैठक में किन मुद्दों पर होगी चर्चा

सूत्रों के अनुसार, इंडिया जनबंधन की बैठक में कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। इनमें चुनावी प्रक्रिया से जुड़े प्रश्न, लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं, सामाजिक न्याय, संसद के आगामी सत्र की रणनीति तथा विभिन्न राज्यों में विपक्षी दलों के बीच समन्वय जैसे विषय शामिल हो सकते हैं। बैठक में आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों और संयुक्त जनआंदोलनों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श होने की संभावना जताई जा रही है।

### भारत की तरह विपक्षी गठबंधन भी विविधता में एकता का प्रतीक

जयराम रमेश ने अपने संदेश में कहा कि कुछ दलों की अनुपस्थिति के बावजूद इंडिया गठबंधन की एकता प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जैसे भारत अपनी विविधताओं के बावजूद एक राष्ट्र के रूप में मजबूत है, उसी प्रकार इंडिया जनबंधन भी विभिन्न विचारों और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के साथ एकजुट होकर खड़ा है। उन्होंने कहा, भारत की तरह इंडिया जनबंधन अपनी विविधता के साथ एकजुट होकर खड़ा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह बैठक केवल संगठनात्मक समन्वय तक सीमित नहीं रहेगी।

**खबर संक्षेप**

### फर्जी कॉल सेंटर रैकेट में शामिल एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट साइबर पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। डिजिटल सबूतों के साथ एक जालसाज गिरफ्तार किया गया। आरोपी मोहम्मद सिराज (30) ने आकर्षक बिजनेस फ्रेंचाइजी और डिस्ट्रीब्यूटर आईडी देने के बहाने लोगों से धोखाधड़ी की थी। वह तुगलकाबाद एक्सटेंशन, कालकाजी का रहने वाला है। उसके पास से अपराध में इस्तेमाल किए गए डिजिटल सबूत बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार मामला अफजल खान की शिकायत के बाद सामने आया था। उन्होंने बताया कि उनके साथ 21,330 रुपये की धोखाधड़ी हुई है। जालसाजों ने उन्हें जन सहायता केंद्र के लिए फ्रेंचाइजी और डिस्ट्रीब्यूटर आईडी देने का वादा किया था, लेकिन पैसे लेने के बाद वे गायब हो गए। साइबर सेल की एक टीम ने जांच शुरू की। बारीक तकनीकी विश्लेषण और मनी ट्रेल की सघन जांच के जरिए टीम ने आरोपी की लोकेशन का पता लगाया और मोहम्मद सिराज को दोषी साबित करने वाले सबूतों के साथ सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया।

### एसयूवी की टक्कर से शख्स की मौत

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन व्यस्त चौराहे के पास रविवार तड़के करीब 3:50 बजे एक स्कॉर्पियो कार की टक्कर से 55 वर्षीय शख्स की मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि रमेश नगर निवासी 27 वर्षीय कार चालक हर्षित राज डोगरा को अरेस्ट कर लिया है। दुर्घटना के समय कार चालक शराब के नशे में था। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद घायल व्यक्ति और वाहन के चालक को आचार्य भिक्षु अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं। प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह दुर्घटना उस समय हुई जब डोगरा मानसरोवर गार्डन से अपने घर लौट रहा था। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उसका वाहन जब्त कर लिया गया है।

## एमसीडी ने 97 संपत्तियों को किया ध्वस्त, 126 को किया सील

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर राजस्व विभाग ने 130 संपत्तियों को जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर दिल्ली सरकार का राजधानी में अवैध निर्माण, अतिक्रमण और भवन सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के खिलाफ सख्त अभियान रविवार को भी जारी रहा। दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार रविवार को 130 संपत्तियों को जांचा गया। इनमें कई संपत्तियों पर सील, ध्वस्तीकरण अर नोटिस देने की कार्रवाई की गई। आंकड़ों के अनुसार उत्तरी जिले की 16 संपत्तियों को नोटिस जारी किए गए। नई दिल्ली जिले की 4, दक्षिणी-पश्चिमी जिले की 10, दक्षिणी पूर्वी जिले की 6, पूर्वी जिले की 15, उत्तरी पश्चिमी जिले की 13, उत्तरी पूर्वी जिले की 5 और पश्चिमी जिले की 31 संपत्तियों और प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। वहीं मध्य उत्तरी जिले के 19 और मध्य जिले के 11 प्रतिष्ठानों पर सीलिंग, ध्वस्तीकरण और नोटिस देने की कार्रवाई की गई। वहीं एमसीडी के रविवार के आंकड़ों के अनुसार कुल 97 संपत्तियां ध्वस्त की गईं। 126 संपत्तियों को सील किया गया। 84 संपत्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। वहीं नोटिस का जवाब न देने पर 41 संपत्तियों को सील किया गया। वहीं 33 संपत्तियों को ध्वस्त करने के आदेश दिए गए।

### निर्धारित निर्माण मानकों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं : रेखा

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार की नीति पूरी तरह स्पष्ट है। राजधानी में ग्राउंड प्लस फाइव और निर्धारित निर्माण मानकों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति, बिल्डर या संस्था नियमों को तोड़कर निर्माण करती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी।

वहीं मुख्यमंत्री के निर्देश पर संबंधित एजेंसियों ने दक्षिणी दिल्ली के खानपुर और सैनिक फार्म क्षेत्र में अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना है कि राजधानी में नागरिकों की सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई जारी रहेगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए कार्य कर रही है। हाल के दिनों में देश और राजधानी के विभिन्न हिस्सों में सामने आई दुर्घटनाओं और भवन सुरक्षा से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए सरकार ने प्रवर्तन एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जहां कहीं भी भवन उपविधियों, अग्नि सुरक्षा मानकों या स्वीकृत निर्माण मानकों का उल्लंघन पाया जाए, वहां तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार केवल अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था विकसित करने की दिशा में भी काम कर रही है जिससे भविष्य में इस प्रकार के खतरनाक और अनधिकृत निर्माणों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली में कोई भी ऐसा भवन, व्यावसायिक प्रतिष्ठान अथवा सार्वजनिक उपयोग की व्यवस्था संचालित न हो जो लोगों के जीवन और संपत्ति के लिए खतरा उत्पन्न करे। रविवार को खानपुर और सैनिक फार्म क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के दौरान संबंधित अधिकारियों ने ऐसे निर्माणों का निरीक्षण किया जो निर्धारित मानकों और स्वीकृत योजनाओं के विपरीत पाए गए। सरकार का मानना है कि भवन निर्माण से जुड़े नियम केवल प्रशासनिक औपचारिकताएं नहीं हैं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए आवश्यक मानक हैं। इसलिए इनके उल्लंघन को गंभीरता से लिया जा रहा है।

# राजोकरी फ्लाईओवर पर कार ने टेम्पो को टक्कर मारी, महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




दक्षिण पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज स्थित राजोकरी फ्लाईओवर पर एक कार ने टेम्पो को टक्कर मार दी। इस हादसे में 47 वर्षीय महिला की मौत हो गई और तीन बच्चों सहित पांच अन्य लोग घायल हुये हैं। हादसा कितना जबरदस्त था इसका अंदाजा क्षतिग्रस्त कार को देखकर लगाया जा सकता था।

पुलिस के अनुसार यह हादसा गुरुग्राम की ओर जाने वाली सड़क पर रविवार सुबह करीब 4:20 बजे हुआ। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला कि इनोवा कार ने कथित तौर पर टेम्पो को पीछे से टक्कर मारी, जिससे टेम्पो फ्लाईओवर पर पलट गया। अधिकारियों ने बताया कि टेम्पो में सवार लोग उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर के रहने वाले थे और गुरुग्राम स्थित एक मंदिर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि कृपा देवी (47) की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार टेम्पो में सवार पांच अन्य लोग घायल हो गए जिन्हें कैट्स एम्बुलेंस द्वारा सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। घायलों की पहचान वंश (8), सावित्री देवी (60), नैना (34), नक्ष (14) और ईशान (2) के रूप में हुई है। टेम्पो चालक को भी दुर्घटना में मामूली चोटें आई हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, एक टीम को घटनास्थल पर भेजा गया। हालांकि जब तक दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे, पुलिस नियंत्रण कक्ष के कर्मियों ने घायलों को सफदरजंग अस्पताल और एम्स ट्रॉमा सेंटर में स्थानांतरित कर दिया था। कार चालक मौके पर मौजूद पाया गया और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में चालक शराब या किसी नशीले पदार्थ के प्रभाव में प्रतीत हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी का चिकित्सा परीक्षण किया गया है और जांच के नतीजों के आधार पर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## होलंबी खुर्द में पुराना ईंटों का पिलर गिरने से लड़की की मौत

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के होलंबी खुर्द क्षेत्र में पुरानी ईंट का एक पिलर गिरने से छह साल की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुये बताया कि यह घटना शनिवार को नरेला औद्योगिक क्षेत्र के मेट्रो विहार में घटी। प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की गड़बड़ी का पता नहीं चला है और यह घटना आकस्मिक प्रतीत होती है। पुलिस के अनुसार शनिवार को बच्ची के नाले में गिरने की सूचना मिलने के बाद, पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और नाबालिग को ढके हुए सेप्टिक टैंक की सतह पर बेहोश पाया। होलंबी खुर्द के मेट्रो विहार की निवासी बच्ची को सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में शव को जहांगीरपुरी स्थित बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल के मुर्दाघर में भेजा गया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि बच्ची ईंट के पुराने खंभे से बंधी रस्सी के सहारे झूले पर खेल रही थी। रस्सी का दूसरा सिरा पास की दीवार पर लगी लोहे की ग्रिल से बंधा हुआ था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि ईंट का खंभा जर्जर हालत में था। जब लड़की झूले पर झूल रही थी, तभी अचानक कमजोर ढांचा टूटकर गिर गया, जिससे लड़की को गंभीर चोटें आई और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि खंभा पुराना और अस्थिर लग रहा था और शायद झूले का भार सहन करने में सक्षम नहीं था। घटना के बाद स्थानीय निवासी घटनास्थल पर जमा हो गए थे, जबकि पुलिस ने इलाके का निरीक्षण किया और परिवार के सदस्यों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए। पुलिस जांच के तहत सभी पहलुओं की छानबीन कर रही है।

# न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी घर में लगी आग, आठ लोगों को बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण पूर्वी जिले के न्यू फ्रेंड्स कालोनी में रविवार दोपहर एक घर में आग लग गई। आग में फंसे आठ लोगों को तो रेस्क्यू कर लिया गया लेकिन एक कुत्ते की मौत हो गई। एक अन्य कुत्ता भी घायल हुआ है। उसे उपचार के लिये अस्पताल भिजवाया गया है।

पुलिस के अनुसार रविवार 7 जून को दोपहर करीब 3:45 बजे, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस स्टेशन को एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें मकान नंबर सी-600 में भीषण आग लगने की सूचना दी गई थी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और देखा कि इमारत की पहली मंजिल से भीषण आग की लपटें उठ रही थीं। आग से घना धुआं निकल रहा था और बीच की सीढ़ी पूरी तरह से बंद हो गई थी, जिससे ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले लोग फंस गए थे। आग बुझाने के लिए दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची थी। जान के खतरे को भांपते हुए दिल्ली पुलिस के जवानों ने फायर ब्रिगेड के साथ मिलकर एक जोखिम भरा बचाव अभियान शुरू किया। बंद निकास मार्ग के बजाय विशेष उपकरणों का

**■ एक कुत्ते की मौत, एक घायल**

उपयोग करते हुए, संयुक्त टीम ने सफलतापूर्वक आठ फंसे हुए निवासियों को बाहर निकाला। इनमें दो वयस्क पुरुष, दो वयस्क महिलाएं और चार बच्चे शामिल थे। हालांकि त्वरित कार्रवाई के कारण सभी लोगों की जान बचा ली गई, लेकिन भारी धुएं के कारण दो पालतू कुत्ते बेहोश पाए गए। उन्हें आपातकालीन सीपीआर और प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन दुर्भाग्य से दम घुटने से एक कुत्ते की मौत हो गई, जबकि जीवित बचे कुत्ते को देखभाल के लिए पास के पशु चिकित्सालय ले जाया गया। पुलिस आग लगने के कारणों की पड़ताल कर रही है।

## डीयू प्रोफेसर की हत्या केस सुलझा

**■ दंपति और नाबालिग बेटा पश्चिम बंगाल से चढ़े हत्थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी जिला पुलिस ने दिल्ली यूनिवर्सिटी की महिला प्रोफेसर की हत्या का मामला सुलझा लिया है। इस सिलसिले में दंपति और उनके नाबालिग बेटे को पश्चिम बंगाल के बर्दवान से पकड़ा गया है। न्यू अशोक नगर पुलिस मामले की आगे तफ्तीश कर रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी परिवार 2023 से पश्चिम बंगाल के बर्दवान में पीड़िता की पुश्तैनी संपत्ति में रह रहा था। एक पारिवारिक समझौते के तहत पीड़िता को वह संपत्ति मिली थी। पीड़िता लगातार आरोपियों से जगह खाली करने के लिए कह रही थी, जिससे संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। पीड़िता द्वारा संपत्ति खाली करने की आखिरी चेतावनी दिए जाने के बाद, आरोपियों ने कथित तौर पर उसे खत्म करने की साजिश रची और अपराध को अंजाम देने की तैयारी के साथ तीन जून को दिल्ली आए। अपराध करने के बाद आरोपी घटनास्थल से भागने के लिए टैक्सी और ऑटो में गए। वे आनंद विहार होते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे और तीन जून की ही शाम लगभग 5:40 बजे पूर्वा एक्सप्रेस में सवार हुए। चार जून को बर्दवान पहुंचे। जांच से पता चला कि अपराध करने से पहले आरोपी डल्लूपुरा स्थित रेस्टिन गेस्ट हाउस में रुके थे। जांच के दौरान, गेस्ट हाउस के रिकॉर्ड से इन नामों वाले दो आधार कार्ड मिले। दंपति के नाम राम प्रसाद दास और बनश्री दास है। इन पहचानों से जुड़े मोबाइल नंबरों को इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस पर रखा गया। जांच से पता चला कि आरोपियों ने अपनी पहचान छिपाने और पकड़े जाने से बचने के लिए ऐसे लोगों के आधार विवरण का इस्तेमाल किया था जिनसे उनका कोई संबंध नहीं था। आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड के लिए संबंधित अदालत में पेश किया जा रहा है और आगे की जांच के लिए दिल्ली लाया जाएगा। आरोपियों से उस्तरा बरामद कर लिया गया है जिससे प्रोफेसर की कलाई काटी थी।

**मानसून का इंतजार**


## भीषण गर्मी से सूख गई है यमुना, जलस्तर गिरकर ऐतिहासिक निचले स्तर के करीब



सत्यप्रकाश ▶▶ नई दिल्ली

भीषण गर्मी व प्री मानसून की बारिश की कमी के चलते इन दिनों दिल्ली में बह रही यमुना लगभग सूखने के कगार पर पहुंच चुकी है। यमुना का गिरता जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है, जिसके चलते वजीराबाद जलाशय का जलस्तर 674.15 की जगह 668 फीट से भी नीचे जा रहा है। आंकड़े बताते है कि यमुना का जलस्तर लगभग साढ़े चार फिट से नीचे गिर चुका है। ऐसे में यमुना नदी को भी अब झमाझम बारिश का इंतजार है। क्योंकि इन दिनों में बारिश का पानी ही यमुना का जलस्तर बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। हालांकि सीएम रेखा गुप्ता ने भी हाल ही में कहा है कि उन्होंने हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी से यमुना में जल छोड़ने के लिए चर्चा की है। वहीं जलस्तर घटने के चलते वजीराबाद और चंद्रावल डब्ल्यूटीपी के लिए यमुना से लगभग 135 एमजीडी की जगह इस समय 50 एमजीडी के आसपास ही जल शोधन हो पा रहा है। इस संबंध में डीजेबी से जानकारी मांगी गई थी, लेकिन रविवार का अवकाश होने के चलते खबर लिखे जाने तक कोई जबाब नहीं मिल सका। भीषण गर्मी के चलते दिल्ली में जल संकट बुरी तरह मुंह बाए खड़ा है। सनद रहे कि जुलाई 2021 में यमुना में अब तक का सबसे कम न्यूनतम जलस्तर 667 फीट दर्ज हुआ था। वर्तमान में भी कुछ ऐसे ही हालात बनते नजर आ रहे है। दिल्ली में प्रतिदिन करीब 1250 एमजीडी पानी की जरूरत होती है। लेकिन वर्तमान में यमुना का जलस्तर घटने के चलते डीजेबी करीब 1000 एमजीडी तक ही जल शोधन कर पा रहा था, उसमें भी अब कमी आने लगी है। पानी की कमी के चलते राजधानी के कई क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। पानी की कमी को लेकर विपक्ष आए दिन जगह जगह विरोध प्रदर्शन कर सत्ता पक्ष को घेरने में लगा है। बता दें कि यमुना नदी पल्ला गांव से राजधानी में प्रवेश करती है जो 52 किलोमीटर दिल्ली से बहते हुए गुजरती है। दिल्ली की प्यास बुझाने में यमुना नदी अहम भूमिका निभाती है। लेकिन फिलहाल हालात ऐसे प्रतीत हो रहे हैं कि खुद यमुना नदी ही प्यासी हो।

# 'एक माह में ही टूटने लगी मेट्रो लाइन के नीचे लगी सीमेंटेड ग्रीलें'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में सरकारी परियोजनाओं की निगरानी और रखरखाव को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन से आज़ादपुर की ओर जाने वाले सड़क मार्ग पर मेट्रो लाइन के नीचे बने सेंट्रल वर्ज (डिवाइडर) के सौंदर्यकरण और पौधारोपण की सुरक्षा के लिए लगाई गई सीमेंटेड ग्रीलें एक माह के भीतर ही असामाजिक तत्वों की भेंट चढ़ती दिखाई दे रही हैं। मौके पर देखने से पता चलता है कि कई स्थानों पर ग्रीलों को तोड़कर उनमें

**■ सेंट्रल वर्ज पर बसने लगीं अस्थायी झोपड़ियां**

लगे लोहे के सरिये निकाल लिए गए हैं। वहां अब केवल टूटी-फूटी संरचनाएं बची हैं, जो न केवल सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान की कहानी बयां कर रही हैं बल्कि संबंधित विभागों की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठा रही हैं। लोगों का कहना है कि दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, डीएमआरसी और पुलिस प्रशासन को इस मामले का संज्ञान लेकर न केवल नुकसान पहुंचाने वालों की पहचान करनी चाहिए, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए भी ठोस व्यवस्था करनी चाहिए।

### बड़ी राशि से किए गए सौंदर्यकरण पर भारी पड़ रही लापरवाही

दिल्ली को सुंदर और हरित बनाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा समय-समय पर सौंदर्यकरण और पौधारोपण पर बड़ी राशि खर्च की जाती है। लेकिन यदि नई लगाई गई संरचनाएं एक महीने के भीतर ही असामाजिक तत्वों के माध्यम से क्षतिग्रस्त हो जाएं, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि इन परियोजनाओं की सुरक्षा और रखरखाव की जिम्मेदारी आखिर किसकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो पूरा सौंदर्यकरण कार्य बेकार साबित हो सकता है और सरकारी धन की बर्बादी का एक और उदाहरण सामने आ जाएगा।

### पुलिस चौकियों के बीच भी जारी है अवैध गतिविधियां

बता दें कि चौंकाने वाली बात यह है कि जिस क्षेत्र में यह तोड़फोड़ हुई है, वहां आसपास कई स्थानों पर पुलिस चौकियां भी मौजूद हैं। इसके बावजूद ग्रीलों को तोड़कर लोहे के सरिये निकाल लिए गए और किसी को भनक तक नहीं लगी। यह स्थिति कानून-व्यवस्था और सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। यदि व्यस्त सड़क और मेट्रो कॉरिडोर के नीचे बनी संरचनाएं सुरक्षित नहीं हैं, तो अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ना स्वाभाविक है।

स्थानीय लोगों के अनुसार मेट्रो लाइन के नीचे सेंट्रल वर्ज के बीच कई स्थानों पर असामाजिक तत्वों द्वारा अस्थायी झोपड़ियां भी बनाई जा रही हैं। इससे न केवल क्षेत्र की सुंदरता प्रभावित हो रही है बल्कि सुरक्षा और स्वच्छता संबंधी समस्याएं भी पैदा होने लगी हैं। लोगों का कहना है कि इन असामाजिक तत्वों के चलते यहां ऐसा हाल हो रहा है साथ ही जनता भी इनके चलते असुरक्षित महसूस करती है। लोगों का कहना है कि यदि इन गतिविधियों पर समय रहते रोक नहीं लगाई गई तो भविष्य में यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

## दिल्ली होटल अग्निकांड: विदेशी नागरिक की मौत मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 22

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में लगी आग में घायल हुए एक विदेशी नागरिक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिससे इस त्रासदी में मरने वालों की संख्या 22 हो गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

**निगम ने अपने संबंधित विभाग से मांगी सीमांकन सत्यापन की जानकारी**

# अपनी ही जमीन का सीमांकन सत्यापन नहीं कर पा रही एमसीडी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के पास बहुत ज्यादा जमीन है और निगम प्रशासन अपनी जमीन पर कब्जा भी नहीं कर पा रहा है। जिसके चलते पार्षदों और आम नागरिकों को आगे आकर निगम प्रशासन को याद दिलाना पड़ रहा है कि यह जमीन एमसीडी की है लेकिन इसके बाद भी निगम प्रशासन गहरी नींद से नहीं जाग पा रहा है। ऐसा ही एक मामला नरेला जोन से सामने आया है। सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार, नरेला जोन के नरेला वार्ड में मुख्य बवाना रोड स्थित पुरानी अनाज मंडी के सामने खसरा नंबर 222 की भूमि किसकी है, यह चर्चा का विषय बना हुआ है। एमसीडी के नरेला जोन के कार्यकारी अभियंता (भवन-1) ने अपने भूमि एवं संपदा विभाग को पत्र लिखकर संबंधित भूमि के नक्शे और सीमांकन रिपोर्ट का दोबारा सत्यापन कराने का अनुरोध किया है। सूत्र ने बताया कि सीमांकन रिपोर्ट के सत्यापन के बाद भूमि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी और यदि किसी प्रकार का अतिक्रमण अथवा भवन निर्माण नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित पक्षों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। वहीं, इस संबंध में निगम प्रवक्ता के माध्यम से संबंधित विभाग की प्रतिक्रिया मांगी गई लेकिन सप्ताह बीतने के बाद भी इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

### अब तक पूरी नहीं हो पाई है जमीन के सत्यापन की प्रक्रिया

एमसीडी के पत्र के अनुसार, इस भूमि का संयुक्त सीमांकन निरीक्षण 25 सितंबर 2025 को किया गया था। इसके बाद प्रस्तुत ड्रॉइंग और सीमांकन रिपोर्ट को निगम के भूमि एवं संपदा विभाग के पास भेजा गया था, ताकि वास्तविक स्थल पर जाकर उसका सत्यापन किया जा सके। हालांकि, अब तक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण नरेला जोन के कार्यकारी अभियंता ने 21 मई 2026 को पुनः पत्र जारी कर मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### कई संबंधित अधिकारियों को भेजी गई हैं प्रतिलिपि

संबंधित निगम एडीसी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि संबंधित नक्शों और ड्रॉइंग का मौके पर एमसीडी अधिकारियों की उपस्थिति में सत्यापन आवश्यक है, जिससे कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई की जा सके। एमसीडी ने इस संबंध में नरेला के उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता तथा उत्तर जिला नरेला के एसडीएम को भी पत्र की प्रतिलिपि भेजी है। साथ ही वार्ड-1एन के एई और जेई को मामले की निगरानी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

**पंजीकृत कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी।

देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 08 जुलाई 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नम्बर | कर्जदार का नाम | नीलामी शाखा पता |
|---|---|---|
| शाखा का नाम : अम्बाला-विकास विहार | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ-4, विकास विहार, अंबाला सिटी, अंबाला ज़िला, हरियाणा-134003 |
| 240957000018 | राज कुमार दुग्गल | |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - सेक्टर-7 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ प्लॉट नं. 43, निर्मल दीप बिल्डिंग, सेक्टर-7, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, फरीदाबाद ज़िला, हरियाणा-121006 |
| 107905003561 | रेखा सिंह | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव-एबीडब्ल्यू टावर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नं. 2, एबीडब्ल्यू टावर, इफको चौक, गुरुग्राम-122001, हरियाणा |
| 539105000060 | अंकिता जालान | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव-आईएमटी मानेसर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., जीएफ नं. 59-61, इरोस कॉर्पोरेट पार्क, सेक्टर-2, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा-122052 |
| 035857000159 | रूपेश कुमार | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव-सेक्टर-48 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नं. 2 और 3, बेस्टेक बिजनेस टावर, सोहना रोड, सेक्टर-48, गुड़गांव, हरियाणा-122018 |
| 418457000026 | विनय कुमार चंद | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव-डीएलएफ | | आईसीआईसीआई बैंक लि., के6/7, के12 केबी12, कुतुब प्लाजा, डीएलएफ फेज 1, गुड़गांव-122002 |
| 017757000225 | सुमन अग्रवाल | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव-सुशांत लोक | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 005 ए, यूनीटेक ट्रेड सेंटर, सेक्टर रोड, सुशांत लोक, फेज I, गुड़गांव-122002 |
| 031457000378 | मोहित राठी | |
| 031457000379 | मोहित राठी | |
| 031457000392 | मोहित राठी | |
| शाखा का नाम : इसराना | | आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नं. 68, अमर अनाज मंडी, गांव और उप-तहसील इसराना, ज़िला : पानीपत, हरियाणा-132107 |
| 211757000049 | बिजेन्द्र सिंह | |
| शाखा का नाम : जीन्द | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ नं. 10, डिस्ट्रिक्ट शॉपिंग सेंटर, जींद, हरियाणा-126102 |
| 050305004556 | निहारिका दलाल | |
| शाखा का नाम : करनाल-कुंजपुरा रोड | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 390 चार चमन, कुंजपुरा रोड, करनाल, हरियाणा - 132001 |
| 247905001672 | नितिन वशिष्ठ | |
| शाखा का नाम : नारनौंद | | आईसीआईसीआई बैंक लि., पुलिस स्टेशन के सामने, मेन रोड, नारनौंद, ज़िला हिसार, हरियाणा-125039 |
| 381857000120 | मीना मीना | |
| शाखा का नाम : सिवानी | | आईसीआईसीआई बैंक लि., पुराना बस स्टैंड, हिसार-राजगढ़ रोड, सिवानी, ज़िला भिवानी, हरियाणा-127046 |
| 432762000760 | तेजपाल | |
| शाखा का नाम : राजगढ़ चुरू | | आईसीआईसीआई बैंक लि., मुख्य डाकघर के सामने, रेलवे स्टेशन रोड, राजगढ़, ज़िलाः चुरू, राजस्थान-331023 |
| 535262000147 | सत्यवान | |

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 08.06.2026
स्थान : गुरुग्राम, अम्बाला, भिवानी, करनाल, फरीदाबाद, जीन्द, हांसी, पानीपत, भिवानी

भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सत्यमेव जयते
दिल्ली सरकार

# 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के

**वय वंदना योजना**
70+ आयु के बुज़ुर्गों को स्वास्थ्य कवच,
2.92 लाख+ कार्ड जारी

DELHI METRO
**मेट्रो एक्सपेंशन**
400 KM तक का मेट्रो नेटवर्क,
पहली रिंग मेट्रो

**विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर**
भारत मंडपम, यशोभूमि, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक,
डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर,
नया संसद भवन, पीएम संग्रहालय

**Ease of Doing Business को रफ्तार**
पुलिस लाइसेंस खत्म
ग्रीन इंडस्ट्री को 20 दिन में मंज़ूरी

**क्लीन यमुना मिशन**
2026-27 में यमुना पुनर्जीवन,
जल एवं स्वच्छता सुविधाओं
के लिए₹9,000 करोड़

**घट रहे हैं कूड़े के पहाड़**
अब तक 75 एकड़
जमीन हुई रिक्लेम

**EV से मिली लास्ट माइल कनेक्टिविटी**
4,500+ इलेक्ट्रिक बसें

**1,511 अनधिकृत कॉलोनियां नियमित**
45 लाख+ लोग लाभान्वित

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना
**पीएम उज्ज्वला योजना**
2.88 लाख+
नए LPG कनेक्शन

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY
**आयुष्मान भारत योजना**
₹10 लाख तक का मुफ्त इलाज

**370 आयुष्मान आरोग्य मंदिर**

**कनेक्टिविटी बूस्ट**
UER-II
एक्सप्रेसवेज़: ईस्टर्न पेरिफेरल, द्वारका,
दिल्ली-मेरठ, दिल्ली-देहरादून,
नमो भारत RRTS



## आदरणीय प्रधानमंत्री
# श्री नरेन्द्र मोदी जी को
## समस्त दिल्लीवासियों की ओर से
## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**रेखा गुप्ता**
मुख्यमंत्री, दिल्ली

DIP/Shabdarth/Display/028/26-27

**खबर संक्षेप**

### हमला करने के मामले में 2 आरोपी पकड़ाए

**फरीदाबाद।** बीती 28 मई की सुबह गांव बीजोपुर में समीर नामक युवक के साथ मारपीट करने व



गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में पुलिस चौकी सिकरोना की टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, अमजद व सलीम वासी गांव बीजोपुर फरीदाबाद के रुप में हुई है। पुलिस अनुसार समीर निवासी गांव बीजोपुर फरीदाबाद ने पुलिस चौकी सिकरोना में दी अपनी शिकायत में बताया कि 28 मई 2026 की सुबह करीब 8 बजे वह अपने भाई आमीर के साथ नमाज पढ़कर ईदगाह से निकलकर घर के लिए जा रहा था।

### एक सप्ताह में 23 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों



की टीम द्वारा ठगों पर लगातार प्रभावी कार्रवाही की जा रही है। 30 मई से 05 जून के बीच फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीम ने 23 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर 697750 रूपए बरामद किये हैं। फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 6 मुकदमों में कार्रवाई करते हुए 23 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना एनआईटी के 2 व सेंट्रल के 3 व बल्लभगढ़ का 1 एक मामला शामिल है।

### चोरी करने के मामले दो चोर धराए



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम ने अलग-अलग मामलों में चोरी की एक स्कूटी, एक मोटरसाइकिल व एक ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद की हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 अप्रैल को थाना मुजेसर में एक मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज किया गया था, 48 की टीम ने सलमान वासी गौतमबुध नगर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर चोरीशुदा स्कूटी को गांव गोच्छी से बरामद किया है। एक स्कूटी चोरी के मामले में रिजवान वासी गांव धौज फरीदाबाद को सिकरोना नाके से गिरफ्तार कर चोरी की स्कूटी बरामद की है।

## नेहरू कालोनी तोड़फोड़ के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग

# गरीब लोगों के आशियानों को नहीं उजड़ने देगें: विजय प्रताप

- बेशकीमती जमीन पर भूमाफियाओं की नजर
- लोगों के घरों में बुलडोजर चलाना कहां का न्याय है
- एक सप्ताह बाद होगी बैठक, महापंचायत रणनीति बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नेहरू कालोनी संघर्ष समिति के आह्वान पर नेहरू कालोनी में तोड़फोड़ के विरोध में रविवार को हजारों की तादाद में लोग एकत्र हुए और उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया। समिति की अपील पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक, पूर्व सांसद अवतार सिंह भड़ाना व अन्य दलों के नेताओं ने सरकार की कार्रवाई की कड़ी निंदा की। वहीं आज हुए प्रदर्शन के बाद हुई पंचायत में कई फैसले भी आगामी लड़ाई लड़ने को लेकर लिए गए। एक तो नेताओं ने निर्णय लिया कि शांतिपूर्वक आंदोलन के लिए नेहरू कालोनी संघर्ष समिति जो भी रूपरेखा तैयार करेगी, सभी विपक्षी दल उसका अनुशरण कर आगे की कार्रवाई करेगा। सभी लोगों की सलाह मशविरा कर एक सप्ताह बाद अगर सरकार इस बाबत भाजपा सरकार कोई ठोस आश्वासन नहीं देती तो एक सप्ताह बाद बैठक होगी, जिसमें महापंचायत पर रणनीति बनेगी जिसमें देश भर के नेता एकत्र होगें और सरकार को एक ज्ञापन भी दिया जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय प्रताप सिंह ने भावुक होते हुए कहा कि बेशक ये लड़ाई लंबी है, लेकिन हम हार मानने वाले नहीं है।

अपने अस्तित्व की लड़ाई किसी भी हद तक जाकर लड़ेंगे। रात के अंधेरे में चोरों की तरह पहले शिव मंदिर को ओर बाद में मस्जिद को तहस-नहस किया और उसके बाद उनके हौंसले बढ़े और गरीबों के आशियानों को उजाड़ने लगे। भीषण गर्मी में उजड़े हुए लोग छत के बिना सड़कों पर पड़े है और आशियाने की तलाश में इधर-उधर भटकने लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर ऐलिवेटिड कॉरिडोर, मैट्रो स्टेशन निकलाने के लिए तोडफोड़ की गई थी तो पहले उनकी डीपीआर दिखाते, लोगों को समझाते, लेकिन अभी हुआ कुछ नहीं सोते हुए लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाना कहां का न्याय है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि पुर्नविकास विभाग की जमीन ही शहर बसाने वाले लोगों की है। उस पर सरकार लोगों को बसा सकती है। बेशकीमती जमीन पर भूमाफियाओं की नजर है। गरीब लोगों को उजाड़ कर लेकिन उनके मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने दिया जाएगा। किसी परियोजना के लिए जमीन थोड़ी बहुत जमीन लेनी थी तो पहले उनको वैकल्पिक स्थान दे। ऐसी बर्बरतापूर्वक कार्रवाई कतई बर्दास्त नहीं है। ये लोग अपने शहर के लोग हैं और इनके ऊपर रात के अंधेरे में तोड़फोड़ की इस तरह की कार्यवाही ऐसा लगता है, जैसे दुश्मन देश रात के अंधेरे में हमला करता है। इस प्रकार निर्दयता किसी प्रकार भी बर्दास्त के काबिल नहीं है। पूर्व सांसद अवतार सिंह भड़ाना ने कहा कि वह फरीदाबाद से तीन बार सांसद रहे मगर कभी भी गरीब लोगों के साथ कांग्रेस राज में ऐसा अन्याय नहीं हुआ। लोगों को बसाने की बात जरूर की गई मगर उजाड़ने की नहीं। कांग्रेस राज में ही फरीदाबाद में मैट्रो व बदरपुर फ्लाईओवर बना मगर एक भी मकान को तोड़ तक नहीं गया। अभी तो आरआरटीएस व ऐलिवेटिड रोड़ की डीपीआर भी नहीं बनी है, उससे पहले ही भाजपा सरकार ने लोगों को उजाडऩा शुरू कर दिया। वह बर्दाश्त नहीं करेगें अगर सरकार नहीं मानी तो इस मामले को विपक्ष के नेता राहुल गांधी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह भड़ाना तक ले जाकर लोकसभा व हरियाणा विधानसभा में इसकी आवाज उठवाएगें।

## साइक्लिंग स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छ पर्यावरण और विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है

# विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित साइकिल रैली को महापौर प्रवीण जोशी ने दिखाई हरी झंडी

- कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर जोशी ने किया
- रैली का मुख्य उद्देश्य शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना
- प्रदूषण कम करने और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



नगर निगम फरीदाबाद द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट एवं विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में सेक्टर-12 स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित संडे ऑन साईकिल कार्यक्रम के अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि साइक्लिंग केवल एक खेल या व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छ पर्यावरण और विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने कहा कि नियमित साइक्लिंग से जहां व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है, वहीं प्रदूषण कम करने और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फिट इंडिया अभियान देशभर में जनआंदोलन का स्वरूप ले रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी भी समय-समय पर मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को स्वास्थ्य, फिटनेस और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार और नगर निगम फरीदाबाद नागरिकों को फिट एवं स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने दैनिक जीवन में साइक्लिंग, योग और अन्य फिटनेस गतिविधियों को शामिल करे तो स्वस्थ समाज और विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को और अधिक गति मिलेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, विद्यार्थियों, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, युवा क्लबों, खेल प्रेमियों एवं साइक्लिंग उत्साहीजनों ने भाग लिया और फिट इंडिया अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एडिशनल कमिश्नर परमजीत चहल, कार्यकारी अभियंता डालचंद शर्मा, पार्षद मनोज नासवा, पार्षद कुलदीप साहनी, पार्षद जसवंत सिंह, करण सिंगला, हिमांशु जोशी, नितिन तथा नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## गुरुग्राम विश्वविद्यालय में सावरकर जयंती महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन

# सावरकर का जीवन देशभक्ति और सामाजिक समरसता का प्रतीकः सुनील देवधर



- युवाओं में राष्ट्रीय मूल्यों के लिए सावरकर के विचार जरूरी: कुलपति प्रो. संजय कौशिक
- युवाओं में राष्ट्रीय मूल्यों के लिए सावरकर के विचार जरूरी: कुलपति प्रो. संजय कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

माय होम इंडिया और गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कला संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में स्वातंत्र्यवीर सावरकर जयंती महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वीर सावरकर के राष्ट्रवाद, संघर्ष और सामाजिक सुधार के विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव और माय होम इंडिया के संस्थापक सुनील देवधर ने कहा कि वीर सावरकर का जीवन अप्रतिम देशभक्ति और अदम्य साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा, सावरकर ने न केवल देश की आजादी के लिए यातनाएं सहीं, बल्कि समाज में व्याप्त कुरीतियों और छुआछूत के खिलाफ भी पुरजोर आवाज उठाई। आज की युवा पीढ़ी को उनके अखंड भारत और 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को आत्मसात करने की आवश्यकता है। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय कौशिक ने 'माय होम इंडिया' और कला संस्कृति विभाग के साझा प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ऐसे महान नायकों के विचारों को छात्रों तक पहुंचाने के लिए सदैव तत्पर रहेगा, जिससे युवा पीढ़ी में उच्च नैतिक और राष्ट्रीय मूल्यों का विकास हो सके।

इस अवसर पर भाजपा हरियाणा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ऊषा प्रियदर्शी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में युवाओं से राष्ट्र निर्माण में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अमित चंद्रशेखर आज़ाद ने सावरकर के क्रांतिकारी जीवन के अनछुए पहलुओं को साझा किया और बताया कि उनके साहित्य ने देश के युवाओं में राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई।

## एक अन्य साइबर के मामले में 10 महीना मुंबई जेल में रहा है आरोपी

# मुंबई क्राइम ब्रांच का कर्मचारी बनकर की गई थी 30 लाख की ठगी, एकाउंट्स प्रोवाइडर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गिरफ्तारी का डर दिखाकर ठगी करने के एक मामले में खाता उपलब्ध कराने वाले आयुष निवासी गुरु हरिकिशन नगर दिल्ली को साइबर थाना एनआईटी की टीम ने गिरफ्तार किया है। जिसको पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एनआईटी फरीदाबाद में रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 16 जून 2025 को उसके पास एक कॉल आया, जिसने अपने आप को कथित मुम्बई क्राईम ब्रांच का इंस्पेक्टर बताया और कहा कि शिकायतकर्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके बाद एक



अन्य नंबर से पुलिस ऑफिसर की विडियो कॉल आई और जिसने शिकायतकर्ता को जेट एयरवेज मनी लॉन्ड्रिंग केस मे आरोपी बताया तथा कहां कि हॉउस अरेस्ट किया गया है व डिजीटल अरेस्ट के ऑर्डर उसके पास भेज देंगे। इस केस में 6 करोड 80 लाख रुपये देने पडेंगे व उसके केस की प्रोसीडिंग्स व्हाट्अप के माध्यम से विडियो कॉल पर ही की जायेगी। जहां पर सीनियर ऑफिसर और जज साहब बात करेंगे और इस बारे में न तो किसी को बताना है और न ही घर से बाहर जाना है। इसके बाद उन्होंने केस के निपटारे के लिए 50 लाख रुपए की मांग की। शिकायतकर्ता ने ठगों द्वारा बताए खाता में 30,20,000 रुपए भेज दिए। शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। आरोपित आयुष ने खाताधारक मनीष का खाता गौरव से लेकर विकास को दिया था।

## कार्रवाई में लुटेरा घायल

# पुलिस मुठभेड़ में स्नैचर व लुटेरा घायल,गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना इंदिरापुरम पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए स्नैचिंग और लूट की घटनाओं में शामिल एक शातिर लुटेरे को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में सक्रिय एक बदमाश वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने भागने की कोशिश करते हुए पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में। लुटेरा घायल हो



गया। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी, पीली धातु की चेन का टूटा हुआ टुकड़ा तथा एक अवैध तमंचा 315 बोर बरामद किया गया। इसके अलावा एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस भी पुलिस ने बरामद किया है। आरोपी गली नंबर 6 चंद बाग थाना दयालपुर दिल्ली मूल निवासी ग्राम अखेपुर थाना सरधना है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ के दौरान बताया कि मैं गाजियाबाद, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में राह चलते लोगों से महिलाओं से चैन लूटकर दिल्ली में सस्ते दामों में बेचकर पैसे कमा लेता हूँ । और उन पैसों को अपने शौक मौज में खर्च कर देता हूं दिनांक 22मई को भी उसने थाना इन्दिरापुम मे घटना की थी।

## प्रशासन ने आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया

# भाटिया मोड़ पर विद्यालय की भूमि से 15 वर्षों पुराना अवैध अतिक्रमण हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भाटिया मोड़ स्थित गुरुजी पिताजी महाराज फार्म पर स्थित विद्यालय की संपत्ति पर पिछले लगभग 15 वर्षों से हो रहे अवैध अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। इस संबंध में दिनांक 6 जून को आयोजित दिशा समिति की बैठक में सांसद अतुल गर्ग ने इस गंभीर विषय को प्रमुखता से उठाया तथा प्रशासन से आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया। सांसद के सतत प्रयासों एवं पहल के परिणामस्वरूप उसी दिन शाम को



एसीपी एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के नेतृत्व में भारी पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमित क्षेत्र को खाली कराया गया। लंबे समय से लंबित इस समस्या के समाधान से क्षेत्र के लोगों में प्रसन्नता का वातावरण है तथा विद्यालय की संपत्ति को सुरक्षित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## 2 इनवर्टर की बेटरी बरामद

# बड़खल मत्स्य पालन विभाग के कार्यालय से बेटरी चुराने का आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गांव बड़खल स्थित मत्स्य पालन विभाग के कार्यालय से इनवर्टर की बैटरी चोरी करने के मामले में अपराध शाखा सेक्टर 30 की टीम ने बडख़ल निवासी राशिद को गिरफ्तार किया है। जिससे इनवर्टर की दो बैटरी बरामद की गई हैं। पुलिस प्रवक्ता अनुसार ईश्वर सिंह निवासी बल्लभगढ़ ने पुलिस चौकी अनखीर में दी अपनी शिकायत में बताया कि 18-05-2026 को जब वह गांव बडकल स्थित ऑफिस आया तो देखा कि पीछे वाले दरवाजे का ताला टूटा हुआ था तथा ऑफिस से 2 लुमनस इनवर्टर बैटरी गायब थी, जिन्हें कोई नामपता नामालुम



व्यकित चुरा ले गया। जिस संबंध में थाना सूरजकुण्ड में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने 17 मई की रात को लोहे की रॉड से आफिस का ताला तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। वह पहले तो बेटरी को ऑफिस से थोड़ा दूर ले गया और फिर ऑटो किराए पर लेकर बेटरी को ले गया। आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक रिकार्ड रहा है। उस पर जुआ अधिनियम के अंतर्गत एक मामला पहले भी दर्ज है।

## लाइसेंसी रिवॉल्वर और 14 खाली कारतूस बरामद, आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

# सिक्योरिटी ऑफिसर ने पत्नी और बेटे की गोली मारकर की हत्या,अरेस्ट

गुरुग्राम ▶▶ धर्मेंद्र कौशिक

सेक्टर-5 थाना एरिया के अशोक विहार फेज-3 में घरेलू विवाद के चलते सिक्योरिटी ऑफिसर ने अपनी पत्नी और बेटे की लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। दरअसल, सेक्टर-5 थाना पुलिस को शनिवार की देर रात सूचना मिली कि अशोक विहार फेज-3 में एक व्यक्ति ने पत्नी और बेटे को गोली मार दी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो घायलों को अस्पताल ले जाया जा चुका था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस टीम ने घटनास्थल का फिंगरप्रिंट और सीन ऑफ क्राइम



टीम से निरीक्षण कराया। वारदात में प्रयोग की गई लाइसेंसी रिवॉल्वर व 14 खाली कारतूस को कब्जे में लिया गया। वहीं मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस को दी शिकायत में सिक्योरिटी ऑफिसर की बेटी ने बताया कि वह अपने मायके में आई हुई थी। शनिवार की रात करीब 11 बजे उसके पिता अनिल तंवर (56) और मां आशा (52) थर्ड फ्लोर पर सोने गए थे। कुछ देर बाद माता-पिता के झगडऩे की आवाज आई। वह थर्ड फ्लोर पर पहुंची तो पिता मां के साथ मारपीट कर रहे थे। इसी दौरान भाई प्रशांत (27) भी आ गया और पिता को समझाने लगा। आरोप है कि तभी अनिल अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर ले आया और आशा व प्रशांत पर फायरिंग कर दी।

### *घरेलू विवाद के चलते दिया वारदात को अंजाम*

*पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि आरोपी एक सिक्योरिटी कंपनी में सिक्योरिटी ऑफिसर के पद पर कार्यरत था। वहीं आशा रानी एक निजी स्कूल चलाती थी तथा उसी स्कूल में प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत थी। जबकि, प्रशांत अपनी मां आशा रानी के साथ स्कूल के प्रबंधन एवं संचालन का कार्य संभालता था। आरोपी के परिवार में काफी समय से पारिवारिक मतभेद व घरेलू विवाद चल रहा था। रात्रि को पत्नी के साथ हुए झगड़े के दौरान उसका पुत्र भी बीच-बचाव करने के लिए आ गया। इसी बात से गुस्से में आकर आरोपी ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से पत्नी व पुत्र पर फायरिंग कर दी।*

### *थाना प्रभारी का कहना*

*मामले में सेक्टर-5 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सत्यवान ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। वारदात में प्रयोग की गई लाइसेंसी रिवॉल्वर व 14 खाली कारतूस को घटनास्थल से कब्जा में लिया है। केस में नियमानुसार आगामी जांच कार्यवाही की जा रही है।*

## बिना अनुमति पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध

# नेहरु कॉलोनी एनआईटी 3 में धारा 163 लागू: जिला मजिस्ट्रेट आयुष सिंहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला मजिस्ट्रेट एवं उपायुक्त आयुष सिन्हा ने जनहित एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 07 जून 2026 को जिले में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए जनहित के मद्देनजर लागू किए गए हैं। यह आदेश एनआईटी-3 नेहरू कॉलोनी फरीदाबाद के क्षेत्र में प्रभावी रहेंगे। 07 जून 2026 को सार्वजनिक स्थान पर बिना अनुमति पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। आग्नेयास्त्र, तलवार, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, गंडासा, चाकू अथवा ऐसे अन्य हथियार लेकर चलने पर भी रोक रहेगी, पुलिस बल, कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में लगे सरकारी कर्मचारियों तथा उन समुदायों पर लागू नहीं होंगे जिन्हें परंपरागत रीति-रिवाजों के तहत हथियार धारण करने की अनुमति प्राप्त है। किसी भी प्रकार की हिंसा अथवा कानून व्यवस्था के लिए खतरा उत्पन्न करने की स्थिति में यह छूट स्वतः समाप्त मानी जाएगी।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली भाजपा द्वारा आयोजित जनसभा को किया संबोधित

# करावल नगर विधानसभा को मिली 138 करोड़ की सीवर विकास योजना की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्र विकास एवं जन विश्वास को समर्पित केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर रविवार को करावल नगर विधानसभा में दिल्ली भाजपा ने पहली जनसभा का आयोजन किया। इस जनसभा को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने क्षेत्रीय विधायक एवं दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा की उपस्थिति में सम्बोधित किया और करावल नगर विधानसभा को 138 करोड़ रूपये की सीवर विकास योजना की सौगात दी।

प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार, सांसद मनोज तिवारी, मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, विधायक अजय महावर, उत्तर पूर्वी जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. यू.के चौधरी ने भी जनसभा को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि करावल नगर क्षेत्र लंबे समय से जल निकासी, सीवर व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और आधारभूत ढांचे से जुड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा था। दिल्ली सरकार इन समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और आज का शिलान्यास उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य केवल घोषणाएं करना नहीं बल्कि धरातल पर परिणाम देना है। इसी सोच के साथ करावल नगर क्षेत्र में सीवर नेटवर्क के विस्तार, जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर विकास कार्य शुरू किए जा रहे हैं।

### मोदी सरकार ने लगातार दिल्ली का किया विकास : मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि विगत 12 साल में से 11 साल भाजपा विपक्ष में थी फिर भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार दिल्ली को विकास इन्फ्रास्ट्रक्चर दिया, ना जाने कितनी रोड, मैट्रो रेल एवं दिल्ली मेरठ रेल लाइन दिया तो वहीं भारत मंडपम एवं द्वारका में नया कॉम्प्लेक्स बना कर दिल्ली को वर्ल्ड क्लास मीटिंग सेंटर बना दिया है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में केन्द्र सरकार की दिल्ली को दी विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करेंगे। हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि आज हमने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ जहां करावल नगर को 138 करोड़ रूपए की सीवर विकास योजना दी है तो वहीं सोनिया विहार से वजीराबाद तक हमने यमुना जल को भी लगभग निर्मल कर दिया है।

## जल संकट के विरोध में कांग्रेस ने किया मटका फोड़ प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में पानी की कमी को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूरी दिल्ली में अलग अलग जगहों पर मटका फोड़ प्रदर्शन किए। कांग्रेस ने पानी की किल्लत को लेकर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर जमकर निशाना साधा। करावल नगर जिला अध्यक्ष मंगेश त्यागी द्वारा बुराड़ी में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि जल संकट के लिए आंखे बंद किए बैठी भाजपा जिम्मेदार है।

इसलिए भाजपा सरकार की आँखें खोलने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता राजधानी भर में मटका फोड़ विरोध प्रदर्शन कर रहे है। यादव ने कहा कि डीजेबी और दिल्ली की बीजेपी सरकार पानी संकट को हल करने के लिए कोई कोशिश नहीं कर रही हैं। यादव ने कहा कि रेखा सरकार गरीबों के खिलाफ है और तरह-तरह की मुसीबत में डालकर उन्हें दिल्ली से बाहर निकालना चाहती है। यादव ने कहा कि 15 साल तक कांग्रेस की सरकार के रहते दिल्ली में कभी पानी की ऐसी कमी का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा कि कई जगह तो सामने आया है कि जानबूझकर डीजेबी वाले जलापूर्ति नहीं करते। इन इलाकों में जानबूझकर डीजेबी पाइपलाइनों से पानी की आपूर्ति नहीं करती क्योंकि, ट्रिपल इंजन की बीजेपी सरकार अपनी पार्टी के शासन वाले पड़ोसी राज्यों को दिल्ली की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए और पानी छोड़ने के लिए राजी तक नहीं कर रहे।

## खबर संक्षेप

### एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने किया पौधारोपण

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायी पहल से चल रहे 'एक पेड़ मां के नाम ऑन संडे' अभियान के अंतर्गत नई दिल्ली पालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने रविवार को सेंट्रल गवर्नमेंट आरडब्ल्यूए, नॉर्थ वेस्ट मोती बाग आरडब्ल्यूए द्वारा कम्युनिटी सेंटर में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए), टाइप 2 एवं टाइप 3 के सचिव एम. एस. हक़, सदस्य रथीश एम. के. तथा आरडब्ल्यूए टाइप 4, नॉर्थ वेस्ट मोती बाग के अध्यक्ष आर. एन. प्रसाद, सचिव मधुलिका एवं सदस्य सौरव अग्रवाल ने भी भाग लिया।

### दिल्ली कांग्रेस का नेशनल टैलेंट हंट का दूसरे दिन समापन

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित प्रदेश स्तर के दो दिवसीय नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम का दूसरे दिन रविवार को समापन हुआ। जबकि शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर संगठन महासचिव व नेशनल टैलेंट हंट के संयोजक अनिल भारद्वाज, एआईसीसी से प्रभारी काज़ी निज़ामुद्दीन, पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अमी याज्ञनिक, हरियाणा की विधायक गीता भुक्कल और नेशनल टैलेंट हंट के सह-संयोजक अनुज आत्रेय आदि शामिल थे। इस मौके पर अनिल भारद्वाज ने कहा कि नेशनल टैलेंट हंट के द्वारा कांग्रेस पार्टी युवाओं को नए अवसर देने जा रही है। यही कारण है कि इस प्रोग्राम को युवाओं से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। भारद्वाज ने कहा कि अनिल भारद्वाज ने कहा यह पहल मौजूदा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नए लोगों, दोनों के लिए खुली है जो कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और मूल्यों में विश्वास रखते हैं।

## डीटीसी के बेड़े में शामिल होंगी 2800 एसी लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसें : पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पीएम ई-ड्राइव स्कीम के तहत 9 मीटर वाली 1400 बसें और 12 मीटर वाली 1400 इलेक्ट्रिक बसों को डीटीसी के बेड़े में शामिल किया जाएगा

दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में दिल्ली सरकार भारत सरकार की पीएम ई-ड्राइव स्कीम (प्रधानमंत्री इलेक्ट्रिक ड्राइव रेवोलुशन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट) के अंतर्गत पूरी तरह से इलेक्ट्रिक 2800 वातानुकूलित लो-फ्लोर बसों को डीटीसी के बेड़े में शामिल करने जा रही है।

इस बात की जानकारी रविवार का दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित योजना के तहत 1400 नौ-मीटर और 1400 बारह-मीटर वाली इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं। इस पहल से पूरे दिल्ली में पब्लिक ट्रांसपोर्ट तक पहुंच बेहतर होगी और 'लास्ट-माइल कनेक्टिविटी' को भी मजबूती मिलेगी। खासकर दिल्ली के उन इलाकों में जहां अभी सुविधाएं कम हैं या फिर जो शहर के बाहरी इलाके में स्थित हैं।

डॉ. पंकज ने कहा कि दिल्ली ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट को राजधानी दिल्ली में पहले से चल रही नौ-मीटर वाली इलेक्ट्रिक बसों के प्रदर्शन के बेहद सकारात्मक नतीजे दिखाई दिए हैं, खासकर ये बसें लोकल और फीडर ट्रांसपोर्ट की जरूरतों को पूरा करने में बेहद प्रभावी साबित हुई हैं। इसी अनुभव के आधार पर नई इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करने का उद्देश्य एक ऐसा संतुलित बेड़ा बनाना है, जो ज़्यादा भीड़-भाड़ वाले रास्तों और आस-पास के इलाकों की फीडर कनेक्टिविटी की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करेगा। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि यह पहल दिल्ली सरकार के उस बड़े विजन का हिस्सा है, जिसका मकसद पूरे शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए डीटीसी की बसों की संख्या बढ़ाना और जीरो-एमिशन आधारित ट्रांसपोर्ट संसाधनों की हिस्सेदारी को भी बढ़ावा देना है।

## सरकार की मौजूदगी हर मोहल्ले और हर नागरिक तक महसूस होनी चाहिए : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सरकार की मौजूदगी हर मोहल्ले और हर नागरिक तक महसूस होनी चाहिए। सभी अधिकारियों नियमित रूप से जनता के बीच जाएं, उनकी समस्याओं को समझें और यह सुनिश्चित करें कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंचे।

यह निर्देश रविवार को दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने वरुणालय में आयोजित समीक्षा बैठक में जोनल रेवेन्यू अधिकारियों को दिए। इस बैठक में उन्होंने जोनल रेवेन्यू अधिकारियों के साथ विभिन्न प्रशासनिक विषयों पर चर्चा की तथा पारदर्शी, ईमानदार और जनकेंद्रित कार्यशैली अपनाने पर विशेष बल दिया। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री प्रवेश ने कहा कि सरकार की योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की सफलता तभी सुनिश्चित होती है, जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। लोकसेवा में जवाबदेही के महत्व को रेखांकित करते हुए मंत्री ने अधिकारियों से पूर्ण पारदर्शिता, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल कार्यालयों तक सीमित न रहें, बल्कि लोगों के बीच जाकर सरकार और जनता के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभाएं।

मंत्री प्रवेश ने कहा कि हर नागरिक को यह जानकारी होनी चाहिए कि सरकार उसके लिए क्या सुविधाएं और योजनाएं चला रही है तथा वह उनका लाभ कैसे प्राप्त कर सकता है। हमारे अधिकारियों को लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझना होगा और पूरी ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ उनका समाधान करना होगा। लोकसेवा एक जिम्मेदारी है, जिसे पारदर्शिता, समर्पण और जवाबदेही के साथ निभाना आवश्यक है। मंत्री ने कहा कि सरकार और जनता के बीच विश्वास नियमित संवाद, त्वरित कार्रवाई और उत्तरदायी प्रशासन के माध्यम से मजबूत होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी पात्र नागरिक को जानकारी के अभाव या प्रशासनिक देरी के कारण सरकारी सुविधाओं से वंचित न रहना पड़े।

## इंद्राज ने प्रकाश विहार में किया 18 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रकाश विहार, शाहबाद एक्सटेंशन-दो में मुख्यमंत्री विकास निधि के अंतर्गत सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली सरकार द्वारा 18 करोड़ रुपए की लागत से गली एवं नाले के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना तथा स्थानीय नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मंत्री इंद्राज ने कहा कि बवाना विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से विकास कार्य न होने के कारण अनेक मूलभूत समस्याएं उत्पन्न हो गई थीं। वर्तमान सरकार इन समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जा रहा है। मंत्री इंद्राज ने कहा कि सरकार पानी, बिजली, सड़क, नालियां, जल निकासी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा तथा आवागमन जैसी बुनियादी सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। यही कारण है कि क्षेत्र में विकास कार्यों की गति लगातार बढ़ रही है और लोगों को इसका लाभ भी मिल रहा है। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक, संबंधित विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## वीकेंड पर पारा पहुंचा 41 डिग्री पार, अगले तीन दिन भीषण गर्मी के आसार

**नई दिल्ली।** एक बार फिर राजधानी में भीषण गर्मी के चलते वीकेंड पर अधिकतम पारा बढ़कर 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान भी 27 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज हुआ। दिनभर भीषण गर्मी और उमस ने लोगों को वीकेंड पर घरों के अंदर बंद रहने के लिए मजबूर किया। हालांकि कहीं कहीं हल्की बारिश जरूर देखने को मिली लेकिन पूरी दिल्ली में झमाझम बरसात के लिए लोग इंतजार ही करते रह गए। कहा जा सकता है कि इस समय प्री मानसून की बारिश दिल्ली से मुंह मोड़े बैठी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 1.6 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के सामान्य से 0.1 डिग्री ज्यादा है। सुबह से ही मौसम ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया था। आईएमडी के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच दिल्ली के पालम में 2.6 मिमी और आया नगर में महज 0.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं अधिकांश दिल्ली के हिस्सों में उमस व गर्मी ने लोगों को बुरी तरह परेशान किया। आईएमडी ने कहा है कि 8-10 जून तक दिल्ली में भीषण गर्मी की प्रबल संभावना दिखाई दे रही है, इस बीच तापमान बढ़कर 42-44 डिग्री तक भी पहुंच सकता है।

## युवा दैनिक जीवन में साइकिल चलाना और व्यायाम को करें शामिल : आशीष

**शिक्षा मंत्री ने 'पैडल द बीट-संडे ऑन साइकिल' अभियान का नेतृत्व कर दिया फिटनेस का संदेश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के युवा अपने दैनिक जीवन में साइकिल चलाना और अन्य शारीरिक गतिविधियों को शामिल करें। इससे न केवल हमारा स्वास्थ्य बेहतर होगा बल्कि प्रदूषण और ईंधन की खपत को कम करने में भी मदद मिलेगी। यह बात रविवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने अपने विधानसभा क्षेत्र जनकपुरी में पैडल द बीट-संडे ऑन साइकिल' अभियान का शुभारंभ के अवसर पर कही।

इस दौरान उन्होंने साइकिल रैली का नेतृत्व किया। फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साइकिल रैली की शुरुआत एसकेवी, ए-ब्लॉक, जनकपुरी से हुई और यह सीएम श्री स्कूल, सी-4ई, जनकपुरी (गेट नं. 3) तक पहुंची। पूरे साइकिल मार्ग में प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था।

बच्चों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और फिटनेस प्रेमियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली का संदेश दिया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि साइकिल चलाना केवल एक खेल या व्यायाम नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण और जिम्मेदार नागरिकता की पहचान है। आज के समय में जब सब लोग मोटापे और बीमारियों का शिकार हो रहे है ऐसे में उनको स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना आवश्यक है।

### 14 जून को यमुना के कई घाटों पर आयोजित होगा स्वच्छता और जन जागरूकता अभियान

# जनभागीदारी से ही संभव है स्वच्छ, निर्मल और अविरल यमुना का संकल्प : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जनभागीदारी से ही स्वच्छ, निर्मल और अविरल यमुना का संकल्प संभव है। यह बात रविवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार यमुना नदी को उसका गौरव लौटाने, नदी के तटों को स्वच्छ बनाने व पर्यावरण संरक्षण के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से 14 जून को यमुना तट स्वच्छता अभियान-2026 का आयोजन करेगी। इस महाअभियान में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता स्वयं शामिल होंगी और नागरिकों के साथ मिलकर स्वच्छ एवं स्वस्थ यमुना के संकल्प को मजबूत करेंगी।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यमुना केवल नदी नहीं, बल्कि दिल्ली की सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यावरणीय धरोहर है।

यमुना के संरक्षण का दायित्व सरकार के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक का भी है। इसी सोच को जन-जन तक पहुंचाने और सामूहिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए यह व्यापक अभियान आयोजित किया जा रहा है। 14 जून को यमुना रिवरफ्रंट के प्रमुख घाटों पर एकसाथ स्वच्छता और जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। अभियान में लगभग 500 सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक और स्वयंसेवी संगठनों के साथ हजारों स्वयंसेवकों की भी भागीदारी होगी। यह कार्यक्रम जनशक्ति और जनसंकल्प के माध्यम से यमुना को स्वच्छ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष भी यमुना व उसके घाटों को स्वच्छ बनाने के लिए 'मेरी यमुना, मेरा कर्तव्य' अभियान चलाया गया था। इसमें भी हजारों स्वयंसेवकों ने भाग लिया था और 12 टन से अधिक अपशिष्ट (वेस्ट) एकत्र कर उसका वैज्ञानिक निस्तारण किया गया था। उस अभियान को मिले उत्साहजनक जनसमर्थन ने यह सिद्ध किया कि यदि समाज और सरकार साथ मिलकर कार्य करें तो बड़े बदलाव संभव हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का अभियान और अधिक व्यापक स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है।



## 'खेत बचाओ अभियान से किया जा रहा है किसानों को जागरूक'

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार पूरे देश में 'खेत बचाओ अभियान' चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखते हुए कृषि उत्पादन बढ़ाना है। कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके), दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. डी. के. राणा ने गत दिनों झटीकेरा गांव में किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, दिल्ली द्वारा निर्धारित रूट मैप के अनुसार अभियान के दौरान दिल्ली के 'दक्षिण-पश्चिम, उत्तर-पश्चिम और उत्तरी जिलों' के विभिन्न गांवों में ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम एक जून से शुरू हो चुका है और 30 जून, 2026 तक संचालित होगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को नवीन कृषि तकनीकों, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। डॉ. राणा ने कहा कि मृदा स्वास्थ्य की नियमित जांच और उर्वरकों का संतुलित उपयोग न केवल खेती की लागत को कम करता है, बल्कि फसलों की गुणवत्ता और उत्पादकता में भी सुधार लाता है। उन्होंने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जैविक एवं प्राकृतिक खेती के विकल्पों तथा कृषि क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।



# 70 दिन जेल में बंद डायरेक्टर ने देखा अलग हिंदुस्तान ...

**मुंबई।** हॉरर फिल्में बनाने वाले विक्रम भट्ट पिछले साल धोखाधड़ी के मामले में करीब 70 दिनों तक जेल में थे। उन्होंने अपने जेल के दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्होंने जेल में एक अलग हिंदुस्तान देखा। विक्रभ भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट को दिसंबर 2025 में गिरफ्तार किया गया था। कपल पर आरोप था कि उन्होंने इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक डॉ. अजय मुंडिया से उनकी दिवंगत पत्नी पर एक बायोपिक बनाने के नाम पर भारी रकम ली थी, लेकिन फिल्म नहीं बनाई। विक्रम भट्ट ने बताया कि वहां उनकी कई लोगों से दोस्ती हो गई थी। उन्होंने कुछ ऐसे दोस्त बनाए हैं जो जीवन भर के लिए उनके दोस्त बन गए।

लाइफ Style



# तापसी

## सिनेमा इंडस्ट्री में होता है उम्र को लेकर भेदभाव

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तापसी पन्नू बड़े पर्दे पर ऐसी फिल्में करती हैं, जो महिलाओं से जुड़े मुद्दे उठाती हैं। असल जिंदगी में भी हर मुद्दे पर वह बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। हाल ही में तापसी पन्नू ने एक्ट्रेस के साथ उम्र को लेकर किए जा रहे भेदभाव पर बात की है।

तापसी पन्नू ने हाल ही में एक अहम मुद्दे पर बात की है। वह महिला कलाकारों के साथ हो रहे भेदभाव का जिक्र करती हैं। खुद भी वह ऐसी ही चुनौती का सामना कर रही हैं। तापसी का कहना है कि बढ़ती उम्र के कारण उन्हें कुछ खास तरह के किरदार ऑफर ही नहीं हो रहे हैं, मेकर्स को लगता है कि वो ऐसे किरदारों के लिए बड़ी हैं। एक इंटरव्यू में तापसी पन्नू कहती हैं, 'जब तक आप इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाते हैं, तब तक आप 30 साल के हो चुके होते हैं। फिर वे कहते हैं कि आप रोमांटिक-कॉमेडी में काम करने के लिए उतने यंग नहीं हैं। लेकिन मेल एक्टर्स के मामले में ऐसा नहीं होता है। इंडस्ट्री में उम्र को लेकर भेदभाव एक बड़ी बात है।' आगे तापसी पन्नू कहती हैं, 'साउथ में भी मेरे साथ ऐसा होता था। जैसे ही मुझे किसी सीनियर एक्टर के अपोजिट कास्ट किया जाता, यंग एक्टर मेरे साथ काम नहीं करना चाहते थे।' तापसी फिर बॉलीवुड का जिक्र करते हुए कहती हैं, 'शाहरुख खान के बारे में तो आप ऐसी बात कहने की हिम्मत भी नहीं कर सकते हैं।' इस तरह तापसी ने जाहिर किया दिया कि उम्र को लेकर भेदभाव सिर्फ एक्ट्रेसेस के साथ होता है, मेल एक्टर्स के करियर पर उम्र बढ़ने का कोई असर नहीं होता है।

हॉलीवुड मसाला



# वेडिंग सेलिब्रेशन पर मचा बवाल

**नई दिल्ली।** मशहूर गायिका दुआ लिपा ने ब्रिटिश एक्टर कैलम टर्नर से हाल ही में लंदन में एक प्राइवेट सिविल सेरेमनी में शादी रचाई थी। इसके बाद कपल ने एक लैविश सेलिब्रेशन किया जिस पर बवाल मच गया है। दरअसल, शादी के बाद दुआ लिपा और कैलम टर्नर ने इटली में तीन दिनों तक एक लैविश वेडिंग सेलिब्रेशन किया। अब उन्हें सेलिब्रेशन का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। हुआ यूं कि दुआ लिपा के लैविश सेलिब्रेशन के चक्कर में सिसिली के लोगों में गुस्सा फूट पड़ा।



# बैकरूम्स की कमाई देखकर हुए हैरान...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग अक्सर नई फिल्में देखतें हैं। जो फिल्में उन्हें अच्छी लगती हैं उनकी तारीफ करते हैं। हाल ही में नई रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्में ऑब्सेस्ड और बैकरूम्स 79 साल के स्पीलबर्ग को बहुत पसंद आईं हैं। दोनों फिल्में कम बजट की हैं और अच्छी कमाई कर रही हैं। इसलिए उन्होंने दोनों फिल्मों की तारीफ की है। एक बातचीत में स्पीलबर्ग ने ऑब्सेशन और बैकरूम्स के बारे में कहा 'मैं उनके लिए बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि यह बहुत शानदार है।' उन्होंने जोश के साथ कहा, 'मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छी बात है कि उनके पास बहुत कम पैसे थे- खासकर ऑब्सेशन का बजट 1 मिलियन डॉलर (लगभग 8 करोड़ रुपए) से भी कम था और दूसरी फिल्म का बजट शायद नौ या दस मिलियन डॉलर (लगभग 86 करोड़ रुपए) था। फिर भी वे इतना अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। मैं उनकी तारीफ करता हूं।'



# को-एक्टर के गलत व्यवहार का किया खुलासा

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस प्रिया बापट ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों का एक परेशान करने वाला किस्सा शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उनकी डेब्यू फिल्म के एक गाने की शूटिंग के दौरान उनके को-एक्टर बार-बार उन्हें किस कर रहे थे, जिससे वह काफी परेशान हो गई थीं। एक इंटरव्यू में प्रिया ने बताया कि उन्होंने शुरुआत से ही इस किसिंग सीन को लेकर सवाल उठाए थे और स्क्रिप्ट रीडिंग के दौरान डायरेक्टर से इसकी जरूरत पर भी बात की थी। इस घटना को याद करते हुए 'मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस' की एक्ट्रेस ने कहा, 'गाने के दौरान ऐसे कई मौके आए जब वह एक्टर बार-बार इम्प्रोवाइज कर रहा था और मुझे किस किए जा रहा था। और मैं... पता नहीं क्यों, उस समय अपने लिए खड़ी नहीं हो पाई, क्योंकि मुझे समझ नहीं आ रहा था कि इस स्थिति को कैसे संभालूं।'



# अभय ने शेयर की बीटीएस तस्वीरें

**मुंबई।** 'मुंज्या' के दो साल पूरे होने पर अभय वर्मा ने फिल्म के सेट से कई बिहाइंड-द-सीन्स तस्वीरें शेयर कीं और एक इमोशनल नोट लिखकर उस सफर के लिए आभार जताया, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी। अभय ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'मुंज्या के 2 साल!! इस दिन ने सब कुछ हमेशा के लिए बदल दिया। आज भी जब आप मुझे बिट्टू बुलाते हैं तो मेरा दिन बन जाता है... और इस प्यार के लिए कुछ भी। आप सबने मुझे वो जिंदगी दी है, जिसका मैं सिर्फ सपना देख सकता था! जल्दी मिलते हैं।अभय वर्मा के वर्क फ्रंट की बात करें तो लाइकी लाइका और दिलकशी के अलावा वह शाहरुख खान की अगली बड़ी फिल्म किंग में भी नजर आएंगे। यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं।

टीवी मसाला




# एकता के इन टीवी शोज ने बदल दी सीरियल्स की तकदीर

**नई दिल्ली।** भले ही धीरे-धीरे भारतीय टीवी शोज ओटीटी की तरफ शिफ्ट होने लगे हैं, लेकिन टीवी सीरियल्स की दीवानगी कम नहीं हुई है। सास बहू ड्रामा से लेकर घर-घर की कहानियों तक, एकता कपूर ने भारतीय टेलीविजन की दुनिया को फर्श से अर्श तक पहुंचाया है। एकता कपूर ने भारतीय टीवी शोज को दूरदर्शन के धारावाहिकों से बिलकुल अलग एंगल दिया और कई घरों में सैटेलाइट टीवी इसलिए पहुंचा, क्योंकि औरतें इन शोज के बारे में बातें करती थीं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी : हम इस शो का नया सीजन आज भी टीवी पर देखते हैं। स्मृति ईरानी को टीवी की सुपरस्टार बनाने का क्रेडिट इसी शो को जाता है। साल 2000 का यह सबसे कामयाब शो था। स्मृति और एकता ने मिलकर टीआरपी के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। कहानी घर घर की : यह वो सीरियल था जिससे हर दर्शक रिलेट कर पाता था। घर-घर की नोक-झोंक और मुश्किलों को जब एकता ने छोटे पर्दे पर उतारा तो दर्शक फौरन इस शो से जुड़ गए। साक्षी तंवर स्टारर यह शो आज भी लोगों को अच्छी तरह याद है। कसौटी जिंदगी की: एकता कपूर प्रोडक्शन का यह शो और इसके किरदार आज भी लोगों को याद हैं। कोमोलिका से लेकर प्रेरणा और अनुराग जैसे किरदार घर-घर में मशहूर हो गए थे और इस शो का बाद में एक नया सीजन भी लाने की कोशिश एकता ने की थी। पवित्र रिश्ता : सबके चहेते एक्टर सुशांत सिंह राजपूत को टीवी की दुनिया में चमकाने का काम एकता कपूर ने इसी शो के जरिए किया था। सुशांत और अंकिता लोखंडे की जोड़ी ने इस सीरियल के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया था। बड़े अच्छे लगते हैं : आपको उस दौर के जितने भी टीवी शोज के नाम याद हैं, ज्यादा संभावना इसी बात की है कि वो एकता कपूर ने बनाए थे।

## कहां गया शक्तिमान का डॉ जैकाल?

**नई दिल्ली।** 'शक्तिमान' में पॉपुलर कैरेक्टर्स में से एक 'डॉ जैकाल' भी था, जिसे लोग देखने के वक्त भले ही नफरत करते हो, लेकिन आज वह एक



यादगार किरदार बन चुका है। शो में 'डॉ जैकाल' का किरदार निभाने वाले अभिनेता ललित परिमू अभी अभिनय करते भी हैं और खुद का एक्टिंग स्कूल भी चलाते हैं। हाल ही में दूरदर्शन पर उनका नया शो 'सेठ पन्नालाल की बारादरी' प्रसारित हो रह है। शक्तिमान के अलावा सीआईडी, क्राइम पेट्रोल, हैदर, मुबारकन और एजेंट विनोद जैसी फिल्मों में नजर आए ललित परिमू ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में बताया कि जब वह 28 साल के थे, तो उन्होंने धर्मगुरु बनने के बारे में सोचा था। अभिनेता ने कहा, ध्यान, अध्ययन और योग के लंबे अभ्यास के कारण मैं धर्मगुरु बनने के बहुत करीब था। मैं एक ऑर्गेनाइजेशन के साथ जुड़ा हुआ था, जहां कुछ लोगों की टीम थी और वह मुझे लॉन्च करने के लिए तैयार थे। मैं दूसरी ही दुनिया में कदम रखने जा रहा था, जिस कारण मैंने टीवी और बॉलीवुड में काम करना कम कर दिया था।

# 60 की उम्र में शादी करने में क्या गलत है : राखी गुलजार



**मुंबई।** आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से जल्द शादी करने वाले हैं। आमिर ने खुद कन्फर्म किया है कि वह गौरी के साथ अपने रिलेशन का नेक्स्ट स्टेप लेने वाले हैं। आमिर के इस फैसले पर कई लोग हैरान हैं क्योंकि 60 की उम्र में वह तीसरी शादी करने वाले हैं। अब आमिर के इस फैसले पर एक्ट्रेस राखी गुलजार का रिएक्शन आया है। राखी ने कहा, '60 की उम्र में शादी करने में क्या गलत है? रोबर्ट डी निरो ने 2 बार शादी की थी और अब टिफनी चेन के साथ रिलेशनशिप में हैं, जिसके साथ उनकी बेटी भी है जिसका जन्म 2023 में हुआ था। उनका बच्चा तब हुआ जब वह 80 साल के थे। शादी में खुशी उम्र को लेकर नहीं होती है।' राखी ने आगे कहा कि उन्होंने कभी आमिर के साथ काम नहीं किया है, लेकिन वह जानती हैं कि आमिर काफी अच्छे इंसान हैं। उन्हें यह भी पसंद है कि कैसे आमिर ने तलाक के बाद अपनी दोनों एक्स वाइफ के साथ अच्छा रिलेशन रखा है। इससे पता चलता है वह इंसान कितने अच्छे हैं। बता दें कि आमिर ने शादी कन्फर्म करते हुए कहा था, 'मैं फिलहाल यूएस में ट्रैवल कर रहा हूं, लेकिन हां शादी की खबर सही है। हम 5 जुलाई को शादी करेंगे।' रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर और गौरी की शादी में सिर्फ क्लोज फ्रेंड्स और परिवार वाले शामिल होंगे। आमिर जो पहले कहते थे कि शादी अभी उनके लिए जरूरी नहीं है, वह अब कह रहे हैं कि उन्हें और गौरी को लगता है कि वे अब अपने रिलेशन को एक स्टेप आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। बता दें कि आमिर ने गौरी के साथ अपना रिलेशनशिप अपने 60वें बर्थडे में किया था। आमिर ने कहा था कि दोनों कुछ समय से साथ हैं और एक-दूसरे के साथ खुश हैं। आमिर की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट सितारे जमीन पर में नजर आए थे जिसमें उनके साथ जेनेलिया डिसूजा थीं। फिल्म सुपरहिट थी। अब आमिर की बतौर एक्टर किसी फिल्म की अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन बतौर प्रोड्यूसर उनकी फिल्म आ रही है बंटवारा 1947 जिसमें सनी देओल और प्रीति जिंटा लीड रोल में हैं।

# सनी की फिल्म लाहौर 1947 का नाम बदलकर हुआ 'बंटवारा'

**मुंबई।** सनी देओल की इस साल की बड़ी पीरियड ड्रामा फिल्म, जिसका पहले नाम 'लाहौर 1947' था, कथित तौर पर इसके नाम में बड़ा बदलाव किया गया है। राजकुमार संतोषी की निर्देशित और आमिर खान प्रोडक्शंस की बनाई इस फिल्म का नाम बदलकर 'बंटवारा' कर दिया गया है। नए नाम से फिल्म को लेकर उत्सुकता पहले ही बढ़ चुकी है, वहीं आमिर खान के इस नाम के राइट्स हासिल करने के बारे में नए खुलासे सामने आए हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'बंटवारा' के टाइटल के राइट्स दिवंगत निर्माता सलीम अख्तर के परिवार के पास थे, जिन्होंने 1989 में इसी नाम की फिल्म बनाई थी। खबरों के मुताबिक, आमिर




खान ने व्यक्तिगत रूप से परिवार से मुलाकात करने के बाद ये राइट्स हासिल किए। एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, 'फिल्म की टीम इस बात पर अड़ी थी कि वे फिल्म का नाम लाहौर 1947 नहीं रखना चाहते थे। उन्होंने पहले 'बंटवारा 1947' नाम तय किया था। लेकिन बाद में सभी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि फिल्म का नाम सिर्फ 'बंटवारा' ही होना चाहिए। हालांकि, '1947' हटाकर सिर्फ 'बंटवारा' रखने का मतलब था टाइटल के राइट्स हासिल करना।'

## टाइटल के राइट्स सलीम के परिवार के पास

सूत्र ने आगे बताया कि टीम को बाद में पता चला कि टाइटल के अधिकार सलीम अख्तर के परिवार के पास थे, क्योंकि उन्होंने 1989 में फिल्म 'बंटवारा' बनाई थी। अंदरूनी सूत्र ने आगे कहा, 'टीम को पता चला कि सलीम अख्तर के परिवार के पास टाइटल के अधिकार हैं, क्योंकि निर्माता ने 'बंटवारा' (1989) बनाई थी। दिग्गज फिल्म निर्माता करीम मोरानी ने आमिर खान और सलीम अख्तर के बेटे समद की मुलाकात कराने में मदद की। दरअसल, आमिर समद के घर गए और उनकी मां और सलीम साहब की पत्नी शमा से भी मिले।' रिपोर्ट के अनुसार, 'यह मुलाकात अच्छी रही। बताया जाता है कि आमिर ने परिवार को सलीम अख्तर के साथ 1995 में रिलीज हुई फिल्म 'बाजी' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने यह भी समझाया कि फिल्म के विषय के लिए 'बंटवारा' टाइटल क्यों सटीक है। अख्तर परिवार ने उनकी बात समझी और इसलिए उन्होंने आमिर को फिल्म के राइट्स बेच दिए।'

## हर दृश्य सस्पेंस पैदा करता है कि कहीं सामने मौजूद पात्र तो नहीं है खूनी

# 60 साल पुरानी यह कल्ट फिल्म मिस्ट्री थ्रिलर में है सबसे अनोखी

*मुंबई। राज खोसला साहब को सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों को खूबसूरती से फिल्माने में महारत हासिल थी। वे अल्फ्रेड हिचकाक के प्रशंसक थे, पर खुद खोसला साहब की सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों में एक नया ही स्टाइल दिखता है। सामान्यत: अल्फ्रेड हिचकाक की फिल्मों में आरंभिक दो-तीन दृश्यों में ही मर्डर सामने आता है, फिर शुरू होती है हत्यारे तक पहुंचने की गुत्थी सुलझाने की कोशिश। हर दृश्य सस्पेंस पैदा करता है कि कहीं खूनी सामने मौजूद पात्र तो नहीं है। ये उनकी फिल्मों की खासियत थी, अब आप राज खोसला साहब की सस्पेंस फिल्मों को देखिए। 'मेरा साया' फिल्म में कोई मर्डर नहीं होता। हालांकि, पहले ही दृश्य में सुनील दत्त जी के पात्र राकेश की पत्नी गीता बनीं साधना को उनकी ही बाहों में दम तोड़ते देखा जाता है। गम का माहौल है।*



## फिल्म की कहानी

फिर कुछ ही दृश्यों में एक नई पहेली खड़ी हो जाती है। साधना की हमशक्ल डकैत को पुलिस सामने लेकर आती है, पर उसका दावा है कि वह राकेश की पत्नी है। इस दावे का सच सामने लाने की गुत्थी सुलझाने की कोशिश में मामला अदालत पहुंचता है। हर दृश्य से सस्पेंस बढ़ता है। एक ओर सुनील दत्त हैं जो जब गवाह के रूप में विटनेस बॉक्स में आते हैं तो उनका अंदाज अलग दिखता है, पर जब काला कोट पहनकर अदालत में जिरह करते हैं तो लगता है मानो अलग इंसान सामने है। वहीं, साधना को देखिए, सामान्यतः ऐसी परिस्थिति में महिला बेबस महसूस करती है, पर साधना एक सशक्त स्त्री के तौर पर सामने आती हैं। जब वो ये कहती हैं कि मुझे अपने पति से अकेले में कुछ बात करनी है। जज उनकी बात को मान लेते हैं और दोनों को अकेले में बात करने के लिए कुछ समय दिया जाता है। एकांत में वार्तालाप के उस दृश्य में कोई संवाद नहीं हैं। बस दोनों के चेहरे पर एक्सप्रेशन दिखते हैं।

## कमाल का था राज खोसला का निर्देशन

राज खोसला साहब जैसे फिल्मकार विरले ही हैं। उनकी फिल्ममेकिंग की खूबी थी कि कैमरे और लाइटिंग उपकरणों को एक जगह प्लेस करते थे, उसके सामने की चीजें बदलती रहती थीं जैसे पर्दे या फर्नीचर बदल दिया। कैमरे का एंगल ऊपर-नीचे होता था, पर उसकी पोजिशनिंग वही रहती थी। फिल्म 'बॉबी' के दौरान जब मैं राज कपूर को असिस्ट कर रहा था तो उन्हें भी ऐसे ही फिल्मांकन करते देखा था। वो भी कैमरे को एक जगह सेट करते थे और उसके सामने की चीजें बदलते रहते थे। फिल्मांकन का ये तरीका अपनाने पर समय की काफी बचत होती थी। जो शूटिंग कई दिन का समय लेती थी, उसे वे महज कुछ ही घंटों में पूरा कर लेते थे।

## क्लाइमैक्स करता है शॉक

जब सुनील दत्त कमरे से निकलते हैं तो उनके मुंह से एक शब्द निकलता है इंपॉसिबल। बिना संवादों के ही बहुत कुछ कह जाने वाला ये क्लाइमेक्स जबरदस्त था। राज खोसला साहब की फिल्मों की जान होता था संगीत। यह शायद इस वजह से भी था कि वह संगीत जगत में कॅरियर बनाने के इरादे से मुंबई आए थे, पर किस्मत को तो कुछ और ही मंजूर था। गुरु दत्त और देव आनंद के साथ जुड़कर बतौर निर्देशक उन्हें फिल्म 'सीआईडी' से पहचान मिली। हालांकि, संगीत से लगाव कम नहीं हुआ। उनकी फिल्म में संगीत भी कहानी की लय में चलता था।

## संगीत हुआ अमर

'मेरा साया' फिल्म के साथ भी ऐसा ही है। फिल्म की कहानी में सस्पेंस है, पर पति-पत्नी के बीच फ्लैशबैक में दिखता रोमांस और मदन मोहन का मधुर संगीत फिल्म की जान है। रजा मेहदी अली खान साहब द्वारा लिखे 'झुमका गिरा रे' गाने में साधना के सिर्फ डांस स्टेप्स ही नहीं, बल्कि चेहरे के भाव भी उसे खास बनाते हैं। इसमें डांस कोरियोग्राफी से इतर निर्देशक का ही नजरिया झलकता है। आजकल तो बैकग्राउंड डांसर्स की भीड़ रहती है। पापा (एच.एस. रवेल) की फिल्म 'मेरे महबूब' के दौरान साधना से मेरी मुलाकात हुई थी। उनका अभिनय, स्टाइल और एलीगेंस कमाल का था।

## खबर संक्षेप

### अधिकारी ने पत्नी-ससुर पर लगाया ठगी का आरोप



**रांची।** रातू थाना क्षेत्र में भारतीय वायुसेना के अधिकारी ने पत्नी और ससुर पर 23 लाख रुपए से अधिक की ठगी का आरोप लगाते हुए रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अधिकारी के अनुसार शादी के बाद पारिवारिक जरूरतों व आर्थिक कारणों का हवाला देकर पत्नी और ससुर ने कई बार रुपए लिए। यह राशि 23 लाख से अधिक हो गई।

### 12 नर्सिंग होम पर ताला, डॉक्टर पर डंडा चला



**मुजफ्फरपुर।** यहां प्रसाद हॉस्पिटल अग्निकांड के बाद निजी अस्पतालों पर प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गई है। प्रसाद हॉस्पिटल को खाली कराने के साथ एक हिस्से को सील कर दिया गया है। अन्य निजी अस्पतालों में जांच की जा रही है। अब तक 12 नर्सिंग होम को सील कर दिया गया है। मामले की जांच के दौरान निजी अस्पतालों में काम करने वाले सरकारी डॉक्टरों के कारनामों की परतें खुल रही हैं।

### सिपाही भर्ती परीक्षा :रोडवेज चलाएगा अतिरिक्त बसें




**लखनऊ।** यूपी पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा 8,9 व 10 जून को प्रदेशभर में कराई जा रही है। इसमें 28 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। ऐसे में अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की है। राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने सुरक्षित आवागमन व सुगम यातायात व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

# काशी में शहर के बाहर शिफ्ट होंगी मीट-मछली की दुकानें, 5 स्थान किए गए चिह्नित

काशी में मीट-मांस और मछली के कारोबार को लेकर नगर निगम ने बड़ा फैसला लिया है। शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को ध्यान में रखते हुए इन दुकानों को चरणबद्ध तरीके से शहर की सीमा से बाहर स्थानांतरित किया जाएगा...

**शहरी स्वरूप और पर्यटन प्रबंधन से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम**

एजेंसी ▶▶ वाराणसी



धर्म और आध्यात्म की नगरी काशी में मीट-मांस और मछली के कारोबार को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। नगर निगम की साधारण सभा (सदन) की बैठक में शहर के भीतर संचालित मीट-मांस और मछली की दुकानों को चरणबद्ध तरीके से शहर की सीमा से बाहर स्थानांतरित करने पर सहमति बनी है। मैदागिन स्थित टाउनहाल भवन में महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित सदन की बैठक में इस प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में शहर के समग्र विकास, अतिक्रमण, स्वच्छता और जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर विचार किया गया, जिसमें मीट-मांस और मछली के बाजारों को शहर के बाहरी क्षेत्रों में व्यवस्थित करने का प्रस्ताव प्रमुख रहा।

### *शहर की बाहरी सीमा में होंगी दुकाने*

*नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने सदन को जानकारी दी कि योजना के प्रथम चरण के लिए पांच स्थानों का चयन कर लिया गया है। इनमें रामनगर, सूजाबाद, गणेशपुर, अवलेशपुर और शिवपुर क्षेत्र शामिल हैं। ये स्थान शहर की बाहरी सीमा के निकट स्थित हैं, ताकि आम लोगों को खरीदारी में किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक के दौरान पार्षद गुलशन अली ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि करीब एक वर्ष पहले भी मीट-मांस और मछली की दुकानों को शहर से बाहर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन उस पर अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि सावन माह के दौरान शहर में दुकानों के बंद रहने से इस कारोबार से जुड़े लोगों की आजीविका प्रभावित होती है। इस पर नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि स्थानों का चयन कर लिया गया है और जल्द ही इस योजना को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। महापौर अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि अगले छह महीनों के भीतर शहर के अंदर संचालित मीट-मांस और मछली की दुकानों को बाहरी क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।*

### जिम में फंसाया, दाढ़ी बढ़वाई, नमाज पढ़वाई,3 मौलवी समेत 10 पर एफआईआर

# शामली में दवा कारोबारी के इकलौते बेटे का 'ब्रेनवॉश', सामने आया पाकिस्तान कनेक्शन

*यूपी के शामली में हिंदू दवा व्यापारी के इकलौते और उच्च शिक्षित बेटे आयुष मलिक को प्रेम जाल में फंसाकर 'मोहम्मद अली' बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। करोड़ों की संपत्ति हड़पने की इस साजिश में पाकिस्तानी धर्मगुरु के वीडियो से ब्रेनवाश करने की बात सामने आई है। पुलिस ने आरोपी जिम ट्रेनर चांदनी और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली-मुंबई के मौलानाओं और इस पूरे नेक्सस का पर्दाफाश करने के लिए एसपी शामली ने एसआईटी गठित कर दी है....*

एजेंसी ▶▶ शामली

यूपी के शामली जनपद से धर्मांतरण का एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने पुलिस और खुफिया एजेंसियों के होश उड़ा दिए हैं। यहां एक नामी दवा व्यापारी के इकलौते और उच्च शिक्षित बेटे आयुष मलिक को सोची-समझी साजिश के तहत प्रेम जाल में फंसाकर 'मोहम्मद अली' बना दिया गया। आरोप है कि इस पूरे खेल के पीछे न सिर्फ करोड़ों की संपत्ति हड़पने का मकसद था, बल्कि इसके तार पाकिस्तान के कट्टरपंथी यूट्यूब नेटवर्क और दिल्ली-मुंबई के मौलानाओं से भी जुड़े हैं पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी महिला जिम ट्रेनर चांदनी कुरैशी और उसके पिता इस्लाम कुरैशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वहीं, इस मामले में 3 मौलवियों समेत कुल 10 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि बाकी फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है, जबकि पूरे नेक्सस का पर्दाफाश करने के लिए एसपी शामली ने SIT का गठन कर दिया है।



### जिम से शुरू हुई 'लव और धर्मांतरण' की कहानी

यह पूरा मामला शामली के सदर कोतवाली क्षेत्र के दयानंद नगर और काजीवाड़ा मोहल्ले से जुड़ा है। दयानंद नगर के रहने वाले देवराज मलिक शामली जिले के केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं और उन्होंने शनिवार देर शाम कोतवाली में तहरीर देकर एक बड़ी साजिश का खुलासा किया। उनका बड़ा दवा कारोबार है. उनका 27 साल का इकलौता बेटा आयुष मलिक बी-फार्मा करने के बाद अपना मेडिकल स्टोर चलाता था। पुलिस जांच के मुताबिक, इस पूरी कहानी की शुरुआत करीब 5 साल पहले हुई थी। आयुष ने अपनी फिटनेस के लिए 'कुरैशी प्लस' नाम की एक जिम में जाना शुरू किया था। इसी जिम में कुरैशी बस्ती की रहने वाली 25 वर्षीय चांदनी कुरैशी जिम ट्रेनर थी। आरोप है कि चांदनी ने एक सोची-समझी साजिश के तहत आयुष को अपने प्रेम जाल में फंसाया और फिर धीरे-धीरे उस पर धर्म बदलने का दबाव बनाने लगी।

### *जांच में सामने आया खतरनाक 'पाकिस्तानी कनेक्शन'*

*इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाला खुलासा पुलिस की पूछताछ और जांच में हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आयुष का माइंड डाइवर्ट यानी ब्रेनवाश करने के लिए एक डिजिटल साजिश रची गई थी। आरोपियों ने आयुष के मोबाइल और यूट्यूब पर पाकिस्तान के कट्टरपंथी इस्लामिक वक्ता डॉ. इसरार अहमद का यूट्यूब चैनल लॉगिन कराया था. आयुष को लगातार डॉ. इसरार अहमद की तकरीरें और विवादित स्पीच सुनाई जाती थीं, जिससे उसका पूरी तरह ब्रेनवाश कर दिया गया। हिंदू संगठनों का आरोप है कि यह सिर्फ एक प्रेम प्रसंग का मामला नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक बहुत बड़ा नेटवर्क काम कर रहा था, जो युवाओं को निशाना बना रहा है।*

### *पुलिस कप्तान का बयान- जारी है गहन तफ्तीश*

*इस पूरे मामले पर शामली के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एनपी सिंह ने आधिकारिक बयान जारी किया है। उन्होंने बताया, 'पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर धर्मांतरण, अवैध वसूली और धमकी देने सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में कुल 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी चांदनी और उसके पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस साजिश में आजाद चौक स्थित कादियां मस्जिद के पास के मौलवी मुनव्वर और दो अन्य अज्ञात मौलवियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। आरोपी लड़की का एक भाई और बहन फिलहाल फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगा दी गई हैं।'*

### कोचिंग विवाद पर बोले बिहार के मंत्री दिलीप जायसवाल

# खान सर के कोचिंग व अस्पताल पर प्रशासनिक कार्रवाई का खतरा

एजेंसी ▶▶ पटना

खान ग्लोबल स्टडीज के निदेशक फैजल खान उर्फ खान सर की परेशानियां कम होती नहीं दिख रही हैं। कोचिंग संस्थान पर फायरिंग मामले में पुलिस कार्रवाई के बीच अब उनके कोचिंग संस्थान और अस्पताल पर प्रशासनिक कार्रवाई का खतरा भी मंडराने लगा है।



इसी बीच पत्रकारों द्वारा जब बिहार सरकार के मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल से सवाल पूछा गया, तो उन्होंने सबसे पहले उनके नाम के संबोधन को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। मंत्री दिलीप जायसवाल ने रिपोर्टर को जवाब देते हुए कहा कि खान सर नहीं, खान जी बोलिए। उन्होंने आगे कहा कि आप उनसे पढ़ते नहीं है न

### *कानून के दायरे में हो रही है पूरी कार्रवाई*

*मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि इस मामले में किसी भी तरह का कोई पक्षपात या मनमाना रवैया नहीं अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खान जी के खिलाफ जो भी कार्रवाई की जा रही है, वह पूरी तरह नियम और कानून के तहत हो रही है। सरकार और प्रशासन दोनों कानून के अनुसार अपना काम कर रहे हैं और आगे की कार्रवाई भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही की जाएगी।*

## कुतुब मीनार पर दिखी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड की कहानी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सबसे प्रसिद्ध स्मारकों में से एक कुतुब मीनार पर भारत के सबसे दुर्लभ पक्षियों में शामिल गोडावण, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड की कहानी को खास अंदाज में प्रस्तुत किया गया। कई वर्षों से गोडावण की घटती संख्या संरक्षण से जुड़े लोगों के लिए चिंता का विषय रही है। एक समय इस पक्षी को भारत का राष्ट्रीय पक्षी बनाए जाने की चर्चा भी हुई थी, लेकिन देश के घास के मैदानों में इनकी संख्या लगातार कम होती गई और ये धीरे-धीरे लोगों की नजरों से दूर हो गया। हालाँकि, पिछले कुछ वर्षों में हुए संरक्षण प्रयासों से अब इसकी वापसी की उम्मीद बढ़ी है और इस पक्षी को फिर से पहचान मिलने लगी है। इसी संदेश को लोगों तक पहुँचाने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर गोडावण को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। गोडावण एस्ट्यूरी प्रीमियम वॉटर के सहयोग से कुतुब मीनार पर एक भव्य प्रोजेक्शन शो दिखाया गया, जिसमें गोडावण पक्षी की कहानी को प्रस्तुत किया गया।

## पेज एक का शेष

### संदेश : भाईचारा...

पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सात जिलों में इस मुहिम के तहत स्नेह मिलन समारोहों का सफल आयोजन किया जा चुका है। इस भव्य कार्यक्रम के मंच का संचालन हरेंद्र तेवतिया ने किया, जबकि इसे सफल बनाने में दीपक डागर, अजीत रावत और संदीप रावत ने विशेष भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान कुण्डू पाल द्वारा कैप्टन अभिमन्यु को 31 हजार रुपए की माला भेंट की गई, जिसे उन्होंने सहर्ष जाट धर्मशाला के सहायतार्थ समर्पित कर दिया। इस अवसर पर मौजूद प्रदेश के खेल एवं युवा मामलों के मंत्री गौरव गौतम ने भी इस मुहिम की सराहना करते हुए इसे अपना पूर्ण समर्थन और हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। स्वार्थी तत्वों पर तीखा प्रहार करते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने कहा, कुछ सत्ता लोलुप लोग अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए किसी भी स्तर तक गिर जाते हैं। वे युवाओं को दिग्भ्रमित कर समाज विरोधी गतिविधियों में धकेलते हैं, जिससे युवाओं का भविष्य बर्बाद होता है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे ऐसे तत्वों का हर स्तर पर विरोध करें और युवाओं को भटकने से बचाएं।

### भारत के साइबर ...

क्या है 'क्लॉड मिथोस' और क्यों है यह खास : क्लॉड मिथोस अमेरिकी एआई कंपनी एंथ्रोपिक का सबसे नया जनरेटिव एआई मॉडल है। हालांकि, इसे विशेष रूप से केवल साइबर सुरक्षा के लिए नहीं बनाया गया है, लेकिन इसके बावजूद इस लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) ने पुराने से पुराने सॉफ्टवेयर सिस्टम में छिपे हुए बग्स, कोडिंग की गलतियों और सुरक्षा खामियों को ढूंढ निकालने में असाधारण क्षमता दिखाई है। हाल ही में एंथ्रोपिक ने भारत सहित 15 से अधिक देशों में मिथोस की उपलब्धता का विस्तार किया है।

**आरबीआई ने एडवाइजरी जारी की** : एक तरफ जहां क्लॉड मिथोस सुरक्षा में मददगार है, वहीं इसके दुरुपयोग से पैदा होने वाले साइबर खतरों को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) पूरी तरह सतर्क हो गया है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे. ने बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हम मिथोस और इस जैसे अन्य पारंपरिक साइबर खतरों से निपटने के लिए पूरी तरह सजग और तैयार हैं। हमने अपने विनियमित संस्थानों (बैंकों और वित्तीय कंपनियों) के लिए जरूरी एडवाइजरी जारी कर दी है। उन्होंने आगे कहा कि यह विषय सरकार और वित्तीय क्षेत्र के अंतर-नियामक मंचों पर विशेष ध्यान का केंद्र बना हुआ है। जैसे ही इसकी भागीदारी की पूरी रूपरेखा साफ होगी, आरबीआई सरकार और अन्य नियामकों के साथ मिलकर आगे की कार्रवाई की जानकारी बाजार से साझा करेगा।

### नया 'आंदोलन' शुरू ...

और रिसर्च संस्थान बनाने का भी ऐलान किया है। इस नए आंदोलन का मुख्य उद्देश्य तमिलनाडु को एक नई राजनीतिक दिशा देना और नई पार्टी बनाकर 2031 के विधानसभा चुनाव में उतरना है।

### त्रिभाषा नीति लागू ...

कहा कि पर्याप्त शिक्षकों, पाठ्यपुस्तकों और संक्रमण अवधि के बिना इस नीति को अचानक लागू करने से शिक्षा व्यवस्था में गंभीर अव्यवस्था पैदा हो सकती है। उन्होंने इसकी तुलना सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली के जल्दबाजी में लागू किए जाने से उत्पन्न समस्याओं से की, जिससे देशभर के लाखों छात्र प्रभावित हुए थे। उन्होंने कहा कि किसी भी नई शिक्षा नीति को लागू करने से पहले आवश्यक संसाधनों और व्यवस्थाओं का उपलब्ध होना जरूरी है, अन्यथा इसका सीधा असर छात्रों की पढ़ाई पर पड़ेगा।

**सीबीएसई की गवर्निंग बॉडी के फैसले का हवाला** : पत्र में दिग्विजय सिंह ने दावा किया है कि दिसंबर 2025 में हुई सीबीएसई गवर्निंग बॉडी की बैठक में पाठ्यक्रम समिति की उस सिफारिश को मंजूरी दी गई थी, जिसके अनुसार भाषाओं से संबंधित वर्तमान अध्ययन व्यवस्था को तब तक जारी रखा जाना चाहिए जब तक एनसीईआरटी द्वारा नई श्रेणीबद्ध भाषा पाठ्यपुस्तकें जारी नहीं कर दी जातीं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बावजूद सीबीएसई ने 15 मई को जारी एक परिपत्र (सर्कुलर) में 1 जुलाई 2026 से कक्षा 9 में तीसरी भाषा के अध्ययन को लागू करने का निर्देश जारी कर दिया। पत्र के अनुसार, एनसीईआरटी ने अभी तक कक्षा 9 के लिए आवश्यक नई भाषा पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित नहीं की हैं और अंतरिम व्यवस्था के तौर पर कक्षा 6 की पुस्तकों के उपयोग की सिफारिश की गई है। दिग्विजय सिंह ने सवाल उठाया कि जब सीबीएसई की अपनी गवर्निंग बॉडी ने अलग निर्णय लिया था, तो बोर्ड ने उसे पलटने जैसा कदम क्यों उठाया।

**दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों के छात्रों की चिंता** : पत्र में कहा गया है कि यह स्थिति विशेष रूप से दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर राज्यों के छात्रों के लिए अधिक कठिन है। इन क्षेत्रों में हिंदी व्यापक रूप से नहीं बोली जाती और कई स्थानीय या जनजातीय भाषाएं सीबीएसई की मान्यता प्राप्त भाषाओं की सूची में शामिल नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कई विद्यालयों में संस्कृत तीसरी भाषा के रूप में लोकप्रिय विकल्प बनकर उभरी है, लेकिन संस्कृत के प्रशिक्षित शिक्षकों और उपयुक्त पाठ्यपुस्तकों की भारी कमी है। ऐसे में भाषा के प्रचार-प्रसार का उद्देश्य भी प्रभावित हो सकता है।

**वर्तमान कक्षा 9 के छात्रों को राहत देने की मांग** : दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वर्तमान में कक्षा 9 में अध्ययनरत छात्रों पर इस नीति को लागू करने के निर्णय को तत्काल रोक दिया जाए। उनका कहना है कि छात्रों ने अपनी शैक्षणिक योजना मौजूदा व्यवस्था के आधार पर बनाई थी और सत्र के बीच में बदलाव उनके लिए कठिनाइयां पैदा करेगा।

**न्यायालय में लंबित है मामला** : पत्र में उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है और अदालत का फैसला 15 जुलाई को आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जबकि स्कूलों को 1 जुलाई से तीसरी भाषा संबंधी निर्देश लागू करने हैं, न्यायालय का निर्णय उसके बाद आएगा। ऐसे में नीति लागू करने की जल्दबाजी उचित नहीं प्रतीत होती।

**छात्रों के हित में पुनर्विचार की अपील** : अपने पत्र के अंत में दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि लाखों छात्रों के शैक्षणिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर संवेदनशीलता और गंभीरता से विचार किया जाए तथा वर्तमान सत्र में त्रिभाषा नीति के क्रियान्वयन पर रोक लगाने पर निर्णय लिया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा संबंधी नीतिगत निर्णय व्यापक तैयारी, पर्याप्त संसाधनों और सभी हितधारकों से परामर्श के बाद ही लागू किए जाने चाहिए ताकि छात्रों के हितों की रक्षा हो सके।

### 661 करोड़ का...

**छह परिसरों पर तलाशी** : सीबीआई ने 6 जून को जिन स्थानों पर छापेमारी की, उनमें हरियाणा कैडर के वरिष्ठ लोकसेवकों के आवास, नोएडा स्थित विपम कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड तथा उसके निदेशक के ठिकाने शामिल हैं। जांच एजेंसी का कहना है कि तलाशी के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल उपकरण, संपत्ति संबंधी कागजात और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है, जिन्हें जांच के लिए जब्त कर लिया गया है।

**अधिकारियों और बैंक कर्मियों की मिलीभगत का आरोप** : सीबीआई की प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि कुछ सरकारी अधिकारियों ने बैंक अधिकारियों के साथ मिलकर कथित रूप से फर्जी या अनियमित खातों को खोलने, सरकारी धन के हस्तांतरण तथा बाद में उसकी हेराफेरी में भूमिका निभाई। एजेंसी के अनुसार इन अधिकारियों ने खातों के संचालन और धन के स्थानांतरण को सुविधाजनक बनाया तथा कथित तौर पर इसके बदले अनुचित लाभ प्राप्त किए। जांच में यह भी सामने आया है कि कुछ मामलों में अधिकारियों ने जानबूझकर कार्रवाई नहीं की, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग को बढ़ावा मिला।

**निजी कंपनी के खाते में पहुंचा धन** : जांच के दौरान यह पाया गया कि नोएडा स्थित विपम कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के खाते में कथित अपराध से अर्जित धनराशि पहुंची थी। बाद में इस धन को कंपनी निदेशक के व्यक्तिगत खाते में स्थानांतरित कर दिया गया।एजेंसी इस बात की जांच कर रही है कि धन के अंतिम लाभार्थी कौन थे और इस पूरी साजिश में किन-किन लोगों की भूमिका रही।

**तीन मामलों की हो रही है जांच** : यह जांच सीबीआई ने हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से एक मामला अपने हाथ में लेने और चंडीगढ़ के आर्थिक अपराध थाना में दर्ज दो मामलों को अपने अधीन लेने के बाद शुरू की थी।तीनों मामलों में आपराधिक साजिश, सरकारी धन के गबन, धोखाधड़ी तथा भ्रष्टाचार से संबंधित आरोपों की जांच की जा रही है।

**पहली चार्जशीट पहले ही दाखिल** : सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि प्रारंभिक जांच पूरी करने के बाद पंचकूला स्थित विशेष सीबीआई अदालत में पहली चार्जशीट पहले ही दाखिल की जा चुकी है। इस चार्जशीट में हरियाणा सरकार के दो विभागों के लोकसेवकों की भूमिका का विस्तृत उल्लेख किया गया है, जिनमें हरियाणा पावर जेनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड,, हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद प्रमुख है। चार्जशीट में यह भी बताया गया है कि किस प्रकार कथित तौर पर हरियाणा सरकार के धन को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू फाइनेंस बैंक में जमा राशि से विभिन्न माध्यमों द्वारा निकालकर दूसरी जगह स्थानांतरित किया गया। तीनों मामलों की जांच अभी जारी है और इसमें शामिल सभी व्यक्तियों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है। जांच में सामने आने वाले नए तथ्यों के आधार पर अतिरिक्त चार्जशीट भी जल्द दाखिल की जाएगी।

### महिला फुटबॉल...

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दी बधाई** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और बेहतरीन टीम भावना का प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति ने कहा कि टीम की यह उल्लेखनीय उपलब्धि देशभर की युवा लड़कियों को अपने सपनों को आत्मविश्वास और साहस के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

**उपराष्ट्रपति बोले- देश के लिए गर्व का क्षण** : उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने अपने संदेश में कहा कि यह शानदार उपलब्धि भारत में महिला फुटबॉल की बढ़ती ताकत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड छठा खिताब जीतना पूरे देश के लिए गर्व का विषय है और यह सफलता देशभर के उभरते खिलाड़ियों तथा खेल प्रतिभाओं को प्रेरित करेगी।

**प्रधानमंत्री मोदी ने सराहा टीम का प्रदर्शन** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय महिला टीम को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जीत आने वाले समय में अधिक से अधिक युवाओं को फुटबॉल खेलने और खेलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने टीम के भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की टीम भावना की प्रशंसा** : रक्षा मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की अथक मेहनत, अटूट समर्पण और शानदार टीम भावना का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भारतीय महिला टीम की सफलता देशभर के युवा खिलाड़ियों को ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने, उत्कृष्टता हासिल करने और भारत के खेल भविष्य को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित करेगी।

**खेल मंत्री ने बताया भारतीय फुटबॉल के लिए गौरवपूर्ण पल** : केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री ने भारतीय महिला टीम को सैफ चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतने पर बधाई देते हुए इसे भारतीय फुटबॉल के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से देश का नाम रोशन किया है और उनकी सफलता भारतीय फुटबॉल के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी।

**दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी शुभकामनाएं** : दिल्ली की मुख्यमंत्री ने भी भारतीय महिला फुटबॉल टीम को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार दृढ़ता, कौशल और टीमवर्क का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय फुटबॉल की बढ़ती ताकत को दर्शाती है और देश की अनेक युवा लड़कियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

### विपक्षी गठबंधन के...

**विपक्षी एकता का शक्ति प्रदर्शन** : लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी दलों के बीच समन्वय और साझा रणनीति को लेकर यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, हाल के महीनों में चुनावी प्रक्रिया, मतदाता सूची पुनरीक्षण, महंगाई, बेरोजगारी और विभिन्न संवैधानिक मुद्दों को लेकर विपक्ष लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर रहा है। ऐसे में इंडिया जनबंधन की यह बैठक विपक्षी एकजुटता का बड़ा संदेश देने का प्रयास मानी जा रही है। जयराम रमेश ने कहा कि बैठक में शामिल होने वाले दल विभिन्न राज्यों, क्षेत्रों और राजनीतिक विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के मुद्दे पर सभी दल एकजुट हैं।

**मोदी सरकार पर लगाए गंभीर आरोप** : अपने बयान में कांग्रेस नेता ने केंद्र सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का मानना है कि सरकार की नीतियां और कार्रवाइयां देश के लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लाखों भारतीयों के मतदान के अधिकार को प्रभावित किया जा रहा है। संविधान की मूल भावना पर लगातार आघात हो रहा है।केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है। करोड़ों लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लगातार बढ़ती महंगाई से आम परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ रहा है। युवाओं की उम्मीदों और रोजगार संबंधी आकांक्षाओं को झटका लगा है। निवेश और व्यापार का वातावरण कमजोर हुआ है। विदेश नीति के स्तर पर राष्ट्रीय हितों से समझौता किया जा रहा है। हालांकि केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पहले भी ऐसे आरोपों को खारिज करती रही है और दावा करती रही है कि उसकी नीतियां विकास, सुशासन और पारदर्शिता को बढ़ावा देने वाली हैं।

## अयोध्या राम मंदिर से चढ़ावा गायब होने को बताया गंभीर

**लखनऊ।** अयोध्या के राम मंदिर से चढ़ावे की धनराशि गायब होने को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव बेहद गंभीर हो गए हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इसको लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी डाला है। समाजवादी पार्टी के मुखिया ने सोशल मीडिया पर अपने एक्स हैंडिल पर लिखा है कि राम मंदिर चढ़ावे की रकम गायब होना बेहद गंभीर है। उन्होंने करोड़ों के चढ़ावे



में गड़बड़ी के आरोप पर चिंता जताई। उन्होंने मंदिर ट्रस्ट के लिए स्थिति को बताया शर्मनाक और पर चिंता जताई कि इस प्रकरण पर कोई भी सफाई देने सामने नहीं आ रहा हैं।सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कोर्ट से इस प्रकरण में स्वतः संज्ञान की मांग की और मामले को करोड़ों राम भक्तों की आस्था से जोड़ा। अखिलेश यादव इस मामले में योगी आदित्यनाथ सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर समस्त सनातनी समाज की प्रभु राम में गहरी आस्था से जुड़ा है। सरकार की चुप्पी संदिग्ध है।

## 'परिवर्तन' कार्यक्रम पूरे भारत में पराली जलाने से बचाने में बना मददगार


**नई दिल्ली।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर, एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर कार्यक्रम 'परिवर्तन' के ज़रिए, सीआईआई फाउंडेशन के साथ मिलकर, अपनी 'फसल अवशेष प्रबंधन' (सीआरएम) पहल में एक बड़ी उपलब्धि की घोषणा की। 2025 के सीज़न में, पंजाब और हरियाणा के कुल 3,78,425 एकड़ खेतों में से 88 फ़ीसदी खेतों को पराली जलाने से बचाया गया। पंजाब के लुधियाना और संगरूर ज़िलों, और हरियाणा के फतेहाबाद ज़िले के 380 से ज़्यादा गांवों के 86,000 किसानों तक पहुँचने वाला यह कार्यक्रम, उत्तर भारत में खेती से होने वाले वायु प्रदूषण से निपटने के लिए निजी क्षेत्र की एक व्यापक और असरदार कोशिश है। एचडीएफसी बैंक की सीएसआर प्रमुख नुसरत पठान ने इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए कहा, "पराली जलाना सिर्फ़ एक कृषि आदत नहीं है, यह एक व्यवस्थागत चुनौती है जिसकी जड़ें अर्थव्यवस्था, पहुंच और जागरूकता में हैं। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन की सीआईईई फाउंडेशन के साथ साझेदारी ने इन तीनों पहलुओं को एक साथ संबोधित किया है। सहकारी टूल बैंकों के माध्यम से किसानों तक मशीनरी की पहुंच बनाकर, लगातार सामुदायिक जुड़ाव के ज़रिए व्यवहार में बदलाव लाकर, और बायोगैस व कम्पोस्टिंग जैसे 'एक्स-सीटू' (खेत के बाहर) समाधान पेश करके, हमने एक ऐसा मॉडल तैयार किया है ।

### असद मुठभेड़ को भी बताया फर्जी

# मस्जिद पर चला बुलडोजर तो भड़क गए सपा सांसद बर्क

एजेंसी ▶▶ संभल

लाख कोशिशों के बावजूद संभल प्रशासन ने कसेरूवा गांव में मस्जिद को शहीद कर दिया। यह कहना है सपा के सांसद जियाउर्रहमान बर्क का। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सांसद का कहना है कि अधिकारियों ने आंखों पर पट्टी बांधकर एक तय निशाने के साथ यह कार्रवाई की है। लोगों की फरियाद और कानूनी दलीलों को भी नहीं सुना गया। इससे इंसाफ पर लोगों का भरोसा कमजोर पड़ने लगा है। भारत का संविधान किसी को कानून से ऊपर नहीं मानता। मस्जिद शहीद होने के बाद पूरे गांव में गम और मातम का माहौल है। मां-




बहनों की आंखें नम हैं और बच्चे सहमे हुए हैं। सांसद ने कहा कि नाइंसाफी के खिलाफ यह आवाज हमेशा बुलंद होती रहेगी। वहीं, समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने असद की मुठभेड़ को फर्जी बताया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में हुए कई मुठभेड़ों पर भी सवाल उठाए। बर्क ने मुठभेड़-बुलडोजर के जरिए सजा दिए जाने का विरोध किया है।

## चिंतन

# कॉकरोच को अभी लंबा सफर तय करना होगा

भारतीय लोकतंत्र में समय-समय पर आंदोलन उभरना कोई नई बात नहीं है। हाल के दिनों में चर्चा में आई कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) भी इसी क्रम की एक नई पहल है। जंतर-मंतर पर आयोजित उसके शक्ति प्रदर्शन ने यह स्पष्ट कर दिया कि सोशल मीडिया पर लोकप्रियता और वास्तविक राजनीतिक ताकत के बीच अभी भी एक बड़ा अंतर मौजूद है। यह प्रदर्शन जितना चर्चा में रहा, उतना ही इसने कई महत्वपूर्ण सवाल भी खड़े किए हैं कि क्या डिजिटल दुनिया की लोकप्रियता को राजनीतिक समर्थन में बदला जा सकता है और क्या केवल प्रतीकात्मक विरोध के सहारे कोई आंदोलन स्थायी जनाधार तैयार कर सकता है? देखा जाए तो सीजेपी के लिए अभी राजनीति की सीढ़ी चढ़ना दूर की कौड़ी है। अभी उसे लंबा सफर तय करना होगा। चूंकि सोशल मीडिया पर भीड़ जुटाना तो आसान है, लेकिन धरातल पर उस भीड़ को उतारना और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना उतना ही चुनौतीपूर्ण है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर शक्ति प्रदर्शन के दौरान उम्मीद के अनुरूप भीड़ नहीं दिखाई दी। यहां जो युवा पहुंचे, उनके हाथों में सीजेपी के झंडे तो जरूर दिखाई दिए, लेकिन आखों में सवाल भी बरकरार थे, जिनका कोई उचित जवाब उन्हें नहीं मिल पाया। बता दें कि पार्टी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 2.2 करोड़ फॉलोअर्स हैं। जंतर-मंतर पर पहली बार पार्टी जमीन पर दिखाई दी। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक, सीपीआई (एमएल) लिबरेशन महासचिव दीपाशंकर भट्टाचार्य, सीपीआई नेता एनी राजा और वाम संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे और 'कॉकरोच जनता पार्टी' के संस्थापक अभिजीत दिपके का समर्थन किया। इस तरह से यह आयोजन वाम संगठनों का छोटा-मोटा जमावड़ा बन गया। वहीं, कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने भी इस प्रदर्शन से बड़ी चालाकी के साथ दूरी बना ली, क्योंकि पिछली बार अरविंद केजरीवाल के प्रदर्शन के समय विपक्षियों ने उनका समर्थन किया था, लेकिन बाद में आम आदमी पार्टी बनाने के बाद केजरीवाल ने सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को ही पहुंचाया। सीजेपी ने खुद को उन युवाओं की आवाज के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की है, जो शिक्षा व्यवस्था की खामियों, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं, बेरोजगारी और अवसरों की कमी से परेशान हैं। "मैं हूं कॉकरोच" का नारा भी इसी भावना को व्यक्त करता है। इसका संदेश यह है कि व्यवस्था चाहे जितनी उपेक्षा करे, आम युवा संघर्ष करते हुए अस्तित्व बनाए रखेगा। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर इसे व्यापक समर्थन मिला और पार्टी के डिजिटल मंचों पर करोड़ों लोग जुड़े दिखाई देते हैं, लेकिन राजनीति केवल नारों, प्रतीकों और डिजिटल लोकप्रियता के आधार पर आगे नहीं बढ़ती। राजनीति की असली परीक्षा तब होती है, जब समर्थकों को सड़कों पर उतारना हो, संगठन खड़ा करना हो और जनता के सवालों के ठोस जवाब देने हों। जंतर-मंतर का प्रदर्शन इसी कसौटी पर सीजेपी के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा था। कुल मिलाकर माना जा रहा है कि सोशल मीडिया पर भीड़ जुटाना तो काफी आसान होता है, लेकिन उसका नेतृत्व करना और फिर उसकी उम्मीदों पर खरा उतरकर उसे धरातल पर उतारना काफी मुश्किल काम है। बहरहाल, अभिजीत दीपके के लिए राजनीति की सीढ़ी चढ़ना दूर की कौड़ी है। इसके लिए उसे और मेहनत करनी होगी। चूकि अभी कई बड़ी चुनौतियां बरकरार हैं।



सेहत

स्वामी रामदेव

योग केवल शारीरिक व्यायाम की एक पद्धति नहीं है। यह मानव कल्याण का एक संपूर्ण विज्ञान है, जो शरीर, मन, बुद्धि और चेतना के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। योगासन, जो योग की सबसे प्रभावशाली और गतिशील अभिव्यक्तियों में से एक है, जब प्राणायाम और ध्यान के साथ जुड़ता है, तो न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बल्कि वैश्विक खेल वातावरण को भी रूपांतरित करने की क्षमता रखता है। आज विश्व को ऐसे विकास मॉडल की आवश्यकता है, जो शारीरिक उत्कृष्टता के साथ मानसिक शांति और आध्यात्मिक संतुलन का भी समावेश करे। योगासन ऐसा ही एक मॉडल प्रस्तुत करता है। वास्तव में 21वीं सदी योग की सदी बन सकती है।

# मानव कल्याण का संपूर्ण विज्ञान है योग

आज विश्व एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। एक ओर मानवता ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और खेल प्रदर्शन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है, वहीं दूसरी ओर जीवनशैली जनित रोगों, मानसिक तनाव, मोटापे, मधुमेह, हृदय संबंधी विकारों और सभी आयु वर्गों में घटती शारीरिक फिटनेस की चिंताजनक वृद्धि देखने को मिल रही है। यहां तक कि शीर्ष स्तर के खिलाड़ी भी, अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं और खेल विज्ञान के समर्थन के बावजूद, मानसिक थकान, चोटों, चिंता और लंबे समय तक चलने वाली रिकवरी जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे समय में भारत की हजारों वर्ष पुरानी अमूल्य धरोहर योग की ओर पुनः लौटने की आवश्यकता है।

योग केवल शारीरिक व्यायाम की एक पद्धति नहीं है। यह मानव कल्याण का एक संपूर्ण विज्ञान है, जो शरीर, मन, बुद्धि और चेतना के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। योगासन, जो योग की सबसे प्रभावशाली और गतिशील अभिव्यक्तियों में से एक है, जब प्राणायाम और ध्यान के साथ जुड़ता है, तो न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बल्कि वैश्विक खेल वातावरण को भी रूपांतरित करने की क्षमता रखता है। मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि भारत अहमदाबाद में प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है, जिसमें पांचों महाद्वीपों के 70 देशों से 499 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है और वैश्विक कल्याण के अग्रदूत के रूप में भारत की बढ़ती भूमिका का प्रमाण भी है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेक अवसरों पर कह चुके हैं कि भारत एक विश्व गुरु है, जिसने मानवता को अनेक अमूल्य परंपराओं का उपहार दिया है। इनमें योग उसका सबसे महान और प्रभावशाली योगदान है। आज 180 से अधिक देशों में 30 करोड़ से अधिक लोग योग का अभ्यास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बार-बार स्वदेशी खेलों और भारतीय परंपराओं से जुड़े खेलों को बढ़ावा देने पर बल दिया है। योगासन भी ऐसी ही एक विधा है, जो अपनी तीव्र गति से बढ़ती वैश्विक लोकप्रियता के बल पर निकट भविष्य में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों का हिस्सा बन सकती है। यह चैंपियनशिप प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में योगासन के वैश्विक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और साथ ही समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने में भारत के नेतृत्व को भी पुनः स्थापित करती है। आधुनिक खेल तेजी से विशेषज्ञता और प्रदर्शन-केंद्रित होते जा रहे हैं। खिलाड़ी शक्ति, गति, सहनशक्ति और तकनीकी दक्षता विकसित करने के लिए अथक परिश्रम करते हैं, किंतु सर्वोच्च प्रदर्शन केवल शारीरिक क्षमता पर निर्भर नहीं करता। लचीलापन, संतुलन, मानसिक दृढ़ता, एकाग्रता, रिकवरी और भावनात्मक स्थिरता भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। विश्व के अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और खेल दल पहले ही योग को अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों का हिस्सा बना चुके हैं। नियमित योगाभ्यास मांसपेशियों के लचीलेपन को बढ़ाता है, जोड़ों की गतिशीलता में सुधार करता है, शरीर के केंद्रीय भाग (कोर) को मजबूत बनाता है, मुद्रा को संतुलित करता है और शरीर के प्रति जागरूकता बढ़ाता है। ये सभी लाभ खिलाड़ियों को चोटों के जोखिम को कम करने, तेजी से रिकवरी करने और अपने खेल जीवन को लंबा बनाने में सहायता करते हैं। मानसिक प्रदर्शन पर योग



का प्रभाव भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रतिस्पर्धा के उच्चतम स्तर पर सफलता अक्सर शारीरिक क्षमता जितनी ही मानसिक संतुलन पर निर्भर करती है। योगासन और प्राणायाम के माध्यम से खिलाड़ी तनाव का प्रबंधन करना, एकाग्रता बढ़ाना, भावनाओं को नियंत्रित करना और दबाव की परिस्थितियों में शांत बने रहना सीखते हैं। यही गुण कई बार जीत और हार के बीच का अंतर निर्धारित करते हैं। विश्व योगासन खेल महासंघ ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। वर्तमान में पांचों महाद्वीपों के 31 देश इसके आधिकारिक सदस्य हैं और 40 से अधिक अन्य देश इस बढ़ते वैश्विक आंदोलन से जुड़ने की प्रक्रिया में हैं। दो सफल एशियाई चैंपियनशिप का आयोजन न केवल योगासन की बढ़ती वैश्विक लोकप्रियता को दर्शाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि भारत विश्वस्तरीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने में सक्षम है। खेलों का भविष्य केवल पदकों, रैंकिंग और रिकॉर्डों से परिभाषित नहीं किया जा सकता। खेलों को स्वास्थ्य, अनुशासन, चरित्र निर्माण और सामाजिक कल्याण को भी बढ़ावा देना चाहिए। योगासन इन सभी मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है। कई अन्य खेलों के विपरीत, जिनके लिए महंगी अवसंरचना और विशेष उपकरणों की आवश्यकता होती है, योग सभी के लिए सुलभ है। यह आयु, लिंग, राष्ट्रीयता, आर्थिक स्थिति और शारीरिक क्षमता की सीमाओं से परे है।

किसी दूरस्थ गांव का बच्चा, व्यस्त शहर का कार्यालय कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिक और ओलंपिक खिलाड़ी, सभी अपनी क्षमता के अनुसार योग कर सकते हैं। यही समावेशिता योगासन को विश्व की सबसे लोकतांत्रिक शारीरिक विधाओं में से एक बनाती है। योगासन प्रतियोगिताओं और अंतरराष्ट्रीय योग आयोजनों की बढ़ती लोकप्रियता स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि योगासन एक प्रमुख वैश्विक खेल विधा के रूप में उभर सकता है, जबकि इसकी जड़ें स्वास्थ्य और आत्मविकास में बनी रहेंगी। गतिहीन जीवनशैली, अस्वास्थ्यकर भोजन, लगातार तनाव, अपर्याप्त नींद और शारीरिक गतिविधियों में कमी ने करोड़ों लोगों को ऐसी बीमारियों की ओर धकेल दिया है जिन्हें रोका जा सकता है। विश्वभर की स्वास्थ्य प्रणालियां जीवनशैली से जुड़ी इन बीमारियों के बढ़ते बोझ से जूझ रही हैं। समाधान केवल बीमारी के विकसित हो जाने के बाद उसका उपचार करना नहीं हो सकता। रोकथाम को स्वास्थ्य व्यवस्था का आधार बनाना होगा। योगासन यही निवारक दृष्टिकोण प्रदान करता है। नियमित योगाभ्यास चयापचय (मेटाबॉलिज्म) को बेहतर बनाता है, रक्त संचार को सुदृढ़ करता है, श्वसन क्षमता को बढ़ाता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है और हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। योगासन के लाभ केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं हैं।

एक स्वस्थ जनसंख्या का अर्थ है कम स्वास्थ्य व्यय, अधिक कार्य उत्पादकता, बेहतर शैक्षिक परिणाम और जीवन की उच्च गुणवत्ता। विश्वभर की सरकारें रोकी जा सकने वाली बीमारियों के कारण बढ़ते स्वास्थ्य खर्चों से जूझ रही हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों में योग को शामिल कर इस बोझ को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आज विश्व को ऐसे विकास मॉडल की आवश्यकता है, जो शारीरिक उत्कृष्टता के साथ मानसिक शांति और आध्यात्मिक संतुलन का भी समावेश करे। योगासन ऐसा ही एक मॉडल प्रस्तुत करता है। वास्तव में 21वीं सदी योग की सदी बन सकती है। एक ऐसी सदी, जहां फिटनेस का मूल्यांकन केवल मांसपेशियों, पदकों और रिकॉर्डों से नहीं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य, आंतरिक शक्ति और संतुलित जीवनशैली से किया जाएगा।

( लेखक विश्वप्रसिद्ध योग गुरु हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



# पृथ्वी और मानव जीवन की अमूल्य धरोहर है महासागर

विश्व महासागर दिवस प्रतिवर्ष 8 जून को मनाया जाता है। इस दिवस को मानाने का उद्देश्य लोगों को समुद्र की विशेषता और बहुमूल्य वस्तुओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। इसके लिए हर वर्ष एक थीम जारी की जाती है। थीम जारी करने का उद्देश्य लोगों तक समुद्र के बारे में जागरूक करना है। इस वर्ष 2026 की थीम हमारे नीले ग्रह के लिए मज़बूत समुद्री संरक्षित क्षेत्र रखी गई है। ब्रिटेन के लोग आज भी समुद्रों की सुरक्षा के प्रति जागरूक है। वे इस बात का ध्यान रखते हैं कि समुद्र प्रदूषण का शिकार नहीं हो। फिर भी समुद्र में कचरा आदि बहाने की अनेक घटनाएं देखने और सुनने को मिलती हैं। हर साल महासागर दिवस इसीलिए मनाया जाता है की हम महासागरों को स्वच्छ रखें और मानव मित्र के रूप में इनकी रक्षा करें। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है।

महासागर हमारी पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा कवर करते हैं। इन्हें केवल पानी का एक विशाल भंडार समझना बहुत बड़ी भूल होगी। ये वास्तव में हमारे ग्रह की जीवन रेखा हैं। पृथ्वी की 50 प्रतिशत से अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन महासागरों द्वारा किया जाता है। यह पृथ्वी की जलवायु और ग्लोबल वार्मिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व की आधी से अधिक ऑक्सीजन महासागरों द्वारा उत्पादित होती है और यह हमारे वायुमंडल की तुलना में 50 गुना अधिक कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करती है। इसमें मनुष्य जीवन के साथ साथ समुद्री जीव जंतु और पेड़-पौधों का जीवन निर्वाह होता है। महासागर असीम जैव विविधता का भंडार है। हमारी पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। महासागरों में पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 97 प्रतिशत जल समाया हुआ है। महासागर रोजगार सृजन का बहुत बड़ा स्रोत हैं। यह करोड़ों लोगों के पेट भरने का उद्गम स्थल है। यहां लाखों प्रजातियों के जीव-जंतु मिल जाते है। देश और दुनिया के पर्यावरण को संतुलित करने का काम भी महासागरों के माध्यम से होता है। महासागर के छोटे छोटे भागों को समुद्र तथा खाड़ी कहते हैं। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यदि पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाए तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे। पृथ्वी पर पांच महासागर हैं इनमें प्रशांत महासागर 6,36,34,000 वर्ग मील, अटलांटिक महासागर 3,13,50,000 वर्ग मील, हिंद महासागर 2,83,56,000 वर्ग मील, आर्कटिक महासागर 40,00,000 वर्ग मील तथा अंटार्कटिक महासागर 57,31,000 वर्ग मील में फैला हुआ है। सागर दुनिया भर के लोगों के लिए भोजन, मुख्य रूप से मछली उपलब्ध कराता है किंतु इसके साथ ही यह कस्तूरों, सागरीय स्तनधारी जीवों और सागरीय शैवाल की भी पर्याप्त आपूर्ति करता है। सागर के अन्य मानव उपयोगों में व्यापार, यात्रा, खनिज दोहन, बिजली उत्पादन और नौसैनिक युद्ध शामिल हैं, वहीं आनंद के लिए की गयी गतिविधियों जैसे कि तैराकी, नौकायन और स्कूबा डाइविंग के लिए भी सागर एक आधार प्रदान करता है। खूबसूरत समुद्री तटों को देखने और समुद्र की लहरों से अठखेलियां करने के लिए महासागर पर्यटकों की सबसे पसंदीदा जगह है। यहां उठती समुद्री तरंगे और उफनता समुद्र मन को तरोताजा कर देता है। इसका प्राकृतिक दृश्य मन मोह लेने वाला है। वास्तव में यहां का मनोरम दृश्य तुलना से परे है। समुद्र के सुनहरे और लुभावने तटों पर मनोरंजन के लिये सैर-सपाटा करना सैलानियों के लिए कोई नई बात नहीं है। सैलानी यहां स्वर्गिक आनंद का अनुभव करते हैं। समुद्र के सौन्दर्य को देखकर पर्यटकों की हृदय गति तीव्र हो जाती है। मानव जीवन को विभिन्न प्रकार से जीवन दान देने वाले महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागर में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागर में जस का तस पड़ा रहता है। अकेले हिंद महासागर में भारतीय उपमहाद्वीप से पहुंचने वाली भारी धातुओं और लवणीय प्रदूषण की मात्रा प्रतिवर्ष करोड़ों टन है। विषैले रसायनों के रोजाना मिलने से समद्री जैव विविधता भी प्रभावित होती है। इन विषैले रसायनों के कारण समुद्री वनस्पति की वृद्धि पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। विश्व में होने वाली वर्षा महासागरों पर ही निर्भर है। महासागर कभी सूखता नहीं, क्योंकि इसमें से जितना पानी वाष्प बनकर उड़ता है। वह वर्षा द्वारा नदियों में बहकर पुनः सागर में मिल जाता है। इस प्रकार से पानी का एक चक्र बना रहता है। लहरों से विभिन्न प्रकार के द्वीप तथा खाड़ियों का निर्माण होता है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप



संकलित

## दर्शन

सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप। जाके हिरदे सांच है, ताके हिरदे आप। सत्य केवल वाणी का विषय नहीं है। यह तो मन, वचन और कर्म की समरूपता की उच्च अवस्था है। हम अपने जीवन में जो सोचते हैं, जो कहते हैं और जो करते हैं, जब ये तीनों एक ही धारा में बहने लगें, तभी सच्चा सत्य जन्म लेता है। इसी को हमारे ऋषियों ने त्रिकरण शुद्धि कहा है। 'सत्यं वद' हमें यही सिखाता है कि सत्य एक जीवन-शैली है। जो मनुष्य एक बार सत्य की राह पकड़ लेता है, उसे फिर अपनी बात याद रखने की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि सत्य अपना रास्ता सहज अवस्था में बना लेता है। दूसरा विषय आता है 'धर्मं चर' यानी धर्म का आचरण करो। यहां धर्म से तात्पर्य किसी मजहब या संप्रदाय से नहीं है। ऋषियों का धर्म बहुत व्यापक है। 'सत्यं वद, धर्मं चर' भारतीय समाज की आत्मा का शाश्वत घोष है। भारतीय चिंतन में सत्य को ईश्वर का स्वरूप और धर्म को जीवन की मर्यादा माना गया है। वेदों, उपनिषदों और महाभारत से लेकर लोकजीवन तक, सत्य और धर्म ने भारतीय संस्कृति को नैतिक आधार प्रदान किया है। आज जब भौतिकता और त्वरित सफलता की दौड़ में मानवीय मूल्य क्षीण होते दिखाई दे रहे हैं, तब भारतीय ज्ञान-परंपरा का यह संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है। तैत्तिरीयोपनिषद् में वर्णन मिलता है- सत्यं वद। धर्मं चर। स्वाध्यायान्मा प्रमदः। आचार्याय प्रियं धनमाहृत्य प्रजातन्तुं मा व्यवच्छेत्सीः। इन पंक्तियों का अर्थ है सत्य बोलो।

# सत्य के सामने झुकना, अहंकार को विसर्जित करना



संकलित

## प्रेरणा

जीवन के हर आयाम में सत्य के सामने झुकना मुश्किल है और झूठ के सामने झुकना सरल। यह सच है क्योंकि सत्य के सामने झुकने का अर्थ होता है अहंकार को विसर्जित करना। ऐसी उलटबांसी क्यों है? उलटबांसी जरा भी नहीं है, सिर्फ तुम्हारे विचार में जरा सी चूक हो गई है, इसलिए उलटबांसी दिखाई पड़ रही है। चूक बहुत छोटी है, शायद एकदम से दिखाई न पड़े। सत्य के सामने झुकना पड़ता है, झूठ के सामने झुकना ही नहीं पड़ता, झूठ तुम्हारे सामने झुकता है और इसीलिए झूठ से दोस्ती आसान है, क्योंकि झूठ तुम्हारे सामने झुकता है और सत्य से दोस्ती कठिन है, क्योंकि सत्य के सामने तुम्हें झुकना पड़ता है। अंधा अंधेरे से दोस्ती कर सकता है, क्योंकि अंधेरा आंखें चाहिए ऐसी मांग नहीं करता, लेकिन अंधा प्रकाश से दोस्ती नहीं कर सकता है, क्योंकि प्रकाश से दोस्ती के लिए पहले तो आंखें चाहिए। अंधा अमावस की रात के साथ तो तल्लीन हो सकता है, मगर पूर्णिमा की रात के साथ बेचैन हो जाएगा। पूर्णिमा की रात उसे उसके अंधेपन की याद दिलाएगी। अमावस की रात अंधेपन को भुलाएगी, याद नहीं दिलाएगी। तुम कहते हो, जीवन के हर आयाम में सत्य के सामने झुकना मुश्किल है। यह सच है क्योंकि सत्य के सामने झुकने का अर्थ होता है अहंकार को विसर्जित करना, लेकिन दूसरी बात सच नहीं है, जो तुम कहते हो कि झूठ के सामने झुकना सरल क्यों है? झूठ तो सदा तुम्हारे सामने झुका हुआ खड़ा है, तुम्हारे पैरों में बैठा है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला**

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। *- दुयंत कुमार साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

# जेलेंस्की के पीस टॉक्स के ऑफर को पुतिन ने ठुकराया

रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को खत्म करने की कोशिशों को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के आमने-सामने बातचीत के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। पुतिन ने साफ कहा कि फिलहाल दोनों नेताओं की सीधी मुलाकात का कोई औचित्य नहीं बनता। दरअसल, एक दिन पहले जेलेंस्की ने पुतिन को एक ओपन लेटर लिखा था। इस लेटर में उन्होंने युद्ध खत्म करने के लिए आमने-सामने बैठकर बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। जेलेंस्की ने लिखा था कि अब इस युद्ध से बाहर निकलने का रास्ता तलाशने का समय आ गया है और दोनों नेताओं को सीधे संवाद करना चाहिए लेकिन सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित रूस के प्रमुख आर्थिक मंच के दौरान पुतिन ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की का लेटर पूरी तरह ईमानदार नहीं लगा। पुतिन के मुताबिक लेटर में कुछ टिप्पणियां ऐसी थीं जिन्हें वह असभ्य मानते हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, मुझे फिलहाल ऐसी मुलाकात का कोई मतलब नजर नहीं आता। पहले विशेषज्ञ स्तर पर काम होना चाहिए, समाधान तैयार होने चाहिए और उसके बाद नेताओं की बैठक हो सकती है। रूसी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि यूक्रेन की दिलचस्पी सिर्फ रूसी सेना की प्रगति रोकने में है।



## ऑफ बीट

# विशाल चट्टान को तराशकर बनाया गया सांवलिया जी मंदिर

देश-दुनिया में लीलाधर के कई अद्भुत मंदिर हैं, जिनकी कथा या बनावट हैरत में डाल देती है। ऐसा ही एक मंदिर राजस्थान के ऐतिहासिक शहर चित्तौड़गढ़ में है, जो अपनी अनोखी बनावट के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यह मंदिर पूरी तरह से एक अकेली बड़ी चट्टान को काटकर बनाया गया है। इसे सांवलिया जी मंदिर कहा जाता है, जो भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस मंदिर में दर्शन करने मात्र से सभी इच्छाएं पूरी हो जाती हैं और हर कार्य में सफलता मिलती है। आज भी वैज्ञानिक और इतिहासकार इस मंदिर के निर्माण के पीछे छिपे प्राचीन खगोलीय ज्ञान को सराहते हैं। विशाल एकल चट्टान से तराशा गया है मंदिर-यह मंदिर न सिर्फ अपनी भव्य वास्तुकला के लिए जाना जाता है, बल्कि आकाशीय घटनाओं के साथ अपने गहरे संबंध के लिए भी चर्चा में रहता है। सांवलिया जी मंदिर एक विशाल एकल चट्टान से तराशा गया है, जिसकी ऊंचाई और बनावट देखकर हैरानी होती है। सदियों पुरानी इस इमारत में कारीगरों की अद्भुत कारीगरी दिखाई देती है। दीवारों पर बारीक नक्काशी, देवी-देवताओं की मूर्तियां और हिंदू पौराणिक कथाओं के दृश्य इस मंदिर को एक जीवंत कलाकृति बना देते हैं।



## X ट्रेंड

### प्रेरणा का विषय

मेजर अभिलाषा बराक को संयुक्त राष्ट्र के 'संयुक्त राष्ट्र सैन्य जेंडर एडवोकेट पुरस्कार' से सम्मानित किया जाना प्रत्येक भारतीय, विशेषकर देश की बेटियों और महिलाओं के लिए गर्व एवं प्रेरणा का विषय है।

**-अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री



### प्राथमिक शिक्षा प्रणाली

हमारी सरकार ने लंबे समय से उपेक्षित प्राथमिक शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। 12,000 करोड़ के निवेश से राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में व्यापक अवसंरचना विकास होगा, अधिक शिक्षकों की नियुक्ति होगी और बेहतर शिक्षण वातावरण बनाया जाएगा।

**- मोहन चरण माझी,** सीएम, ओडिशा



### पिनाका की गूंज

पिनाका की गूंज आज वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती रणनीतिक शक्ति का प्रतीक बन गई है। आर्मेनिया में सफल परीक्षण परीक्षणों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत का रक्षा उत्पादन विश्व स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बना रहा है।


**- सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार



### घटिया गुणवत्ता

'दोहरे इंजन' का दावा करने वालों की सरकार में, डिब्बे खुद टूटकर दोगुने हो रहे हैं। पहले भी कहा जा रहा था कि भाजपा में न सिर्फ दोहरा इंजन बल्कि डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं। भाजपा हर चीज के निर्माण में घटिया गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार है।

**- अखिलेश यादव,** सांसद, सपा



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## हरियाणा विधानसभा के तत्वावधान में

# राष्ट्र निर्माण में विधानमंडलों की भूमिका पर मंथन करेगा सीपीए का नॉर्थ जोन सम्मेलन, कई पीठासीन अधिकारी और विधायक भी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के तत्वावधान में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ इंडिया रीजन के जोन-2 का सम्मेलन 8 से 10 जून तक चंडीगढ़ में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का उद्घाटन सोमवार को लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। इस अवसर पर राज्य सभा के उप-सभा पति हरिवंश, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह, विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, देश के 15 विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी, उप-पीठासीन अधिकारी, विधायक भाग लेंगे।

## स्पीकर बिरला करेंगे उद्घाटन,विकसित भारत-2047, एआई पर होगा मंथन

8-10 जून तक चंडीगढ़ में होगा राष्ट्रमंडल संसदीय संघ इंडिया रीजन जोन-2 का सम्मेलन



हरियाणा के सीएम सैनी और लोकसभा स्पीकर बिरला फाइल फोटो

### हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री सैनी भी देंगे संबोधन

उद्घाटन सत्र के दौरान हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण स्वागत संबोधन करेंगे। हरियाणा के इतिहास पर एक विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसके बाद बिरला, राज्य सभा के उप-सभापति हरिवंश तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके बाद टैगोर थिएटर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संविधान और सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत की जाएगी। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बताया कि सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं।

### एआई और मानवाधिकार विषय पर होगी विशेष प्रस्तुति

सम्मेलन के दौरान 'कृत्रिम बुद्धिमता एवं मानवाधिकार; विधायी निकायों के समक्ष चुनौतियां' विषय पर भी विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के महानिदेशक मनोज यादव विस्तार से प्रकाश डालेंगे। तकनीकी प्रगति और लोकतांत्रिक संस्थाओं के समक्ष उभरती चुनौतियों पर महत्वपूर्ण विमर्श का मंच बनेगा।

### 9 को होंगे 3 प्रमुख सत्र

सम्मेलन के दूसरे दिन 9 जून को तीन प्रमुख सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों का मुख्य विषय 'विकसित भारत-2047 के लक्ष्य एवं भविष्य की चुनौतियों को साकार करने में जागरूक समाज और जनप्रतिनिधियों की भूमिका' रहेगा। इस विषय पर विभिन्न राज्यों के जनप्रतिनिधि, संसदीय विशेषज्ञ और नीति निर्माता अपने विचार सांझा करेंगे।

### लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती पर भी करेंगे मंथन

सम्मेलन के समापन सत्र में बिरला, राज्य सभा के उप-सभापति हरिवंश, हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, उपाध्यक्षर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा सहित अन्य वक्ता प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। सम्मेलन के दौरान लोकतांत्रिक संस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने, विधायी प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने तथा विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में विधानमंडलों की भूमिका को लेकर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों के सम्मान में कई औपचारिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### पुणे में नाबालिगों सहित 156 को हिरासत में



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में पुलिस ने एक पार्टी में छापामारी कर नाबालिगों सहित 156 लोगों को हिरासत में लिया, साथ ही 85 लाख रुपए का गांजा और गैर-कानूनी हुक्का फ्लेवर भी जब्त किया। क्राइम ब्रांच ने रविवार तड़के लोनीकंद पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आ ने वाले तुलापुर इलाके में कथित अनधिकृत पार्टी पर छापामारी की।

### दार्जिलिंग में नदी में गिरी कार, 4 लोगों की मौत



**दार्जिलिंग।** सिक्किम और बंगाल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 10 पर हुआ एक दर्दनाक हादसा 7 जून को भारी मातम में बदल गया। गंगटोक से सिलीगुड़ी जा रहे एक ही परिवार के 4 सदस्यों के शव तीस्ता नदी में डूबी एक टाटा नेक्सॉन कार से बरामद कर लिए गए हैं।मृतकों की पहचान स्मारिका न्यौपाने , सैब्या न्यौपाने, जीका दहल और मासूम दित्या के रूप में हुई है।

### इवेंट के दौरान युवक की मौत, महिला बीमार



**मुंबई।** मुंबई के वर्ली इलाके में रविवार तड़के एक म्यूजिक इवेंट के दौरान एक 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि एक महिला की तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुरुआती जांच में ड्रग्स के इस्तेमाल का कोई सबूत नहीं मिला है, हालांकि दोनों ने शराब का सेवन किया था।यह घटना वर्ली के एनएससीआई डोम की है।

### केंद्र में चड्ढा समेत 2 मंत्री और शामिल होंगे!



**नई दिल्ली।** मोदी कैबिनेट का विस्तार इस महीने के आखिरी में या फिर अगले महीने हो सकता है। तीसरे कार्यकाल का यह पहला मंत्रिमंडल विस्तार होने जा रहा है। चर्चाएं हैं कि पंजाब से 2 बड़े नेताओं को जगह मिल सकती है। इनमें भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और दूसरे अभी हाल ही में आम आदमी पार्टी से आए लोकप्रिय राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा।

### सूरत में ज्वेलरी फैक्टरी में हादसा, 4 की मौत



**सूरत।** यहां रविवार को दर्दनाक हादसे में 4 मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना अश्विनी कुमार इलाके में स्थित एक ज्वेलरी निर्माण इकाई में हुई, जहां मजदूर सेप्टिक टैंक की सफाई का काम कर रहे थे। जिस टैंक की सफाई की जा रही थी, उसमें आभूषणों की सफाई प्रक्रिया से निकलने वाला कचरा और रासायनिक अवशेष जमा होते हैं।

## महंगे सिलेंडर पर विपक्ष के सवाल पर सरकार ने दिया जवाब

# वैश्विक संकट से बढ़ी परेशानी, देश में आज भी गैस की कीमत दुनियाभर में सबसे कम

## पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट से आई दिक्कत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत एक बार फिर बढ़ने के बाद सियासत तेज हो गई है। केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलिंडर की कीमत में 29 रुपए की बढ़ोतरी की है, जिसके बाद दिल्ली में 14.2 किलो वाला घरेलू सिलेंडर 942 रुपए का हो गया है। इस बढ़ोतरी के बाद कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने सरकार पर जनता पर महंगाई का बोझ डालने का आरोप लगाया है। वहीं केंद्र सरकार का कहना है कि भारत में आज भी गैस सिलेंडर दुनिया के कई देशों के मुकाबले काफी सस्ता मिल रहा है और सरकार आम लोगों को बड़ी राहत दे रही है।पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि श्चिम एशिया में बढ़े तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी की कीमत तेजी से बढ़ी है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कीमतों का असर सीधे घरेलू बाजार पर पड़ता है।

### सऊदी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस बढ़ गई



पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय नई दिल्ली

सरकार ने बताया कि फरवरी 2026 में सऊदी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस करीब 543 डॉलर प्रति टन थी, लेकिन पश्चिम एशिया संकट और होर्मुज मार्ग पर असर पड़ने के बाद यह बढ़कर जून में करीब 790 डॉलर प्रति टन पहुंच गई। यानी चार महीनों में करीब 46 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसी वजह से गैस कंपनियों की लागत बढ़ी और सिलिंडर महंगा करना पड़ा।

### सरकार ने इस संबंध में आंकड़े भी जारी किए

भारत में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत बढ़ने के बाद सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि क्या वाकई भारत में गैस दूसरे देशों के मुकाबले सस्ती है। सरकार ने अलग-अलग देशों के आंकड़े जारी कर दावा किया है कि भारतीय उपभोक्ता अभी भी दुनिया के कई देशों से कम कीमत पर रसोई गैस खरीद रहे हैं। भारत में सामान्य उपभोक्ता को 14.2 किलो का घरेलू सिलेंडर 942 रुपए में मिल रहा है। वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपए की सब्सिडी मिलने के बाद यही 642 रुपए का पड़ता है।

### रोटी के महंगे होने से थाली गई रूठः अखिलेश



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी सरकार पर हमला करते हुए शायरी भरे अंदाज में कहा, रोटी के महंगे होने से थाली गई रूठ, भाजपा से अब तो, हर आस गई टूट।

### क्यों बढ़ रहे बार-बार एलपीजी के दामः तिवारी



कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने दाम बढ़ने पर कहा कि तेल विपणन कंपनियों द्वारा पर्याप्त मुनाफा कमाने के बावजूद एलपीजी की कीमतों में बार-बार बढ़ोतरी की जा रही है।

### राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ेगीः शरद



शरद पवार ने केंद्र की आलोचना की है। उन्होंने दावा किया कि कीमतों का बोझ आम लोगों पर पड़ रहा है। सरकार को राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ेगी।

### दाम खतरनाक दर से बढ़ रहेः डीके



कर्नाटक के सीएम डीके शिवकुमार ने रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि गैस की कीमत बढ़ना खतरनाक है।

### खरगे ने सरकार से पूछे 3 सवाल

### अब भाजपा नेता सड़कों पर सिलेंडर लेकर क्यों नहीं बैठ रहे?



इस मुद्दे को लेकर अब विपक्ष मोदी सरकार पर हमलावर हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर दाम बढ़ने को लेकर सरकार से सवाल किए। उन्होंने एक्स पर लिखा, घरेलू गैल दामों में आग की लपटें आम जनता की रसोई को भस्म करने पर तुली हुई है। 4 महीनों में घरेलू सिलेंडर के दामों में 89 रुपए की बढ़ोतरी की है।

**खरगे के सवाल**

1 **सवाल,** संसद में मोदी जी ने लंबी-चौड़े दावे किए थे कि वे पश्चिम एशिया युद्ध के चलते 41 देशों से ईंधन विविधीकरण कर रहे हैं। उसका क्या हुआ?

2 **सवाल-** 2025-26 में उज्ज्वला योजना में 5.56 करोड़ परिवारों ने केवल एक या एक भी रिफिल नहीं करवाया। इनमें से 3.30 करोड़ ने तो एक भी सिलेंडर रिफिल नहीं लिया।

3 **सवाल-** मोदी जी और भाजपा नेता यूपीए के दौरान महंगाई का शोर मचाते थे। अब भाजपा के नेता सड़कों पर सिलेंडर लेकर क्यों नहीं बैठ रहे हैं? क्या हुआ?

## कांग्रेस के बड़े नेता गहलोत का बड़ा दावा

# साजिश की वजह से मैं कांग्रेस अध्यक्ष बनते- बनते रह गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के बड़े नेता अशोक गहलोत ने एक बार फिर पुराना मामला उठाया है, जब वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते-बनते रह गए थे। गहलोत का कहना है कि उन्हें अध्यक्ष बनाने का फैसला हो चुका था, लेकिन साजिश की वजह से सब कुछ पलट गया और आज भी लोग असली सच नहीं जानते। कुछ साल पहले अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की बात चली। सोनिया गांधी और कांग्रेस की टॉप लीडरशिप ने अशोक गहलोत को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का मन बना लिया था। मैंने तो इसे सम्मान की बात मानी थी, लेकिन जैसे ही यह तय होने लगा, पार्टी ने राजस्थान में पर्यवेक्षक भेजे यानी ऐसे नेता जो वहां की स्थिति देखने आए। इसके बाद हालात तेजी से बदल गए। इस पूरे मामले के बाद देशभर में यह बात फैल गई कि गहलोत ने खुद ही अध्यक्ष पद से मना कर दिया, क्योंकि वो राजस्थान का मुख्यमंत्री पद नहीं छोड़ना चाहते थे। यानी लोगों की नजर में यह गहलोत की अपनी पसंद थी। यहां तक कि उनके अपने करीबी लोग और समर्थक भी यही मानते रहे। गहलोत अब साफ कह रहे हैं कि यह धारणा गलत है।

### 'संडे ऑन साइकिल' में हजारों लोग शामिल



**हर दिन करें एक साइकिल ट्रिपः मांडविया**

**नई दिल्ली।** विश्व साइकिल दिवस' के अवसर पर जेएलएन स्टेडियम में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का आयोजन हुआ। मांडविया ने कहा,यह 77वां संस्करण है। हर दिन एक साइकिल ट्रिप करनी चाहिए।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राम अवतार, पुत्र बिशन सिंह निवासी मकान नंबर 324, ग्राम खेड़ा, दिल्ली-110043**, दूसरा पता **संजीव उर्फ चेता जनरल स्टोर के पास, लाल डोरा, ग्राम खेड़ा दिल्ली-110045** ने **सीसी नं. 2792/2020 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **राम अवतार** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **राम अवतार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि सीसी नं.2792/2020 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना बवाना, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राम अवतार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 10.07.2026 को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (05) उत्तर
कमरा नं.114, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7575/ON/2026


## सीबीएसई ओएसएम विवाद पर राहुल ने साधा केंद्र पर निशाना

# प्रधानमंत्री चाहते हैं युवा रील बनाएं और पकौड़े तलें, केंद्र को जवाब देना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सीबीएसई और सीओईएमपीटी के बीच कथित मिलीभगत का खुलासा करने वाले छात्र सार्थक सिद्धांत और उनके साथी निसर्ग अधिकारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि युवा रील बनाते रहें और पकौड़े तलते रहें, लेकिन सरकार सवालों के जवाब भी खोजे।

■ सार्थक और निसर्ग की बात कही



### सीबीएसई ओएसएम विवाद में ध्यान दिलाया

सार्थक ऑनस्क्रीन मार्किंग सिस्टम से प्रभावित 18 वर्षीय छात्र हैं, जिन्होंने कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में ओएसएम के लिए विक्रेता चयन की निविदा प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाया है। राहुल ने कहा, सार्थक 18 साल के हैं, फिर भी, सोच, साहस व सिद्धांतों में उनका कोई मुकाबला नहीं है।

### नीट यूजी री-एग्जाम के लिए सिटी इंटिमेशन स्लिप जारी





राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने 21 जून को होने वाली नीट यूजी पुनर्परीक्षा के लिए सिटी इंटिमेशन स्लिप जारी कर दी है। परीक्षार्थी ऑनलाइन देख सकते हैं।

## बंगाल में भ्रष्टाचार पर फूटा गुस्सा

# आरोपी टीएमसी नेता को जूतों की माला पहनाकर घुमाया गया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



100 दिन की रोजगार योजना (मनरेगा) के धन के गबन और भ्रष्टाचार के आरोपों में बंगाल में एक टीएमसी को ग्रामीणों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ा। गुस्साए ग्रामीणों ने न केवल उन्हें घेर लिया, बल्कि कथित तौर पर उनकी कमर में रस्सी बांधकर, सिर मुंडवाकर और गले में जूतों की माला पहनाकर पूरे इलाके में घुमाया। इस घटना से श्यामपुर क्षेत्र में भारी तनाव और सनसनी है। उस तृणमूल नेता का नाम सन्न्यासी मान्ना बताया जा रहा है।

## दक्षिण-पश्चिम मानसून ने तेज रफ्तार पकड़ी

# 11 राज्यों तक पहुंचा, भारी बारिश का अलर्ट

## असम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश में झमाझम शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने तेज रफ्तार पकड़ ली है। 4 जून को केरल के तट से टकराने के 72 घंटे के भीतर मानसून 11 राज्यों तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले 7 दिन केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर-पूर्वी भारत में भारी बारिश की चेतावनी दी है। दक्षिण- पश्चिम मानसून ने रविवार को उत्तरपूर्वी भारत में पूरे नगालैंड, मणिपुर और मिजोरम को कवर कर लिया। असम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश में कई जगहों पर बारिश शुरू है। भारत मौसम विभाग के अनुसार केरल में रेड अलर्ट है।



**चिक्कमगलुरु।** कर्नाटक के चिक्कमगलुरु में लोग बारिश के बीच खुद को ढंकते हुए।

### देशभर में सिस्टम एक्टिव, तेज हवाओं और बारिश का खतरा बढ़ रहा

कई चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय हैं। यही वजह है कि मौसम का मिजाज बेहद अस्थिर हो गया है। कहीं तेज धूप के बाद अचानक बारिश हो रही है तो कहीं आंधी-तूफान ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 2- 3 दिन के बाद यह छत्तीसगढ़, ओडिशा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम तक पहुंच सकता है।

### केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु में भारी बारिश होगी

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि मानसून की वजह से अगले 7 दिनों के दौरान केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तरपूर्वी भारत में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की प्रबल संभावना है। 8 से 10 जून के बीच कर्नाटक में अलग-अलग जगहों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की भी संभावना है।


### सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआइ बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

### स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी।

देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 08 जुलाई 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नम्बर | कर्जदार का नाम | नीलामी शाखा पता |
|---|---|---|
| शाखा का नाम : दिल्ली-द्वारका चौक | | आईसीआईसीआईआई बैंक लि., प्लॉट #5ए-6ए, जय भारत एन्क्लेव, द्वारका चौक, नई दिल्ली-110059 |
| 235557000019 | सत्य प्रकाश | |
| शाखा का नाम : दिल्ली-प्रताप बाग | | आईसीआईसीआईआई बैंक लि., म. नं. 15, वीर नगर, जैन कॉलोनी, मेन जीटी रोड, राणा प्रताप बाग, दिल्ली-110007 |
| 409357000046 | विनोद | |
| शाखा का नाम : दिल्ली-शास्त्री नगर | | आईसीआईसीआईआई बैंक लि., ईई-2/252, 253, मेन रोड, शास्त्री नगर, नई दिल्ली-110052 |
| 388857000069 | पारस कुमार | |
| शाखा का नाम : दिल्ली-लक्ष्मी नगर | | आईसीआईसीआईआई बैंक लि., बी21, वी 3 एस मॉल के सामने, महाराजा बैंक्वेट, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092 |
| 083105004461 | वारिशा | |
| शाखा का नाम : दिल्ली-मियांवाली नगर | | आईसीआईसीआईआई बैंक लि., यूजीएफ 5, पश्चिम एन्क्लेव, निकट मियांवाली नगर, दिल्ली-110087 |
| 561105000071 | संजीव कुमार बिशैया | |
| शाखा का नाम : दिल्ली-विवेक विहार | | |
| 082905002545 | विशेष मावी | |
| 082905002560 | विशेष मावी | आईसीआईसीआईआई बैंक लि., बी130, विवेक विहार, फेज 1, दिल्ली-110095 |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-भजनपुरा | | आईसीआईसीआईआई बैंक लि., बी45/6, मेन वजीराबाद रोड, भजनपुरा, दिल्ली 110053 |
| 136005001970 | गफ्फार | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-दरियागंज | | |
| 033357000171 | सौद खान | आईसीआईसीआईआई बैंक लि., 112, ब्लॉक टी, दयानंद रोड, दरियागंज, दिल्ली 110002 |
| 033357000172 | सौद खान | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-दिलशाद गार्डन | | आईसीआईसीआईआई बैंक लि., प्लॉट नं. 5, ब्लॉक बी, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, दिलशाद गार्डन, नई दिल्ली-110095 |
| 113357000134 | जय बाबू सक्सेना | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-फतेहपुरी | | आईसीआईसीआईआई बैंक लि., 211, फतेहपुरी, चांदनी चौक, दिल्ली-110006 |
| 113857000065 | दिव्यम गुप्ता | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-नारायणा विहार | | आईसीआईसीआईआई बैंक लि., ई47, नारायणा विहार, नई दिल्ली-110028 |
| 033505004762 | रूबी कुमारी | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-पीतमपुरा | | |
| 015405008321 | विपिन धर दुबे | आईसीआईसीआईआई बैंक लि., आरपी-4, पीतमपुरा, दिल्ली-110034 |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-7 | | आईसीआईसीआईआई बैंक लि., एससीओ प्लॉट नं. 43, निर्मल दीप बिल्डिंग, सेक्टर-7, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, फरीदाबाद जिला, हरियाणा-121006 |
| 107905003561 | रेखा सिंह | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - डीएलएफ | | आईसीआईसीआईआई बैंक लि., के6/7, के12 केबी12, कुतुब प्लाजा, डीएलएफ फेज 1, गुड़गांव-122002 |
| 017757000225 | सुमन अग्रवाल | |
| शाखा का नाम : श्रीप्पुनिथुरा | | आईसीआईसीआईआई बैंक लि., रामबल सुतीका, केआरएल रोड, वर्मा हॉस्पिटल के सामने, श्रीप्पुनिथुरा-682301, एर्नाकुलम ज़िला, केरल |
| 054905001831 | अलफॉंसा अलाट बीसी | |

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 08.06.2026
स्थान : सेंट्रल दिल्ली, ईस्ट दिल्ली, नई दिल्ली, नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली, नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली, शाहदरा, साउथ-वेस्ट दिल्ली, वेस्ट दिल्ली, साउथ दिल्ली, दिल्ली

भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# फोर्ब्स रियल-टाइम बिलेनियर्स लिस्ट : अडानी 1, अंबानी 2, एशिया के सबसे अमीरों की लिस्ट में उलटफेर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फोर्ब्स की रियल-टाइम बिलेनियर्स लिस्ट में बड़ा उलटफेर हो गया है। इस लिस्ट में अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी उछलकर नंबर 1 की पोजिशन पर पहुंच गए हैं। वहीं, सॉफ्टबैंक के मासायोशी सोन पहले पायदान से खिसककर तीसरे पर पहुंच गए हैं। लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अंबानी दूसरे नंबर पर हैं।

अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की संपत्ति बढ़कर 89.2 अरब डॉलर हो गई है। यह उन्हें एशिया में सबसे अमीर व्यक्ति बनाती है। फोर्ब्स की रियल-टाइम बिलेनियर्स लिस्ट में यह जानकारी दी गई। अडानी के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 88 अरब डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर हैं। सॉफ्टबैंक के मासायोशी सोन को 87 अरब डॉलर के साथ तीसरा पायदान मिला है। सोन जापानी निवेश फर्म के शेयरों में गिरावट से पहले एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति थे। गौतम अडानी की संपत्ति का मुख्य स्त्रोत अडानी समूह की कंपनियों में हिस्सेदारी है।

खास खबर

### अडानी ग्रुप की 6 कंपनियों का बढ़ा वैल्यूएशन

अडानी समूह की छह कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्य लगभग शुक्रवार तक 191 अरब डॉलर था। इसमें अडानी पावर 47.2 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ टॉप पर थी। इसके बाद अडानी पोर्ट्स का मूल्यांकन 44.2 अरब डॉलर था। अडानी एंटरप्राइजेज का मूल्य 44 अरब डॉलर था। अडानी ग्रीन एनर्जी का मार्केट वैल्यूएशन 26.4 अरब डॉलर था। अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस का वैल्यूएशन 19.9 अरब डॉलर था। अडानी टोटल गैस का मार्केट कैपिटलाइजेशन 8.8 अरब डॉलर था।



### हिंडनबर्ग के आरोपों के बाद आई थी गिरावट

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने 2023 में अडानी पर स्टॉक में हेरफेर और व्यापक धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। हालांकि, भारतीय नियामकों ने पिछले साल इन दावों को खारिज कर दिया था। कहा था कि आरोप 'सिद्ध नहीं हुए'। उन्हें अमेरिका में भी आरोपों का सामना करना पड़ा था। ये अब समाप्त हो चुके हैं।

### तेजी से बढ़ी है अडानी की संपत्ति

फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार, गौतम अडानी की संपत्ति में पिछले महीने अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट की ओर से अडानी समूह के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों को खारिज करने के बाद से लगभग 10 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। ये आरोप सौर ऊर्जा सप्लाई अनुबंधों को लेकर 250 मिलियन डॉलर के लेनदेन में समूह की भागीदारी के थे। हालांकि, अडानी समूह ने इन दावों का खंडन किया था। एशिया के सबसे धनी व्यक्ति के रूप में उनकी वापसी हाल के वर्षों में उनकी कंपनियों के मूल्यांकन में गिरावट के बाद हुई है। यह गिरावट कई आरोपों के कारण हुई थी।

### कानूनी चुनौतियों से उबर चुका है अडानी ग्रुप

अरबपति उद्योगपति ने पिछले महीने शेयरधारकों को लिखे अपने वार्षिक पत्र में कहा कि अडानी समूह अमेरिकी कानूनी चुनौतियों से उबर चुका है। ऊर्जा, परिवहन, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ा रहा है। इससे वह एआई आधारित विकास की बढ़ती मांग से फायदा उठाने के लिए तैयार है। उन्होंने समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के हालिया 24,930 करोड़ रुपए के राइट्स इश्यू की सफलता को निवेशकों का विश्वास बताया। यह ऐसे समय पर आया था, जब समूह शासन और नियामक मुद्दों पर सवालों का सामना कर रहा था।

## खबर संक्षेप




### एमएफ क्षेत्र में उतरी अल्फाग्रेप 30 हजार करोड़ का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** अल्फाग्रेप इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट अगले महीने अपनी पहली म्यूचुअल फंड योजना लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने अगले तीन से पांच साल में 25,000 से 30,000 करोड़ रुपए की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) हासिल करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी को हाल ही में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से म्यूचुअल फंड कारोबार शुरू करने की मंजूरी मिली है।

### उज्बेकिस्तान दे रहा भारत की दवा कंपनियों को प्रोत्साहन

**नई दिल्ली।** उज्बेकिस्तान ने भारतीय दवा कंपनियों से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए सब्सिडी, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टेक्नोलॉजी ट्रांसफर) प्रोत्साहन और नियामकीय प्रक्रियाओं को सरल बनाने की पेशकश की है। देश का उद्देश्य खुद को क्षेत्रीय दवा विनिर्माण और आपूर्ति केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

वैश्विक बिजली खपत में वृद्धि का 15 प्रतिशत योगदान भारत का

# वैश्विक ऊर्जा बाजार का 'पावरहाउस' बनेगा भारत, रोसनेफ्ट का बड़ा दावा

एजेंसी ▶▶| सेंट पीटर्सबर्ग

रूस की पेट्रोलियम कंपनी रोसनेफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी इगोर सेचिन ने कहा है कि अगले एक दशक में वैश्विक तेल मांग में होने वाली वृद्धि का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा भारत से आएगा, जबकि वैश्विक बिजली खपत में वृद्धि का 15 प्रतिशत योगदान भी भारत का होगा। इससे भारत दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा बाजारों में से एक बन जाएगा। सेंट पीटर्सबर्ग अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच में सेचिन ने कहा कि वर्ष 2035 तक भारत की कच्चे तेल की खपत 44 प्रतिशत बढ़कर लगभग 80 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच सकती है। वहीं बिजली की मांग में करीब 80 प्रतिशत की वृद्धि होगी और इसके लगभग 3,000 टेरावाट-घंटे तक पहुंचने का अनुमान है, जो वर्तमान में यूरोपीय संघ की बिजली खपत के स्तर के करीब होगा। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था आज वैश्विक ऊर्जा खपत वृद्धि में प्रमुख भूमिका निभा रही है।

■ भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक ऊर्जा खपत वृद्धि में निभा रही प्रमुख भूमिका

**उर्वरकों की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धिः** भारत, अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया इसके प्रति सबसे अधिक संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल हैं। हालांकि, उन्होंने साथ ही कहा कि रूस को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से अलग नहीं किया जा सकता है। उनके अनुसार, इस वर्ष उर्वरकों की कीमतों में पहले ही उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। उन्होंने दावा किया कि रूस की चीन और भारत के साथ ऊर्जा साझेदारी दोनों देशों को स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करती है।



### भू-राजनीतिक संघर्ष ऊर्जा सुरक्षा के लिए जोखिम

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के अनुमान के अनुसार, अगले दस साल में वैश्विक बिजली मांग में होने वाली वृद्धि का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा भारत से आएगा। इसी अवधि में वैश्विक तेल मांग वृद्धि का लगभग आधा योगदान भी भारत का होगा। हालांकि, सेचिन ने चेताया कि होर्मुज जलडमरुमध्य से जुड़ा तनाव और व्यापक भू-राजनीतिक संघर्ष भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की आयातित ऊर्जा पर बढ़ती निर्भरता को देखते हुए इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार का व्यवधान भारतीय अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं की पूर्ति को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने बताया कि होर्मुज क्षेत्र में तनाव का असर केवल तेल और गैस बाजारों तक सीमित नहीं है, बल्कि उर्वरक आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है, जिससे खाद्य कीमतों में वृद्धि का खतरा बढ़ेगा।

### रोसनेफ्ट ने भारत के साथ संबंधों को किया मजबूत

सेचिन ने बताया कि 2022 के बाद से रोसनेफ्ट ने भारत के साथ अपने संबंधों को और मजबूत किया है। कंपनी भारत को कच्चे तेल की प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं में शामिल हो गई है। रोसनेफ्ट की नायरा एनर्जी में 49.13 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जो गुजरात में दो करोड़ टन सालाना क्षमता वाली रिफाइनरी और देशव्यापी ईंधन खुदरा नेटवर्क का संचालन करती है। भारतीय कंपनियां रूस के तेल और गैस क्षेत्रों में भी रोसनेफ्ट की साझेदार हैं।

### व्यापार पर बढ़ते प्रतिबंध कर रहा वैश्विक अर्थव्यवस्था को खंडित

सेचिन ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था वर्तमान में प्रतिबंधों, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, बढ़ते ऋण और पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्र में कम निवेश जैसी चुनौतियों के कारण बढ़ते रणनीतिक जोखिमों के दौर में प्रवेश कर रही है। उनका मानना है कि तेल और गैस उत्पादन में अपर्याप्त निवेश तथा कृत्रिम मेधा (एआई) और डेटा सेंटर से बढ़ती बिजली मांग भविष्य में ऊर्जा और बिजली आपूर्ति की कमी पैदा कर सकती है।

## शेयर बाजार समीक्षा

# क्रूड ऑयल, टेंशन, मार्केट में दिखेगा हाई-वोल्टेज ड्रामा!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों पर निर्भर करेगी। विश्लेषकों ने यह राय व्यक्त की है। एक विशेषज्ञ ने कहा कि सप्ताहांत में अमेरिकी बाजारों में आई भारी गिरावट के बाद कारोबारी सप्ताह की शुरुआत सतर्कता के साथ हो सकती है। इसके अलावा मानसून और मुद्रास्फीति के आंकड़ों की घोषणा भी महत्वपूर्ण कारक होंगे जिन पर नजर रखनी होगी।



### वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

रेलिगेयर ब्रोकिंग के शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा, 'इस सप्ताह बाजार की दिशा प्रमुख मुद्रास्फीति और वैश्विक व्यापक आर्थिक आंकड़ों से तय होगी। भारत में निवेशक 12 जून को जारी होने वाले मई माह के मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी मुद्रा भंडार आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे।'


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनोज कुमार राय** पुत्र सुधीर कुमार राय निवासी डी-354, लोअर ग्राउंड फ्लोर, कृष्णा पार्क, देवली रोड, खानपुर, नई दिल्ली ने **सीसी संख्या 8213/2023 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनोज कुमार राय** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **मनोज कुमार राय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **मनोज कुमार राय, सीसी संख्या 8213/2023 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.07.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री अर्जुन किरार**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी -05 एनआई अधिनियम
सेंट्रल, सीबीए -1, कमरा नंबर 2
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/7621/N/2026

**दिल्ली नगर निगम**

टोल टैक्स विभाग
(ई–निविदा सूचना)
प्रस्ताव आमंत्रण सूचना सह प्रस्ताव हेतु अनुरोध (RFP)

निविदा सं: DC/TT/HQ//2026/D-114 दिनांक: 05.06.2026

**दिल्ली में प्रवेश करने वाले निर्दिष्ट वाणिज्यिक वाहनों से सीमा प्रवेश बिंदुओं पर टोल टैक्स एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क (ECC) के संग्रहण तथा वर्तमान RFID प्रणाली को मल्टी लेन फ्री फ्लो (MLFF) आधारित संग्रहण प्रणाली में उन्नत करने हेतु एमसीडी द्वारा ठेकेदार की नियुक्ति।**

दिल्ली नगर निगम, दिल्ली की सीमा से लगे 154 टोल प्लाजा/पोस्ट/बैरियरों पर निर्दिष्ट वाणिज्यिक वाहनों से टोल टैक्स एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क (ECC) के संग्रहण तथा वर्तमान RFID प्रणाली को मल्टी लेन फ्री फ्लो (MLFF) आधारित संग्रहण प्रणाली में उन्नत करने हेतु इच्छुक डेवलपर्स/टोल प्लाजा संचालकों से **https://etenders.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

यह कार्य 05 वर्ष की अवधि हेतु प्रदान किया जाएगा। टोल टैक्स हेतु आरक्षित मूल्य रु. 910.00 करोड़ प्रति वर्ष तथा ECC वास्तविक संग्रहण के आधार पर होगा। निविदा शुल्क रु. 1.00 लाख+ लागू जीएसटी तथा बयाना राशि (EMD) रु.18.20 करोड़ निर्धारित है। स्वामित्व फर्म, साझेदारी फर्म, प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, लिमिटेड कंपनी अथवा संयुक्त उपक्रम प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्री–बिड सम्मेलनः दिनांक: 12.06.2026, समयः अपराह्न 01:00 बजे। स्थानः कॉन्फ्रेंस हॉल, 23वीं मंजिल, डॉ. एस.पी.एम. सिविक सेंटर, मिंटो रोड, नई दिल्ली।

तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव/बोली केवल ऑनलाइन माध्यम से **https://etenders.gov.in** पर प्रस्तुत की जा सकती है।

प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय: 29.06.2026 को अपराह्न 03:00 बजे (IST) तक।
तकनीकी बोलियां खोले जाने की तिथि एवं समय: 30.06.2026 को अपराह्न 03:30 बजे (IST)

परियोजना की पृष्ठभूमि, ठेकेदार की व्यापक भूमिका, पात्रता मानदंड, चयन प्रक्रिया एवं अन्य विस्तृत जानकारी हेतु **https://etenders.gov.in** पर उपलब्ध NIT एवं RFP दस्तावेजों का अवलोकन करें।

हस्ता./–
RO NO. 12/DPI/MCD/2026-27 आयुक्त, दिल्ली नगर निगम की ओर से



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## सब्सिडी की रेस में चीन से बहुत पीछे भारत, ओईसीडी के डेटाबेस से खुला राज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कंपनियों को वर्ष 2005 से 2024 के दौरान चीनी फर्मों की तुलना में काफी कम सरकारी सहायता प्राप्त हुई है। आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 'ओईसीडी मैजिक डेटाबेस ऑफ इंडस्ट्रियल सब्सिडीज' यह आकलन करता है कि कंपनियों को वास्तव में क्या प्राप्त होता है (न कि सरकारें क्या खुलासा करती हैं)। इसमें 2005-24 के दौरान 15 प्रमुख क्षेत्रों में दुनिया की 525 सबसे बड़ी विनिर्माता कंपनियों का अनुदान, आयकर रियायतें और बाजार दर से कम ब्याज पर ऋण, इन तीन साधनों के माध्यम से आकलन किया गया है।

### चीनी कंपनियों को 60 प्रतिशत वृद्धि



रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2005 और 2023 के बीच विकास करने वाली कंपनियों के वैश्विक बाजार हिस्सेदारी में हुई वृद्धि का लगभग 22 प्रतिशत हिस्सा उन्हें प्राप्त अनुदान के कारण है। रिपोर्ट के अनुसार, चीनी कंपनियों के मामले में उनकी वैश्विक बाजार हिस्सेदारी में हुई लगभग 60 प्रतिशत वृद्धि को उन्हें मिली सरकारी सहायता से जोड़ा जा सकता है।

## हिमसागर आम पर मौसम का 'काला साया' निर्यातकों की बढ़ी चिंता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के प्रसिद्ध हिमसागर आम के निर्यात पर इस वर्ष मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों ने संकट खड़ा कर दिया है। लगातार बारिश और उसके बाद बढ़े तापमान के कारण आमों पर काले धब्बे उभर आए हैं, जिससे बड़ी मात्रा में इस फल का निर्यात करना संभव नहीं है। निर्यातकों के अनुसार, ये काले धब्बे रोग संक्रमण के शुरुआती संकेत हैं। आमों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अपनाई जाने वाली बैगिंग तकनीक भी इस बार मौसम की मार से प्रभावित हुई। बैगिंग के दौरान हुई लगातार वर्षा और बाद में बढ़ी गर्मी ने फलों को नुकसान पहुंचाया।

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेगी।

**वृष** – मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – मन में आशा–निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** – रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

# शेयर बाजार में एक हफ्ते में 1.25 लाख करोड़ स्वाहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से 7 के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से करीब 1.25 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक नुकसान हुआ। सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 532.40 अंक (0.71 प्रतिशत) और एनएसई का निफ्टी 181.05 अंक (0.76 प्रतिशत) नीचे आया। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई।

■ रिलायंस से टीसीएस तक 7 दिग्गज कंपनियों को लगा बड़ा झटका




### एसबीआई के बाजार में मूल्यांकन में इजाफा

इस रुख के उलट एसबीआई का मूल्यांकन 12,692.09 करोड़ रुपए बढ़कर 9,02,523.63 करोड़ रुपए रहा।आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 4,484.86 करोड़ रुपए बढ़कर 9,05,074.77 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 4,101.47 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 11,50,743.31 करोड़ रुपए रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

### भारती एयरटेल की बाजार हैसियत घटी

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 39,718 करोड़ रुपए घटकर 17,47,321.40 करोड़ रुपए रह गया। टीसीएस के मूल्यांकन में 20,134.66 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 7,95,346.09 करोड़ रुपए पर आ गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 18,736.04 करोड़ रुपए घटकर 10,96,150.49 करोड़ रुपए रह गई। एलएंडटी का मूल्यांकन 16,880.20 करोड़ रुपए की कमी के साथ 5,43,956.44 करोड़ रुपए पर आ गया। इसके अलावा एलआईसी का बाजार मूल्य 14,610.74 करोड़ रुपए घटकर 5,05,873.32 करोड़ रुपए रहा। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 9,681.36 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 5,53,580.97 रुपए रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 5,909.23 करोड़ रुपए घटकर 4,98,301.31 करोड़ रुपए पर आ गया।

## शब्द पहेली - 6250




**बाएँ से दाए**
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा (उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

### शब्द पहेली- 6249 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | ब | न | कु | मा | र | ■ | म | क | ब | रा |
| ला | न | ■ | त | ■ | स | ली | का | ■ | स | त |
| य | ■ | प | र | बा | ना | ■ | न | न | ■ | दि |
| न | का | र | ना | ■ | ■ | क | ■ | म | हा | न |
| बा | ■ | ख | ■ | स | ह | ल | ज | ■ | ज | ■ |
| दी | बा | ना | प | न | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | जि | ■ | र | स | ले | ना | ■ | न | ■ | री |
| ग | ब | न | ■ | नी | ■ | ■ | अ | वा | न्त | र |
| ज | ■ | शा | न | ■ | आ | ब | नू | स | ■ | र |
| रा | ज | ■ | ज | टा | यु | ■ | रू | ■ | क | क्ष |
| ज | ल | च | र | ■ | ध | मों | प | दे | श | क |



# ज्वेरेव ने जीता पहला ग्रैंड स्लैम खिताब, बने फ्रेंच ओपन चैंपियन



## फाइनल में कोबोली को 6-1, 4-6, 6-4, 6-7, 6-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| पेरिस

**89 साल बाद कोई जर्मन मेंस खिलाड़ी चैंपियन बना**

जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने आखिरकार ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का अपना सपना साकार कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने रविवार को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में इटली के फ्लावियो कोबोली को 6-1, 4-6, 6-4, 6-7 (5), 6-1 से हराकर अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया। अपने चौथे ग्रैंड स्लैम फाइनल में उतरे ज्वेरेव ने चार घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। कोबोली ने दूसरे चैम्पियनशिप प्वाइंट पर एक आसान स्मैश नेट के बाहर मार दिया जिससे मैच का अंत हुआ। इसके बाद ज्वेरेव भावुक हो गए और लाल मिट्टी पर पीठ के बल लेटकर अपनी आंखों को हाथों से ढंक लिया। कुछ देर बाद उन्होंने दोनों हाथ उठाकर जीत का जश्न मनाया। इस जीत के साथ 29 वर्षीय ज्वेरेव उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए जिन्होंने अपने चौथे ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहला मेजर खिताब जीता। इस सूची में आंद्रे अगासी, गोरान इवानिसेविच और डोमिनिक थीम जैसे दिग्गज शामिल हैं। टूर्नामेंट के दौरान परिस्थितियां ज्वेरेव के पक्ष में रहीं। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर दूसरे दौर में बाहर हो गए थे, जबकि 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच भी शुरुआती दौर में हारकर टूर्नामेंट से विदा हो गए। दो बार के मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज दाहिनी कलाई की चोट के कारण प्रतियोगिता शुरू होने से पहले ही हट गए थे। ऐसे में ज्वेरेव को खिताब का सबसे बड़ा दावेदार माना जा रहा था और उन्होंने इस मौके को संघर्ष के बाद भुना लिया। विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज कोबोली ने इससे पहले कभी किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल से आगे का सफर तय नहीं किया था। वह 1976 में एड्रियानो पनाटा के बाद रोलां गैरो में पुरुष एकल खिताब जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उनका सपना अधूरा रह गया। ज्वेरेव ने मुकाबले की शुरुआत से ही दबदबा बनाया और पहला सेट आसानी से जीत लिया।

## सिर्फ खेलना ही नहीं, बल्कि 10 से 20 साल तक दबदबा बनाए रखना है: वैभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आईपीएल 2026 में धमाकेदार प्रदर्शन का इनाम वैभव सूर्यवंशी को मिल गया है। 15 वर्षीय बल्लेबाज को आयरलैंड-इंग्लैंड और एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। वैभव का कहना है कि वह सिर्फ खेलना नहीं चाहते हैं, बल्कि अगले 10 से 20 साल तक अपने खेल से दबदबा बनाए रखना चाहते हैं। राजस्थान रॉयल्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वैभव का एक इंटरव्यू शेयर किया है। इस इंटरव्यू में बात करते हुए वैभव ने बताया कि वह ऐसा क्रिकेट खेलना चाहते हैं, जिसे देखकर लोग बाद में यह कहें कि एक बल्लेबाज अकेले दम पर मैच जीता देता था। उन्होंने कहा, मैंने सोचा है कि मैं 20 साल या जब तक भी क्रिकेट खेलूं और किसी भी टीम की तरफ से खेलूं, तो ऐसा खेलूं कि लोग मैच देखें या फिर बाद में सोचें तो यह कहें कि एक खिलाड़ी अकेले मैच खत्म कर देता था। तो दबदबा दिखना चाहिए, जिसके लिए मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं।

### भारत ने पहली पारी 8 विकेट पर 564 रन बनाकर की घोषित

# 2023 के बाद घरेलू मैदान में टीम इंडिया ने बनाए 550+रन

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन पूरी तरह दबदबा कायम कर लिया। भीषण गर्मी के बीच भारत ने वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 52) के संयमित अर्धशतक और सुथार के साथ सातवें विकेट के लिए 54 रन की उपयोगी साझेदारी के बाद अपनी पहली पारी 8 विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित कर दी।

दिन का खेल समाप्त होने तक अफगानिस्तान की टीम 113 रन पर 5 विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। डेब्यू मैच में सुथार ने 15.5 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 7 ओवर में 27 रन देकर 2 विकेट झटके। भारत ने 2023 के बाद पहली बार टेस्ट में घरेलू मैदान पर 550 रनों का आंकड़ा पार किया। इससे पहले टीम ने 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद में खेले गए मैच में 571 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, भारत का यह स्कोर अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में किसी टीम का दूसरा सर्वोच्च टोटल है।

### सुतार ने किया 25 साल का सूखा खत्म

*अफगानिस्तान के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र टेस्ट मैच के दौरान डेब्यू करने वाले स्पिनर मानव सुतार ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 7 जून को पहले ही ओवर में विकेट झटका। सुतार ने अफगानिस्तान के ओपनर अब्दुल मलिक का विकेट लिया। मानव सुतार ने ऐसा करके 25 साल का सूखा खत्म किया। सुतार से पहले टिनू योहानन ने 2001 में इंग्लैंड के खिलाफ ऐसा किया था। डेब्यू मैच में पहले ही ओवर में विकेट लेने वाले पहले भारतीय मोंटू बनर्जी थे। उन्होंने ऐसा 1948 में किया था। उनके अलावा मनोहर हार्दिकर और डब्ल्यूवी रमन ने भी वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले ही ओवर में विकेट हासिल किया था।*



### गिल ने रूट को छोड़ा पीछे

भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में पहली पारी में 126 रन की शतकीय पारी खेली। गिल अपनी इस शतकीय पारी के बाद डब्ल्यूटीसी 2025-27 में अब सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने साथ ही साथ वो अब भारत की तरफ से अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने वाले बल्लेबाज भी बने। गिल अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने वाले बैटर बने।

### बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में सुथार ने छोड़ा प्रभाव

पहली पारी में 41 गेंदों पर 28 रन की उपयोगी पारी खेलने के बाद सुथार ने गेंदबाजी में भी प्रभाव छोड़ा। चाय से पहले आखिरी ओवर में गेंदबाजी के लिए बुलाए गए सुथार ने अब्दुल मलिक (16) को आउट कर अपना पहला टेस्ट विकेट हासिल किया। मलिक शुरुआती तीन गेंदों पर असहज दिखे और चौथी गेंद पर स्वीप खेलने के प्रयास में विकेट गंवा बैठे। सुथार की पारंपरिक शैली और कलात्मक रन-अप देखने लायक था। ऐसे दौर में जब टी20 क्रिकेट के प्रभाव से स्पिन गेंदबाजी विकेट चटकाने की जगह रन रोकने का हथियार बनती जा रही है, सुथार ने 'फ्लाइट' और 'टर्न' जैसे बुनियादी गुणों के दम पर अलग छाप छोड़ी।

### सचिन, सहवाग, अजहर की खास लिस्ट में शामिल हुए गिल

गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ 126 रन बनाए और अब वो भारत की तरफ से 74 टेस्ट पारियों के बाद सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में सचिन, सहवाग और मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर आ गए। गिल ने 74 पारियों में टेस्ट में अब तक कुल 11 शतक लगाए हैं जबकि इन तीनों ने भी 74 पारियों में 11-11 शतक लगाए थे। इस लिस्ट में सुनील गावस्कर पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने भारत की तरफ से खेलते हुए टेस्ट की पहली 74 पारियों में 13 शतक लगाए थे।

### अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्रटेस्ट में भारत का दबदबा



### पंत ने की कैलिस की बराबरी

पंत ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहली पारी में अपनी 81 रन की पारी के दौरान 3 छक्के और 6 चौके लगाए। इन तीन छक्कों की मदद से पंत अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में जैक कैलिस के साथ संयुक्त रूप से 5वें नंबर पर आ गए। कैलिस ने भी टेस्ट क्रिकेट में 97 छक्के लगाए थे जबकि पंत के भी 97 छक्के हो चुके हैं। इस लिस्ट में पहले नंबर पर बेन स्टोक्स 136 छक्कों के साथ मौजूद है।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का जजई बो सलीम | 24 | 32 | 5 | 0 |
| राहुल का गुरबाज बो रहमान | 100 | 165 | 11 | 0 |
| सुदर्शन का जजई बो सलीम | 81 | 103 | 4 | 0 |
| गिल का जजई बो सलीम | 126 | 177 | 15 | 1 |
| पंत का उमरजई बो शाहिदी | 81 | 121 | 6 | 3 |
| ध्रुव जुरेल बो मोहम्मद सलीम | 19 | 20 | 4 | 0 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 52 | 68 | 5 | 1 |
| सुथार का जजई बो सलीम | 28 | 41 | 2 | 2 |
| सिराज बो सलीम | 22 | 12 | 4 | 1 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 09 | 26 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त: 22 कुल: (127 ओवर में 564/8 रन**

**गेंदबाजी:** जियाउर रहमान 24-2-91-1, अजमतुल्लाह उमरजई 22-5-67-0, मोहम्मद सलीम 27-3-140-6, नांगेयालिया खारोटे 23-0-115-0, अब्दुल मलिक 7-0-43-0, हशमतुल्लाह शाहिदी 24-1-91-1.

| अफगानिस्तान पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मलिक का सिराज बो सुथार | 06 | 8 | 3 | 0 |
| सेदिकुल्लाह अटल का कृष्णा | 17 | 27 | 3 | 0 |
| गुरबाज का सुदर्शन बो सुथार | 12 | 40 | 1 | 1 |
| रहमत शाह नाबाद | 43 | 81 | 6 | 1 |
| शाहिदी पगबाधा कृष्णा | 20 | 48 | 4 | 0 |
| जजई का एवं बो सुथार | 03 | 26 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त: 02 कुल योग: 39.5 ओवर में 113/5 रन**

**गेंदबाजी:** सिराज 6-1-24-0, कृष्णा 7-0-27-2, सुथार 15.5-7-21-3, कुलदीप 7-0-29-0, वाशिंगटन4-0-12-0.

## ओपन रैंकिंग सीरीज में दिनेश व दीपक स्वर्ण विक्की, मोहित-सुमित ने कांस्य पदक जीता



**रोहतक।** उलानबटोर कुश्ती ओपन रैंकिंग सीरीज में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए दिनेश और दीपक ने स्वर्ण पदक जीता। दीपक ने फ्री स्टाइल में 61 किलोग्राम और दिनेश ने 125 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीता है। इसके अलावा 97 किलोग्राम में विक्की ने , 65 किलोग्राम में मोहित और 54 किलोग्राम में सुमित ने कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता मंगोलिया में आयोजित की जा रही है। दिनेश ने येदिगे कासिमबेक को हराकर सोना जीता है। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। पहलवान दिनेश ने बताया कि उन्होंने कुश्ती के अखाड़े में करीब 8-9 साल पहले (लगभग 2017) कदम रखा था। उनके पिता का नाम नरेंद्र है, जो पेशे से एक जमीदार (किसान) है, और उनकी मां का नाम सुशीला है, जो एक गृहाणी है। उन्होंने बताया कि पहलवान के करियर में सबसे बड़ी बाधा दो साल पहले आई, जब उनके घुटने की एसीएला एंटीरियर कूसिएट लिगामेट टूट गई थी। इस गंभीर चोट के कारण उन्हें ऑपरेशन करवाना पड़ा। रिकवरी में उन्हें पूरा एक साल लगा। इस चोट की वजह से वह 2023 के एशियन गेम्स जैसी बड़ी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाए, जो उनके करियर का एक बड़ा मलाल रहा। चोट से उभरने के बाद और उससे पहले भी, इस पहलवान ने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर अपना दबदया बनाए रखा।


**☛ यात्रीगण कृपया ध्यान दें! ➔**

**परीक्षा विशेष रेलगाड़ियाँ–2026**

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है उत्तर रेलवे द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए दिनांक 08.06.2026 (सोमवार) से 10.06.2026 (बुधवार) तक निम्नलिखित परीक्षा विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी:–

**04401/04402 तिलक ब्रिज – सहारनपुर – तिलक ब्रिज अनारक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| गाड़ी सं. 04401 आगमन | गाड़ी सं. 04401 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04402 आगमन | गाड़ी सं. 04402 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:45 | तिलक ब्रिज | 18:00 | ---- |
| 09:51 | 09:53 | आनंद विहार | 17:28 | 17:29 |
| 09:58 | 09:59 | साहिबाबाद | 17:22 | 17:23 |
| 10:08 | 10:10 | गाजियाबाद | 17:10 | 17:12 |
| 10:14 | 10:15 | न्यू गाजियाबाद | 16:48 | 16:49 |
| 10:19 | 10:20 | गुलधर | 16:42 | 16:43 |
| 10:24 | 10:25 | दुहाई | 16:36 | 16:37 |
| 10:30 | 10:31 | मुरादनगर | 16:30 | 16:31 |
| 10:39 | 10:40 | मोदी नगर | 16:21 | 16:22 |
| 10:47 | 10:48 | मोहीउद्दीनपुर | 16:15 | 16:16 |
| 10:53 | 10:54 | परतापुर | 16:09 | 16:10 |
| 11:18 | 11:20 | मेरठ सिटी | 16:01 | 16:03 |
| 11:26 | 11:27 | मेरठ कैंट | 15:54 | 15:55 |
| 11:32 | 11:33 | पाबली खास | 15:48 | 15:49 |
| 11:40 | 11:41 | दौराला | 15:40 | 15:41 |
| 11:48 | 11:49 | सकौती टांडा | 15:32 | 15:33 |
| 11:57 | 11:58 | खतौली | 15:23 | 15:24 |
| 12:06 | 12:07 | मनसूरपुर | 15:14 | 15:15 |
| 12:13 | 12:14 | जड़ौदा नारा | 15:07 | 15:08 |
| 12:21 | 12:22 | मुजफ्फरनगर | 14:59 | 15:00 |
| 12:27 | 12:28 | बामनहेरी | 14:53 | 14:54 |
| 12:35 | 12:36 | रोहाना कलां | 14:45 | 14:46 |
| 12:45 | 12:46 | देवबंद | 14:36 | 14:37 |
| 12:54 | 12:55 | तलहेड़ी बुजुर्ग | 14:27 | 14:28 |
| 13:02 | 13:03 | नागल | 14:19 | 14:20 |
| 13:21 | 13:22 | टपरी | 14:10 | 14:11 |
| 13:40 | ---- | सहारनपुर | ---- | 14:00 |

चलने के दिन: **04401 तिलक ब्रिज** से एवं **04402 सहारनपुर जं.** से दिनांक 08.06.2026 से 10.06.2026 तक। स्थान: सामान्य श्रेणी।

**04403/04404 मेरठ सिटी – सहारनपुर – मेरठ सिटी अनारक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| गाड़ी सं. 04403 आगमन | गाड़ी सं. 04403 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04404 आगमन | गाड़ी सं. 04404 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 10:25 | मेरठ सिटी | 15:00 | ---- |
| 10:31 | 10:32 | मेरठ कैंट | 14:45 | 14:46 |
| 10:37 | 10:38 | पावली खास | 14:39 | 14:40 |
| 10:45 | 10:46 | दौराला | 14:31 | 14:32 |
| 10:53 | 10:54 | सकोती टांडा | 14:23 | 14:24 |
| 11:02 | 11:03 | खतौली | 14:14 | 14:15 |
| 11:11 | 11:12 | मनसूरपुर | 14:05 | 14:06 |
| 11:20 | 11:21 | जड़ौदा नारा | 13:58 | 13:59 |
| 11:27 | 11:28 | मुजफ्फर नगर | 13:50 | 13:51 |
| 11:35 | 11:38 | बामनहेरी | 13:44 | 13:45 |
| 11:43 | 11:44 | रोहाना कलां | 13:36 | 13:37 |
| 11:51 | 11:52 | देवबंद | 13:26 | 13:27 |
| 12:01 | 12:02 | तलहेड़ी बुजुर्ग | 13:17 | 13:18 |
| 12:10 | 12:11 | नागल | 13:09 | 13:10 |
| 12:19 | 12:20 | टपरी | 13:00 | 13:01 |
| 12:35 | ---- | सहारनपुर | ---- | 12:50 |

चलने के दिन: **04403 मेरठ सिटी** से एवं **04404 सहारनपुर जं.** से दिनांक 08.06.2026 से 10.06.2026 तक। स्थान: सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

1946/2026 पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### खबर संक्षेप



### मैग्नस कार्लसन से ज्यादा खतरनाक प्रज्ञाननंदा: थिप्से

**नई दिल्ली।** द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से का मानना है कि प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज खिताब जीतने वाले पहले भारतीय आर प्रज्ञाननंदा दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से भी ज्यादा खतरनाक खिलाड़ी हैं। थिप्से ने उन्हें वर्तमान में भारत का सबसे मजबूत खिलाड़ी बताया और कहा कि वह मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश और अर्जुन एरिगैसी से आगे हैं। उन्होंने कहा, ' प्रज्ञाननंदा इस समय सर्वश्रेष्ठ भारतीय शतरंज खिलाड़ी हैं।

### घरेलू डायमंड लीग में तीन साल बाद हारे डुप्लांटिस

**स्टॉकहोम।** स्वीडन के स्टार पोल वॉल्ट खिलाड़ी आर्मंड 'मोंडो' डुप्लांटिस को रविवार को यहां अपने घरेलू डायमंड लीग प्रतियोगिता में तीन वर्षों बाद हार का सामना करना पड़ा। विश्व रिकॉर्ड धारक डुप्लांटिस ने 5.80 मीटर की ऊंचाई पार की, जो उनके हालिया विश्व रिकॉर्ड से 0.51 मीटर कम थी। वह इसके बाद 6.00 मीटर पर दो बार और 6.05 मीटर पर एक बार असफल रहे। ऑस्ट्रेलिया के कर्टिस मार्शल ने 5.90 मीटर की सफल छलांग लगाकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। यह डुप्लांटिस की इस वर्ष की पहली आउटडोर प्रतियोगिता थी।

## भारतीय एथलेटिक्स सीरीज: हरजीत सिंह 100 मीटर दौड़ में रहे अव्वल

**पुणे।** भारतीय एथलेटिक्स सीरीज के आठवें चरण में रविवार को यहां वायु सेना के धावक हरजीत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में 10.17 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र के रुशीप्रसाद देसाई ने 10.35 सेकंड के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि लॉरी अनंत मेलगे 10.36 सेकंड का समय लेकर तीसरे स्थान पर रहे। महाराष्ट्र के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन अन्य स्पर्धाओं में भी जारी रहा। अंडर-20 पुरुष 100 मीटर स्पर्धा में आदित्य पिसाल ने 10.23 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। पुरुषों की 400 मीटर दौड़ में रिलायंस के यशस पी ने 46.82 सेकंड के साथ स्वर्णिम सफलता हासिल की। तुषार कांति मन्ना (47.19 सेकंड) दूसरे और शुभम डी (47.74 सेकंड) तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में कर्नाटक की प्रकृति रूपा ने 11.65 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश की निपम 11.69 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि दिल्ली की चारु शौकीन 12.06 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में महाराष्ट्र की ऐश्वर्या मिश्रा ने 54.22 सेकंड का समय लेकर बाजी मारी।

# नेशनल रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में ओवर ऑल प्रथम स्थान हासिल किया

### हरियाणा ने तीन स्वर्ण, पांच रजत व चार कांस्य सहित कुल 12 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंडर-17 नेशनल रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता (ग्रीको-रोमन) में हरियाणा के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया है। यह उतर प्रदेश में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने कुल 195 अंकों के साथ पूरे टूर्नामेंट में ओवर ऑल प्रथम स्थान हासिल किया। तीन स्वर्ण, पांच रजत व चार कांस्य पदक सहित कुल 12 पदक जीते। हरियाणा कुश्ती संघ अध्यक्ष रमेश बोहर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा यह प्रदर्शन हमारे युवाओं की कड़ी मेहनत और कुश्ती के प्रति उनके समर्पण का परिणाम है। इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय पटल पर शानदार खेल दिखाकर एक बार फिर हरियाणा का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि कुश्ती संघ खिलाड़ियों को हर संभव सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पहलवानों को भविष्य की चुनौतियों के लिए भी तैयार रहने और आगे भी इसी तरह देश-दुनिया में प्रदेश का परचम लहराने के लिए प्रेरित किया।

**ये रहे परिणाम:** 45 किलोग्राम भार वर्ग में शुभम ने रजत पदक और देव कटारिया ने कांस्य पदक जीता है। 48 किलोग्राम वर्ग में अर्जुन ने रजत पदक और लक्ष्य ने कांस्य पदक अपने नाम किया। 55 किलोग्राम वर्ग में योगेश ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। 60 किलोग्राम वर्ग में दिलावर सिंह ने रजत पदक और नकुल ने कांस्य पदक हासिल किया। 65 किलोग्राम वर्ग में सत्यम ने रजत पदक जीता। 80 किलोग्राम वर्ग में अंशु ने अपनी दावेदारी मजबूत करते हुए स्वर्ण पदक जीता। 92 किलोग्राम वर्ग में हर्ष तोमर ने कांस्य पदक हासिल किया। 110 किलोग्राम भारी भार वर्ग में हरियाणा का दबदबा रहा, जिसमें हर्ष दलाल ने स्वर्ण पदक और हार्दिक ओहल्याण ने रजत पदक अपने नाम किया।

### आईटीएफ जे100 टूर्नामेंट: रनर-अप रहीं भारत की 13 वर्षीय सृष्टि किरण

# सृष्टि ने ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दिखाया जज्बा

एजेंसी ▶▶| ग्वाटेमाला सिटी

बेंगलुरु की 13 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी सृष्टि किरण आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स जे100 टूर्नामेंट में रनर-अप रहीं। सृष्टि को फाइनल में यूएसए की टॉप सीड एलेरी मेंडेल के हाथों 4-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के आखिरी दौर में क्रैम्प्स से जूझते हुए, इस युवा भारतीय खिलाड़ी ने अपनी ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जबरदस्त जज्बा दिखाया। फाइनल की शुरुआत में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। सृष्टि ने 2-0 की बढ़त बनाने के बाद पहले सेट में 3-1 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन मेंडेल ने वापसी करते हुए सेट 6-4 से जीत लिया। दूसरे सेट में, भारतीय खिलाड़ी 3-3 की बराबरी पर थीं और उनके पास दो गेम प्वाइंट थे, जिनसे उन्हें 4-3 की अहम बढ़त मिल सकती थी। हालांकि, लगातार दर्द और क्रैम्प्स ने उनकी मूवमेंट को प्रभावित किया, जिससे अमेरिकी खिलाड़ी को मैच पर पकड़ बनाने और जीत हासिल करने का मौका मिल गया।

### सृष्टि का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

*सृष्टि ने सेमीफाइनल में इस हफ्ते का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यूएसए की दूसरी सीड फिलिपा डेलगाडो को 6-2, 6-1 से हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की। सृष्टि पिछले हफ्ते अपनी करियर की बेहतरीन जूनियर रैंकिंग 461 पर पहुंची थीं और हाल ही में उपविजेता रहने के बाद उनकी रैंकिंग में और सुधार होने की उम्मीद है।*



### टूर्नामेंट मेरे लिए बहुत खास: सृष्टि

खिताबी मैच के बाद सृष्टि ने कहा, यह टूर्नामेंट मेरे लिए बहुत खास रहा है। फाइनल तक पहुंचना और कुछ बहुत मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना, इससे मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। बेशक, मैं टाइटल न जीत पाने से निराश हूं, लेकिन इस हफ्ते से मुझे कई अच्छी बातें सीखने को मिली हैं।

### हार के बावजूद सृष्टि की अहम उपलब्धि

हार के बावजूद, यह टूर्नामेंट सृष्टि के लिए एक और अहम उपलब्धि रहा, जो लगातार पांच आईटीएफ जूनियर खिताब जीतने के शानदार सफर के बाद ग्वाटेमाला पहुंची थीं। फाइनल तक पहुंचने के इस युवा खिलाड़ी के सफर में सीडेड प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कई शानदार जीत शामिल रहीं। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत पहले दौर में मेजबान शहर की काटिया मारिया पेमुएलर पर 6-1, 6-0 की दमदार जीत के साथ की। प्री-क्वार्टर फाइनल में सातवीं सीड सारा स्टोयानोव को 6-1, 7-6 (1) से हराया, जिसके बाद क्वार्टर फाइनल के कड़े मुकाबले में मैक्सिको की चौथी सीड हेन एस्ट्राडा कॉर्टेस को 6-4, 4-6, 6-2 से मात दी।




## खबर संक्षेप

### सुरक्षाबलों ने संदिग्ध ठिकाने पर की फायरिंग



**राजौरी।** जिले के गंभीर मुगला क्षेत्र के डोरिमल गंभीर मुगला के जंगलों में आतंकवादियों की मौजूदगी की आशंका के बीच सुरक्षा बलों का संयुक्त तलाशी अभियान लगातार 16वें दिन भी जारी रहा। सुरक्षाबलों ने शनिवार को भी जंगलों को खंगाला और एक संदिग्ध ठिकाने पर गोलीबारी भी की। सूत्रों के अनुसार, अभियान के दौरान सेना ने संदिग्ध गतिविधियों वाले एक स्थान पर एहतियातन फायरिंग के बाद दूसरी ओर से कोई जवाबी फायरिंग नहीं हुई। आतंकियों की तलाश जारी है।

### बदरीनाथ से लौट रही कार और टेंपो की भिड़ंत



**कर्णप्रयाग।** बदरीनाथ हाईवे पर कालेश्वर में एक कार की टेम्पो ट्रैवलर से भिड़ंत हो गई। वाहनों की भिड़ंत से मौके पर हड़कंप मच गया। लेकिन गनीमत रही कि इस दौरान किसी को भी चोट नहीं लगी। जानकारी के अनुसार, बदरीनाथ से लौट रही कार अचानक से अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे टेम्पो ट्रैवलर से टकरा गई। भिड़ंत के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और सभी लोगों को बाहर निकाला। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस दौरान कुछ देर तक यातायात भी प्रभावित रहा।

### मूल्य स्थिरीकरण कोष का फैसला स्वागत योग्य



**रियो डी जेनेरियो।** अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) ने भारत सरकार द्वारा विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतें स्थिर रखने के लिए 10,000 करोड़ रुपए का कोष बनाने के निर्णय की सराहना की है। आईएटीए के निदेशक (एनर्जी ट्रांजिशन) हेमंत मिस्त्री ने कहा कि बढ़ती ईंधन लागत से निपटने के लिए यह एक बेहतरीन समाधान है, जिससे एयरलाइन कंपनियों के लिए दरों की अनिश्चितता कम होगी।

## एनएसए डोभाल से भी मिले नेपाल के विदेश मंत्री

# जयशंकर से मिलते ही बदले नेपाल के सुर भारत को बताया अपना रणनीतिक साझेदार

◂ दोनों पक्ष संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने पर सहमत

◂ ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति से लेकर खेल पर भी चर्चा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नेपाल के अपने समकक्ष शिशिर खनल के साथ बैठक की। इस दौरान कहा कि भारत और नेपाल के बीच विशेष संबंध हैं। इन संबंधों की पूरी क्षमता का लाभ उठाने के लिए आपसी जुड़ाव को निर्णायक रूप से आगे बढ़ाने का अवसर है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने विकास सहयोग, संपर्क, व्यापार और पारगमन, ऊर्जा और लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करते हुए संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प जताया। हालांकि, उनकी यह यात्रा नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह की ओर से दोनों देशों के बीच सीमा विवाद पर हाल में की गई टिप्पणियों से उपजे विवाद के बाद हुई हुई।

द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए विदेश मंत्री ने दोनों देशों की पारस्परिक समृद्धि, प्रगति और कल्याण के लिए नेपाल के साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावना को दोहराया।



उत्साह के साथ हुई मुलाकात

### भारत के साथ संबंधों को पहली प्राथमिकता: नेपाल

बैठक में खनल ने कहा कि नेपाल भारत के साथ अपने संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और बालेन शाह के नेतृत्व वाली सरकार नई दिल्ली के साथ ठोस और सार्थक बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हम पुरानी बातों का बोझ नहीं उठाते और अपने करीबी पड़ोसी और सबसे महत्वपूर्ण साझेदार के साथ वास्तव में परिवर्तनकारी संबंध बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। क्षेत्र में अपने समग्र रणनीतिक हितों के संदर्भ में नेपाल भारत के लिए महत्वपूर्ण है और दोनों देशों के नेताओं ने सदियों पुराने रोटी-बेटी के संबंधों का अक्सर उल्लेख किया है।

### भारत-नेपाल के बीच यूपीआई लिंक लॉन्च

*दोनों देशों के समकक्षों के साथ हुई बैठक के दौरान भारत और नेपाल के बीच यूपीआई और नेपाल के नेशनल पेमेंट सिस्टम को जोड़ा गया। इससे दोनों देशों के लोगों के लिए सीमा पार पैसा भेजना आसान होगा।*

### भारत ने नेपाल को 84 प्रोजेक्ट सौंपे

विदेश मंत्री जयशंकर ने 2015 के भूकंप के बाद पुनर्निर्माण कार्यक्रम के तहत नेपाल को 72 स्वास्थ्य सुविधाएं और 12 सांस्कृतिक विरासत परियोजनाएं सहित कुल 84 परियोजनाएं वर्चुअली सौंपीं। मीटिंग के बाद विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनल के साथ अच्छी मीटिंग के बाद, 2015 के भूकंप के बाद रिकंस्ट्रक्शन प्रोग्राम के तहत 72 स्वास्थ्य सुविधाओं और 12 कल्चरल हेरिटेज प्रोजेक्ट वर्चुअली सौंपे गए। उन्होंने कहा, क्रॉस-बॉर्डर पर्सनल रेमिटेंस को आसान बनाने के लिए यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) भारत और नेशनल पेमेंट्स इंटरफेस ऑफ नेपाल के बीच मिलकर लिंकेज लॉन्च किया गया। दोनों नेताओं ने नेपाल के लिए 'वॉयस फर्स्ट' लैंग्वेज ट्रांसलेशन प्लेटफॉर्म के लिए नेशनल डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलकर बनाने के लिए डिजिटल इंडिया भाषानी और काठमांडू यूनिवर्सिटी के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) एक्सचेंज किया।

### डील पर लगी मुहर

मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और नवोन्मेष, स्टार्टअप, डिजिटल, वित्तीय प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की हाल की पहलों का स्वागत किया। उसने कहा कि मंत्रियों ने बहुआयामी भारत-नेपाल साझेदारी को और मजबूत करने के प्रयास तेज करने तथा इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने पर सहमति जताई। उन्होंने आपसी हित के क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने खनाल के साथ अपनी बातचीत को सार्थक बताया और कहा कि अनूठी भारत-नेपाल साझेदारी पर विस्तृत चर्चा में विकास को लेकर सहयोग, संपर्क, ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण, संस्कृति और खेल शामिल रहे। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि हमारे लोगों की पारस्परिक प्रगति, समृद्धि और कल्याण के लिए नेपाल के साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।

## अमेरिकी अभियानों पर रख रहे थे नजर

# होर्मुज में फिर बढ़ा तनावः यूएस ने मार गिराए ईरान के कई ड्रोन

पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी पहुंचे तेहरान



एजेंसी ▸▸ तेहरान

अमेरिकी सेना ने रविवार सुबह ईरान के दो हमलावर ड्रोन को मार गिराया है। मध्य पूर्व में अमेरिकी अभियानों की निगरानी रखने वाले अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इसकी जानकारी दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सेंट्रल कमांड ने बताया कि मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी सेना ने इन वन वे अटैक ड्रोन को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।

इसमें कहा गया कि ये ड्रोन रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। सेंट्रल कमांड ने अपने बयान में कहा, रविवार सुबह, मध्य पूर्व में अमेरिकी सेना ने ईरान के दो वन वे अटैक ड्रोन को मार गिराया, जिनसे होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतरराष्ट्रीय समुद्री यातायात को खतरा था। बयान में आगे गया कि अमेरिकी सेना आई अलर्ट पर है और इलाके में आगे के खतरों का सामना करने के लिए तैयार है। ईरानी ड्रोन को ऐसे समय में निशाना बनाया गया है, जब पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी तेहरान पहुंचे हैं।

### ईरान का कुवैत और बहरीन पर हमला

*इसके बाद अमेरिकी सेना ने ईरान के ठिकानों पर मिसाइलें दागीं जिसके जवाब में तेहरान ने कुवैत और बहरीन पर हमले किए। शनिवार को कुवैत और बहरीन दोनों ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों को रोकने की घोषणा की। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दक्षिणी ईरान में केशम द्वीप और सिरिक काउंटी पर पहले हुए अमेरिकी हमलों के बदले में कुवैत में अली अल सलेम एयर बेस और बहरीन में अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट हेडक्वार्टर पर हमला करने की पुष्टि की।*

### पाक के गृह मंत्री का तीसरा दौरा


अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने के लिए पाकिस्तान की कूटनीतिक कोशिश कर रहा है। हाल के सप्ताह में नकवी का ईरान का यह तीसरा दौरा है। इस बीच अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बावजूद टकराव की घटनाएं हुई हैं। इसके पहले शनिवार को अमेरिकी सेना ने ईरान की तरफ से दागी गई छह मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराने का दावा किया था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया पर बताया कि ईरान ने कुवैत और बहरीन की ओर सात बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनमें से छह को अमेरिकी सेना ने रोक लिया। जबकि सातवीं मिसाइल अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई। सेना ने कहा कि अमेरिकी कर्मियों को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंची है।

ट्रंप की टेक टीम को बड़ा झटका

# व्हाइट हाउस के एआई सलाहकार श्रीराम कृष्णन ने दे दिया इस्तीफा!

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

व्हाइट हाउस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नीति के प्रमुख सलाहकार रहे भारतीय मूल के श्रीराम कृष्णन जून के अंत में अपना पद छोड़ देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकाल में एआई रणनीति तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले कृष्णन ने खुद सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब वह अमेरिका के सामने एआई से जुड़े बड़े मुद्दों पर नए स्तर पर काम करेंगे। उनके इस्तीफे को ट्रंप प्रशासन की टेक नीति के लिए बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है। श्रीराम



कृष्णन ने कहा कि व्हाइट हाउस में काम करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा। उन्होंने कहा कि वह जून के आखिर में अपना पद छोड़ देंगे और कुछ समय के ब्रेक के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के लिए एआई से जुड़े बड़े संस्थागत काम करेंगे।

### एआई के एक्शन प्लान में रही बड़ी भूमिका

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व के बिना अमेरिका एआई की वैश्विक दौड़ में आगे नहीं होता। कृष्णन ने अपने 18 महीने के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिकी एआई एक्शन प्लान तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही उन्होंने एआई एक्सेलेरेशन पार्टनरशिप, राष्ट्रीय एआई नीति फ्रेमवर्क और एआई से जुड़े कई अंतरराष्ट्रीय समझौतों पर काम किया।

### लॉरेंस गैंग ने ली पुर्तगाल में 'गोलीबारी' की जिम्मेदारी

**लिस्बन।** लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने पुर्तगाल में रह रहे भारतीय नागरिकों को निशाना बनाकर हाल ही में हुई गोलीबारी की दो घटनाओं की जिम्मेदारी ली है।



सोशल मीडिया पर पर तेजी से वायरल हो रही एक पोस्ट में, खुद को कुख्यात सुनील मीणा गैंग का सदस्य राहुल आरके मीणा बताने वाले एक व्यक्ति ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाले अपराधी समूहों के गठबंधन की ओर से इन सुनियोजित हमलों की जिम्मेदारी ली। इस पोस्ट में पुर्तगाल के विला नोवा डी मिलफोंट्स में गुरप्रीत सिंह गिल के घर पर हाल ही हुई गोलीबारी और पुर्तगाल के सिंट्र में गुरदीप सिंह नाम के एक अन्य व्यक्ति पर 6 मई को हुए हमले का जिक्र है।

### अमेरिका के फिलाडेल्फिया में भारतीय युवक की हत्या, पिज्जा डिलीवरी के बाद अंशुल को मारी गोली



**नई दिल्ली।** तेलंगाना के एक 28 साल के भारतीय व्यक्ति की फिलाडेल्फिया में पिज्जा डिलीवर करने के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना कथित तौर पर एक फर्जी ऑर्डर के कारण हुई। मृतक अमेरिका में पार्ट-टाइम पिज्जा डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के तौर पर काम कर रहा था। पीड़ित की पहचान अंशुल कुंचा के तौर पर हुई है। वह एक मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी करता था और अतिरिक्त कमाई के लिए वीकेंड पर पिज्जा डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के तौर पर पार्ट-टाइम काम करता था।

## सबसे जोखिम भरे मिशन पर हैं तैनात

हजारों महिलाओं और लड़कियों से जुड़कर उन्हें कौशल प्रशिक्षण दिया

# मेजर अभिलाषा बराक को यूएन जेंडर एडवोकेट अवॉर्ड, पीएम ने दी बधाई

मेजर बराक भारत की तीसरी महिला अधिकारी हैं, जिन्हें यह अवॉर्ड मिला | शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों का लाभ दिलाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय सेना की मेजर अभिलाषा बराक को वर्ष 2025 के प्रतिष्ठित 'संयुक्त राष्ट्र मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उनकी 'उत्कृष्ट सेवा' की सराहना की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि मेजर बराक का यह सम्मान संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में भारत के लंबे योगदान को दर्शाता है।



### सपनों का कोई जेंडर नहीं होता: मेजर अभिलाषा

सम्मान मिलने पर मेजर बराक ने कहा, सपनों का कोई जेंडर नहीं होता, और न ही नेतृत्व, साहस या मानवता की सेवा करने की इच्छा शक्ति का कोई जेंडर होता है। बता दें कि भारतीय सेना की पहली महिला कॉम्बैट हेलीकॉप्टर पायलट मेजर बराक यह सम्मान पाने वाली तीसरी भारतीय महिला सैन्य अधिकारी हैं।

### क्या होता है यूएन मिलिट्री जेंडर

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के शांति मिशनों में एक बेहद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी या पद होता है। इसका सीधा संबंध युद्ध या संघर्ष वाले इलाकों में लैंगिक समानता और महिलाओं की सुरक्षा व भागीदारी को बढ़ावा देने से है। इनका मुख्य काम युद्ध या दंगों के दौरान महिलाएं और बच्चियां सबसे ज्यादा असुरक्षित होती हैं। उनके खिलाफ होने वाली हिंसा और उत्पीड़न को रोकना होता है और स्थानीय महिलाओं से बात करना, उनकी समस्याओं को समझना और उन्हें सुरक्षा व्यवस्था व विकास से जोड़ना है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109